सुप्रभात
रांची, बुधवार
20.03.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, एकादशी संवत 208 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11. अंक : 247 12

29 को रिलीज होगी फिल्म महादेव का गोरखपुर

इफ्तार : शाम 5.56(20 मार्च)
सेहरी : भोर 4.44 (21 मार्च)




## झामुमो को बड़ा झटका : गुरुजी को भेजा पार्टी से इस्तीफा पत्र, विधायकी भी छोड़ी

# भाजपा में गयीं सीता, कहा- मोदी ही झारखंड बचा सकते हैं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अपनी पार्टी नीतियों से खफा सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन ने भाजपा का दामन थाम लिया है। दिल्ली में मंगलवार को उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की पुत्रवधू और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन दुमका के जामा विधानसभा से लगातार तीन बार विधायक रही हैं। जामा के पूर्व विधायक स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी ने सीता सोरेन ने भाजपा में जाने से पहले झामुमो से इस्तीफा दे दिया था। बाद में उन्होंने पार्टी के विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया। उनकी बेटियों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर सीता सोरेन ने कहा कि आज हमने एक विशाल परिवार को छोड़ दिया। अब आगे की पारी में पीएम मोदी के मार्गदर्शन में देश को आगे बढ़ाने का काम करेंगी। (शेष 11 पर)




**विकसित झारखंड, सपना ही रह गया**

सीता सोरेन ने कहा, झारखंड अलग राज्य के लिए गुरु जी के साथ उनके पति (स्व. दुर्गा सोरेन) ने विकसित झारखंड का सपना देखा था। वह कहीं ना कहीं यह काफी पीछे छूट गया, दुर्गा सोरेन का सपना, सपना ही रह गया। पति के सपनों को पूरा करने के लिए वह राजनीति में आयीं। तीन बार जामा से विधायक बनी, पर हर बार निराशा हाथ लगी, हम जो चाहते थे काम करना, वह काम पूरा नहीं होता था। हमें हमेशा निराशा ही हाथ लगी। झारखंड के युवा नौकरी के लिए पलायन करने को मजबूर है।

**गुरुजी को दिये पत्र में कहा :** सीता सोरेन ने पार्टी प्रमुख और ससुर शिबू सोरेन को भेजे इस्तीफे में कहा वह भारी मन से पार्टी छोड़ रही हैं। उन्होंने लगातार अपनी उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मेरे पति ने भी अपने त्याग, समपर्ण और नेतृत्व क्षमता के बल पर एक महान पार्टी बनायी थी। आज वह पार्टी नहीं रही, मुझे यह देख कर गहरा दु:ख होता है कि पार्टी अब उन लोगों के हाथों में चली गयी है, जिनके दृष्टिकोण और उद्देश्य हमारे मूल्यों और आदर्शो से मेल नहीं खाते। साथ ही शिबू सोरेन (गुरुजी बाबा के) अथक प्रयासों के बावजूद जिन्होंने हम सभी को एकजुट रखने के लिए कठिन परिश्रम किया। अफसोस कि उनके प्रयास भी विफल रहे। मुझे हाल ही में यह जानकारी हुई कि मेरे और मेरे परिवार के खिलाफ भी एक गहरी साजिश रची जा रही है। मैं अत्यन्त दु:खी हूं। मैंने यह दृढ़ निश्चय किया कि मुझे अब जेएमएम परिवार को छोड़ना होगा। अत: मैं अपनी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहीं हूं। आप से निवेदन करती हूं कि मेरे इस्तीफे को स्वीकार किया जाये।

### पीएम मोदी का कार्य देख लिया फैसला

सीता सोरेन ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में लगातार विकास पथ पर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के कामों को देखते हुए उन्होंने मन बनाया की अब भाजपा में ही आगे देश का भविष्य है। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव काफी नजदीक है, घोषणा हो चुकी है। पूरे देश से खबर है कि भाजपा ही फिर से सत्ता में काबिज होगी। सीता ने कहा कि मैंने भी काफी संघर्ष झारखंड में किया है। झामुमो में 14 साल बिताया है, लेकिन जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। सीता सोरेन ने अपने इस्तीफा पत्र लिखकर पहले शिबू सोरेन को भेजा। बाद में विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर विधायकी से इस्तीफा दिया। सभी इस्तीफा सीता ने मेल के माध्यम से दिया है।

### सीता सोरेन बोलीं, झारखंड की सभी सीटों पर कमल खिलेगा

सीता ने कहा कि झारखंड को झुकायेगें नहीं, बल्कि झारखंड को बचायेंगे। भाजपा ही झारखंड को बचा सकतू है। मोदी जी के मार्गदर्शन में अब आगे का काम करेंगे। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 14 सीटों पर कमल खिलायेगी। जनता कह रही है कि बदलाव कैसे हो, यही कारण है कि वह बदलाव के पद पर आगे बढ़ते हैं। झारखंड विकास से आज भी कोसों दूर है, इसी मकसद को देखते हुए अब मोदी जी के महापरिवार में शामिल हुए हैं।

## न्यूज डायरी

### वंदना दादेल फिर गृह सचिव बनायी गयीं



**रांची।** वरिष्ठ आइएएस अधिकारी वंदना डाडेल झारखंड की नयी गृह सचिव बनायी गयी हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अरवा राजकमल की जगह इन्हें नियुक्त किया गया है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

### चतरा में सीबीआइ का छापा, दो गिरफ्तार

**रांची।** चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र स्थित आम्रपाली कोल परियोजना में सीबीआइ की एसीबी टीम ने परियोजना में कार्यरत सीसीएल के ओवरसियर रामभजु और दलाल अशोक राम को 25 हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

### दुमका पेट्रोल हत्याकांड में दो दोषी करार, सजा 28 को

**दुमका।** चर्चित पेट्रोल हत्याकांड में अभियुक्त शारूख हुसैन एवं नईम अंसारी उर्फ छोटू दोषी सिद्ध पाया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम रमेश चंद्रा की कोर्ट में सजा के बिन्दु पर 28 मार्च को सुनवाई होगी। घटना 23 अगस्त, 2022 को नगर थाना क्षेत्र के जरुवाडीह की है। युवती पर पेट्रोल डालकर मारने का प्रयास किया था। इलाज के दौरान पीड़िता की 27 अगस्त को रांची में मौत हो गयी थी। न्यायालय ने दोनों आरोपितों को हत्या एवं हत्या का साजिश करने का दोषी पाया। सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से न्यायालय के समक्ष अभियुक्तों की पेशी हुई।

### नाराज पारस ने मोदी कैबिनेट से दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** लोजपा प्रमुख पशुपति नाथ पारस ने मंगलवार को कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। एनडीए के बिहार में हुए सीट बंटवारे के बाद से वो नाराज चल रहे थे। उन्हें एक भी सीट नहीं मिली थी। वहीं उनके भतीजे को पांच सीटें दी गयी हैं। पारस ने कहा, हमारी पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई है। हमने ईमानदारी से एनडीए की सेवा की है।

### यूपीएससी प्रीलिम्स की तारीख बदली

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को ले कर यूपीएससी ने सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन 2024 की तारीख में बदलाव कर दिया है। पहले यह एग्जाम 26 मई 2024 को होना था, अब इन्हें 16 जून को कराया जायेगा। अप्रैल से जून 2024 तक देश में 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव होंगे। ऐसे में इस एग्जाम को टालने का फैसला लिया गया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 61500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# जानबूझकर हिंदू आस्था को ठेस पहुंचाते हैं इंडी नेता : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की शक्ति' वाली टिप्पणी को लेकर इंडिया' गठबंधन पर हमला जारी रखते हुए मंगलवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन ने इसे नष्ट करने की घोषणा कर अपने बुरे इरादे' का प्रदर्शन किया है। मोदी ने तमिलनाडू में भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और द्रमुक बार-बार हिंदुत्व का अपमान करते हैं, लेकिन किसी अन्य धर्म को निशाना नहीं बनाते। कांग्रेस और द्रमुक विपक्षी इंडिया' गठबंधन के अहम घटक हैं। पीएम ने कहा कि इंडिया' गठबंधन के लोग जानबूझकर हिंदू आस्था का अपमान करते हैं और इसके खिलाफ उनके द्वारा हर बयान सोच-समझकर दिया जाता है। उन्होंने कहा, इंडी' अलायंस वाले लोग बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। किसी दूसरे धर्म का अपमान द्रमुक और कांग्रेस का इंडी अलायंस नहीं करता। अन्य किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता। पर हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते। उन्होंने नारी शक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में शक्ति का अर्थ है मातृ शक्ति और नारी शक्ति।



### जनता इनलोगों को सजा देगी

कांग्रेस और द्रमुक वाले इंडिया गठबंधन का कहना है कि वे इसे नष्ट कर देंगे। पीएम ने कहा कि शक्ति का अर्थ मरियमन, मदुरै मीनाक्षीअम्मन और कांची कामाक्षीअम्मा जैसे राज्य के विभिन्न देवी-देवताओं से संबंधित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कवि सुब्रमण्यम भारती ने भारत माता को शक्ति' के रूप में पूजा है। उन्होंने कहा, तमिलनाडु उन्हें सजा देगा, जो शक्ति का नाश करने की बात करते हैं। मैं शक्ति उपासक हूं।

# सुप्रीम कोर्ट ने सीएए पर रोक की मांग वाली याचिका ठुकरायी

## केंद्र सरकार को नोटिस, अगली सुनवाई नौ अप्रैल को

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)- 2019 और नागरिक संशोधन नियम- 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर मंगलवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्र सरकार को जबाव देने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, फिलहाल सीएए कानून के अमल पर रोक नहीं लगा रहे हैं, पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पीठ ने सीएए अधिनियम और नियमों के तहत नागरिकता देने से केंद्र सरकार को रोकने का निर्देश देने की याचिकाकर्ताओं की गुहार ठुकराते हुए कहा, हम कोई प्रथम दृष्टया विचार व्यक्त नहीं कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने हालांकि, केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके उसे अपना पक्ष तीन सप्ताह के भीतर रखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए जबाव के लिए चार सप्ताह का समय देने की गुहार लगायी। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा, दो सौ 37 याचिकाएं हैं। सीएए पर रोक लगाने की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। अधिनियम (सीएए) किसी की नागरिकता नहीं छीनता है। याचिकाकर्ताओं के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है। दूसरी ओर, याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, इंदिरा जयसिंह और विजय हंसारिया ने चार सप्ताह का समय देने की केंद्र के अनुरोध का विरोध किया। अधिवक्ताओं ने पीठ से बार -बार अनुरोध किया कि कहा कि वह सॉलीसीटर जनरल श्री मेहता से बयान देने को कहें कि याचिकाओं पर फैसला होने तक किसी को नागरिकता नहीं दी जायेगी, क्योंकि एक बार नागरिकता मिलने के बाद पूरी प्रक्रिया अपरिवर्तनीय हो जाएगी और मामला निरर्थक हो जायेगा। इस पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा, 'मैं कोई बयान नहीं देने जा रहा हूं। पीठ के समक्ष दलील देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल और जयसिंह ने कहा कि पहले जब शीर्ष अदालत ने 22 जनवरी 2020 को मामले में केंद्र को नोटिस जारी किया था तो उसने रोक के सवाल पर विचार नहीं किया था, क्योंकि तब तक सीएए संबंधी कोई नियम अधिसूचित नहीं किया गया था। श्री सिब्बल ने कहा, चार साल बाद 11 मार्च को अधिसूचना जारी की गयी। अगर किसी को नागरिकता मिलती है तो वह अपरिवर्तनीय होगी। आप इसे वापस नहीं ले सकते। यह निष्फल हो जायेगी। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता जयसिंह ने भी कहा कि जब तक अदालत इस मामले की सुनवाई नहीं कर लेती तब तक सीएए पर रोक लगायी जानी चाहिए। सीएए में उन व्यक्तियों को नागरिकता देने का प्रस्ताव है, जो अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान देशों के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई समुदाय के अवैध प्रवासी हैं और 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश किया था।

### प्रमोशन में आरक्षण पर कोर्ट ने लगायी रोक

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण के खिलाफ दायर एक मामले में मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा है कि प्रमोशन में आरक्षण झारखंड सरकार अभी नहीं दे सकती है, जब तक की झारखंड सरकार सुप्रीमकोर्ट के जरनैल सिंह जजमेंट 1, 2 एवं एम नागराज के केस में दिये गये दिशा-निर्देश के आलोक में नयी नियमावली नहीं बनाती। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि झारखंड सरकार का 31 मार्च 2003 का संकल्प गलत है। क्योंकि इसमें सुप्रीम कोर्ट के एम नागराज जजमेंट एवं जरनैल सिंह जजमेंट में जो गाइडलाइन दिया गया था उसका पालन नहीं किया गया है। अदालत ने 2003 से लंबित इस याचिका को मंगलवार को निष्पादित कर दिया। अपने फैसले में अदालत ने कहा है कि झारखंड सरकार का 31 मार्च 2003 का संकल्प अभी प्रभावी नहीं होगा।

## हटिया डीएसपी से इडी ने की लंबी पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इडी ने मंगलवार को हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा से लंबी पूछताछ की। उन पर साहिबगंज में अपने पदस्थापन के दौरान बरहरवा टोल प्लाजा विवाद मे दर्ज प्राथमिकी का सुपरविजन 24 घंटे में करने का आरोप है। सुपरविजन में पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम को निर्दोष करार दिया था। इस विवाद में दर्ज प्राथमिकी के जांच अधिकारी पूछताछ के दौरान इडी के समक्ष यह स्वीकार कर चुके हैं कि जांच निष्पक्ष तरीके से नहीं की गयी। प्रमोद मिश्रा से इस मामले में पूर्व में भी पूछताछ हो चुकी है।

डीएसपी पर पंकज मिश्रा से न्यायिक हिरासत की अवधि में गलत तरीके से मिलने का भी आरोप लगा है। वहीं बरियातू रोड स्थित बर्लिन अस्पताल के जमीन मामले में प्रीति कुमार से ईडी 20 मार्च पूछताछ करेगी। 12 जनवरी को भी उनसे पूछताछ की थी। इडी ने जमीन घोटाले की जांच के दौरान राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप के घर पर छापेमारी की थी। उस दौरान बक्से में जमीन के दस्तावेज मिले थे। इसी मामले की जांच के दौरान बरियातू फायरिंग रेंज के पास की आठ एकड़ जमीन और बर्लिन अस्पताल की जमीन की भी जानकारी मिली थी।

**आज प्रीति कुमार का बुलावा**

## झामुमो छोड़नेवालों को संथाल ने हमेशा नकारा है

सुधीर

**रांची।** संथाल परगाना झामुमो का गढ़ रहा है। यहां सिर्फ दिशोम गुरु शिबू सोरेन (गुरुजी) का नाम बिकता है। गुरुजी के नाम से ही लोग वोट करते हैं। यही कारण है कि गुरुजी के कई करीबियों ने उनका साथ छोड़ा और अन्य दलों से जाकर अपना भाग्य आजमाया, लेकिन किसी भी राजनेता ने इस चुनावी दंगल में जीत का स्वाद नहीं चखा। उनमें भी एक खराब रिकॉर्ड यह रहा है कि कि जिसने भी भाजपा का दामन थामा, उसे जीत नहीं मिली। हार का सामना करना पड़ा। संथाल पर अगर एक नजर दौड़ायें तो झामुमो छोड़ने वालों में सबसे बड़ा नाम सूरज मंडल का है। इनके अलावा साइमन मरांडी, हेमलाल मुर्मू और स्टीफेन मरांडी ने भी झामुमो छोड़ दूसरे दल में गये और हार का मुंह देखा। मंगलवार को इनमें एक नया नाम गुरुजी शिबू सोरेन के घर की बड़ी बहू सीता सोरेन का भी जुड़ गया है। सीता ने भी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा का दामन थाम लिया है और झारखंड में कमल खिलाने का दावा कर रही हैं।

### सूरज नें छोड़ा था झामुमो का हाथ

झारखंड को राजनीति में एक समय सूरज मंडल का बड़ा नाम रहा है। ये भी कभी शिबू सोरेन के राइट हैंड हुआ करते थे। गुरुजी के बाद नंबर दो की हैसियत रखते थे। वह पहली बार पोड़ैयाहाट से विधायक बने और 1994 में गोड्डा लोकसभा सांसद। इससे पूर्व झारखंड स्वायत्तशासी परिषद के उपाध्यक्ष भी रहे। लेकिन धीरे-धीरे उनकी पकड़ पार्टी पर मजबूत होता देख उन्हें झामुमो ने निष्काषित कर दिया गया। फिर उन्होंने अपनी पार्टी झारखंड विकास दल बनाया और चुनाव लड़ा, लेकिन असफल रहे और लगभग 7 साल से भाजपा में है। चर्चा थी कि उन्हें गोड्डा से चुनाव लड़ाया जाएगा, लेकिन आज वे राजनीतिक रूप से हाशिये पर हैं।

### साइमन मरांडी की कभी झामुमो में थी अच्छी पकड़

साइमन मरांडी भी गुरुजी शिबू सोरेन के काफी करीबी लोगों में गिने जाते रहे थे। वे राजमहल से झामुमो के टिकट पर सांसद भी रहे। वहीं, वे लिट्टीपाड़ा से विधायक भी रहे। उनकी पत्नी सुशीला हांसदा भी कई बार विधायक रहीं, लेकिन टिकट को लेकर झामुमो से नाराजगी हुई और फिर वे भाजपा में चले गये। 2014 में वे भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन झामुमो के डॉ अनिल मुर्मू से हार गये। अनिल मुर्मू के आकस्मिक निधन के बाद 2017 में वे फिर झामुमो में आये और पार्टी टिकट पर फिर से जीते। (शेष 11 पर)

## होली आते ही बढ़ जाती है हर्बल रंग, गुलाल और अबीर की मांग

# झारखंड में बड़ी मात्रा में तैयार होता हर्बल रंग और गुलाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** होली का त्योहार नजदीक आ गया है। होली के दौरान रंग अबीर गुलाल का खास महत्व होता है। बदलते वक्त के साथ लोग केमिकल रंग की जगह हर्बल रंग के इस्तेमाल को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। यही वजह है कि बाजार में हर्बल अबीर गुलाल और रंग की मांग बढ़ गयी है। झारखंड में पलाश के फूल, गुलाब, पालक, नीम के पत्ते से हर्बल रंग और गुलाल तैयार करने की पुरानी परंपरा है।और रंग की मांग बढ़ गयी है। झारखंड में पलाश के फूल, गुलाब, पालक, नीम के पत्ते से हर्बल रंग और गुलाल तैयार करने की पुरानी परंपरा है। (शेष 11 पर)

### ऐसे तैयार होता है हर्बल रंग और गुलाल

हर्बल अबीर, गुलाल को तैयार करने में रंग के हिसाब से अलग-अलग सामग्री की जरूरत पड़ती है। इसमें पलाश का फूल, रंग के हिसाब से गेंदा का फूल, चुकंदर, पालक, नीम के पत्ते, आरारोट, टेलकम पाउडर, गुलाब की जरूरत होती है। अगर 500 ग्राम गुलाबी रंग का अबीर गुलाल तैयार करना है तो 150 ग्राम पलाश के फूल, 250 ग्राम आरारोट, टेलकम 250 ग्राम, 200 ग्राम चुकंदर, 100 ग्राम गुलाब के फूल, 50 ग्राम नीम के पत्तों की जरूरत होती है। सबसे पहले पलाश के फूल को सुखा लिया जाता है। इससे बाद इसके काले पंखुड़ियों को निकाल दिया जाता है। पलाश के फूल अगर सूखे नहीं हैं तो उसे उबालने के बाद पानी को निकाल लिया जाता है। इसमें चुकंदर के छोटे टुकड़े को मिक्स कर दिया जाता है। इसी दौरान पानी को उबाला जाता है और फिर उसमें पहले आरारोट, टेलकम पाउडर, पलाश के फूल (अगर सूखा हुआ नही है तो उसका पानी), सुखे गुलाब के फूल के पत्ते और नीम के पत्तों को मिला दिया जाता है। फिर इसे मशीन में मिला दिया जाता है। बाद में सभी को गर्म पानी मे आपस मे मिलाकर सूखने के लिए छोड़ दिया जाता है। पीले रंग के अबीर, गुलाल बनाने के लिए चुकंदर की जगह गेंदा फूल का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, हरे रंग के लिए चुकंदर, गेंदा फूल की जगह पालक का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, रंग तैयार करने के लिए आरारोट और टेलकम पाउडर की मात्रा बेहद ही कम लगाई जाती है। उसमें रंग के हिसाब से चुकंदर, पालक, गेंदा के फूल की मात्रा अधिक होती है। 100 ग्राम रंग बनाने के लिए 100 ग्राम पलाश के फूल, 50 ग्राम चुकंदर/पालक/गेंदा फूल/, 10 ग्राम से हिसाब से टेलकम पाउडर और आरारोट आदि का इस्तेमाल किया जाता है।



## हैरान हैं हम सभी, भाजपा में जाने का फैसला जल्दबाजी वाला : महुआ माजी



**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले झामुमो को बड़ा झटका लगा है। सीता सोरेन ने झामुमो के बाद विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा देकर मंगलवार को नई दिल्ली में बीजेपी का दामन थाम लिया। झामुमो से राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा है कि पार्टी संकट के दौर से गुजर रही है। इस बीच उन्होंने ऐसा निर्णय क्यों लिया, इसकी उन्हें अधिक जानकारी नहीं है। महुआ माजी ने कहा कि सीता सोरेन के इस्तीफे की खबर सुनकर हम सब हैरान हैं। यह हमारी पार्टी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे फैसले जल्दबाजी वाले होते हैं।


### आम सूचना

झारखंड भवन उपविधि 2016 यथा संशोधित की धारा 61.16 में ग्रुप हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत अनिवार्य प्रावधान के अंतर्गत **"पर्ल आर्किड"** अरगोड़ा कठहल मोड़ रोड, राँची में EWS/LIG प्रकार के निर्मित फ्लैट्स के आबंटन/बिक्री हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त EWS/LIG प्रकार के निर्मित फ्लैट्स का आबंटन/बिक्री नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार के गाइड लाइन के नियमानुसार किया जाएगा।

निवेदक
मोती इन्फ्रास्ट्रचर्स
अरगोड़ा, कठहल मोड़ रोड, राँची
फोन नं. 9430737562

### BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING),
KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

O.A. No. 43 of 2023

BETWEEN
BANK OF INDIA, TANDWA BR., CHATRA ....APPLICANT BANK
VS.
DEEPAK KUMAR ....DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | DEEPAK KUMAR S/O LATE BHIRGU NARAYAN PANDEY @ LATE BHIRGU NANDAN PANDEY | R/O VILLAGE - KHAPIYA, P.O. - KEREDARI, P.S. - KEREDARI, KEREDARI, DIST. - HAZARIBAGH - 825311 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 25,56,196.00/- (Rupees Twenty Five Lakhs Fifty Six Thousand One Hundred Ninety Six Only) together with current and future interest, cost for other reliefs.** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 10th day of May, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **4th day of March, 2024.**

D.K. MAHATO
REGISTRAR

### कार्यालय नगर परिषद रामगढ

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ नगर परिषद् के द्वारा निकाले गए निविदा संख्या NIT/RGH/NP/04/2023-24 (3rd CALL) जिसका PR 322832 District (23-24).D अपरिहार्य करणों से स्थगित किया जाता है।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी
PR 323120 District (23-24)_D नगर परिषद रामगढ़

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
ई–मेल :– eebcdlohardaga-jhr@nic.in

पत्रांक. ............ लोहरदगा, दिनांक. ..................

**शुद्धि पत्र**

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा निकाली गई अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 28/2023-24, PR No. 321787 Lohardaga (23-24)*D है। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा आमंत्रण सूचना को स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
PR 323147 Lohardaga(23-24)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, बरही

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा का प्रसंग– WRD/WWDivisionBarhi/IFB- 02/2023-24 दिनांक 15–03–2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | जिला–गिरिडीह, प्रखण्ड–गाँवा, ग्राम–मेलवा के पास सकरी नदी के दाँया तट पर हो रहे कटाव निरोधक कार्य। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रूपये 1,04,51,000.00 (एक करोड़ चार लाख एकावन हजार)। |
| 3 | परिमाण विपत्र का मुल्य | रु0 10,000.00 (रूपये दस हजार) मात्र (अप्रत्यापर्णीय राशि)। |
| 4 | अग्रधन की राशि | रु0 2,10,000.00 (दो लाख दस हजार) मात्र। |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छः) माह |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 21–03–2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न। |
| 7 | परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाइन मोड में जमा करने की तिथि एवं समय। | 21–03–2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 10–04–2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 8 | बीड समर्पित करने का तिथि एवं समय। | 21–03–2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 10–04–2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि | 12–04–2024 को 2:00 बजे अपराह्न में। |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, बरही (हजारीबाग) पिनकोड 825402 |
| 11 | ई–प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का मोबाइल संख्या | 6206975083 |
| 12 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का दूरभाष संख्या | 06546–298149 / 9431108950 |

नोटः केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
किसी भी विशेष जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
जलपथ प्रमण्डल, बरही
PR 323109 (Water Resource)23-24*D


## सीता सोरेन ने मोदी की गारंटी और गरीब कल्याणकारी योजनाओं पर जताया विश्वास

# झारखंड की दुर्दशा और अपनी उपेक्षा से आहत सीता सोरेन ने झामुमो छोड़ा : बाबूलाल मरांडी

### सीता सोरेन के भाजपा में आने से पार्टी और मजबूत होगी : मरांडी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने सीता सोरेन के झामुमो छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का स्वागत किया है। श्री मरांडी ने कहा कि झामुमो छोड़ने के फैसले पर सीता सोरेन ने अपने ससुर और झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के नाम जो मार्मिक पत्र लिखे हैं, उसमें उनकी पीड़ा, दर्द स्पष्ट झलक रहा है। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन अपनी पार्टी और परिवार के सदस्यों से वर्षों से प्रताड़ित हो रही थीं। सीता सोरेन शिबू सोरेन की बड़ी बहू और स्व दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। दुर्गा सोरेन ने छाया बनकर झारखंड आंदोलन में गुरुजी का साथ दिया। यदि दुर्गा सोरेन जीवित होते तो झामुमो में मुख्यमंत्री के उम्मीदवार होते, लेकिन सीता सोरेन की पीड़ा यही है कि दुर्गा सोरेन के संघर्ष को भुला दिया गया। जिन्होंने कोई संघर्ष नहीं किया, वे शीर्ष पर पहुंच रहे हैं। इसलिये, सीता सोरेन की नाराजगी स्वाभाविक है।

उन्होंने कहा कि सीता पार्टी के कार्य कलापों के अतिरिक्त झामुमो के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार से भी खफा रही। उन्होंने लगातार सड़क से सदन तक झामुमो-कांग्रेस और राजद के गठबंधन से चल रही सरकार द्वारा किये जा रहे जल, जंगल, जमीन, खान खनिज, बालू, पत्थर की लूट पर मुखर होकर सवाल खड़ा किया। उन्होंने खुलकर अत्याचार और भ्रष्टाचार का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार के रवैये में कोई सुधार की गुंजाइश नहीं देखते हुए उन्होंने अपने लिये अलग राह चुनी। सीता सोरेन को मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई का संकल्प प्रभावित किया। भाजपा आदिवासी, दलित, पिछड़े, महिला, वंचित सभी वर्गों के विकास के लिए समर्पित है। जनजाति समाज को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास की मुख्यधारा में तेजी से जोड़ा जा रहा है। सीता सोरेन के भाजपा में आने से पार्टी और मजबूत होगी।

### सीता सोरेन के पत्र पर झामुमो निरुत्तर : प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि झामुमो ने मां समान बड़ी बहू सीता सोरेन का अपमान किया। उन्होंने कहा कि सीता ने खुद पत्र में स्वीकार किया है कि पार्टी के भीतर उनको हमेशा अपमानित किया जाता रहा है। उनकी और उनके बेटियों की हमेशा अनदेखी की जाती रही है। झामुमो के प्रवक्ता ने सीता सोरेन के द्वारा उठाये गये मुद्दों का कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आज सीता सोरेन के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने ट्विटर हैंडल से उनके लिये घर का भेदी लंका ढाये जैसे अपमानजनक बातों को लिखकर अपनी असलियत दिखा दी।

### कोई भी पार्टी छोड़ता है तो वह पार्टी के लिए ठीक नहीं होताः भट्टाचार्य

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को जामा विधायक सीता सोरेन के भाजपा से जुड़ने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता यदि पार्टी छोड़ता है तो यह पार्टी के लिए ठीक नहीं होता, लेकिन सीता सोरेन ने कुछ निश्चय करके त्याग पत्र दिया है तो फिर इस विषय में कुछ कहना ही नहीं। दुमका से लोकसभा का चुनाव कल्पना सोरेन या हेमंत सोरेन के चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी संतुलित करके चलती है। हर समर्पित कार्यकर्ता पर ध्यान केंद्रित करना पड़ता है। गुरुजी के निर्णय को सर्वमान्य मानते हुए दुमका लोकसभा के किसी भी उम्मीदवार की जीत को सुनिश्चित करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा का हर कार्यकर्ता समर्पित होगा।

वहीं भाजपा प्रवक्ता के बयान सीता हुई लंका से आजाद पर कहा कि भगवान राम के रामेश्वरम पूजा की जानकारी है या नहीं। उन्होंने कहा कि भगवान राम मां सीता के साथ पूजा रामेश्वरम में की थी। जब रावण का अहंकार का नाश हुआ तो अहंकारी का विनाश तय है।

## अब सीता सोरेन के सहारे संथाल को साधने की भाजपा की कवायद शुरू

**इसके पहले कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने भाजपा का दामन थाम कोल्हान क्षेत्र में भाजपा को दिलायी बढ़त**



**शिबू सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने से गठबंधन दल मनोवैज्ञानिक रूप से हुआ कमजोर**

उदय चौहान

**रांची।** अब सीता सोरेन के सहारे भाजपा संथाल परगना साधने की कवायद शुरू की है। सीता सोरेन ने भाजपा का दामन थामने के बाद शिबू सोरेन परिवार में खटपट तेज होने की अटकलें लगायी जा रही है। इसी के साथ गठबंधन दलों का मनोबल कमजोर होने की बात कही जा रही है। दरअसल, सीता सोरेन सिर्फ शिबू सोरेन की बड़ी बहू ही नहीं जामा से तीन बार की विधायक भी हैं। इनके भाजपा में शामिल होने से कमल खिलाने में मदद मिलेगी। कहा गया है कि राजमहल के भाजपा उम्मीदवार ताला मरांडी को भी दिल्ली तलब किया गया है। हांलाकि, दुमका लोकसभा सीट से भाजपा ने पहले ही सुनील सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। लेकिन, झामुमो के गढ़ समझे जाने वाले संथालपरगना में भाजपा हर हाल में सभी लोकसभा सीट पर कब्जा जमाना चाहती है।

इसके पहले कांग्रेस की गीता कोड़ा ने भाजपा का दामन थाम कर उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त दिलायी है। दरअसल, कोल्हान क्षेत्र में भाजपा का खेवनहार मजबूत नेता दिखायी नहीं दे रहा था। अब, गीता कोड़ा के सहारे भाजपा मजबूत हो गयी है। चर्चा तो यह भी है कि शिबू सोरेन के संघर्ष के साथी लोबिन हेम्ब्रम भी भाजपा में आने के लिये लालायित है। चुनाव के पहले लोबिन के भी भाजपा का दामन थामने की खबर चौंका सकती है।

खैर ! गीता कोड़ा के बाद सीता सोरेन ने भाजपा का दामन थाम कर ऑपरेशन कमल को सफल बना दिया है। इन दोनों नेत्री के भाजपा में आने से भगवा रंग और अधिक चटक होगा। यही नहीं, शिबू सोरेन परिवार की विरासत पर भी ग्रहण लग सकता है।

### अप्रैल के अंतिम सप्ताह में स्टेट बोर्ड का आयेगा रिजल्ट

**रांची।** जैक दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट अप्रैल के अंतिम महीने में घोषित कर सकता है। जैक की ओर से इसकी तैयारी चल रही है। जैक के अनुसार कॉपी मूल्यांकन का काम शुरू हो चुका है। जैक इस तैयारी में है कि समय पर छात्रों का रिजल्ट जारी कर दिया जाये। बताते चलें कि 6 से 26 फरवरी तक स्टेट बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा आयोजित हुई थी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई थी। पहली पाली में मैट्रिक और दूसरी पाली में 12वीं की परीक्षा ली गई थी। इन परीक्षाओं में लगभग 7 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के बाद से ही छात्र रिजल्ट के इंतजार में हैं। वहीं जैक के अधिकारी भी रिजल्ट कती तैयारी में लगे हैं। वह स्टेट बोर्ड की परीक्षा का फुलप्रुफ रिजल्ट देना चाहते हैं। यही कारण है कि रिजल्ट देने में हड़बड़ी की बजाये काफी सावधानी बरत रहे हैं।

## कड़िया मुंडा से मिलकर सांसद संजय सेठ ने लिया आशीर्वाद



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को खूंटी जाकर लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और पद्म विभूषण से सम्मानित कड़िया मुंडा से मुलाकात की। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। मुलाकात के क्रम में श्री मुंडा ने सांसद को श्रीफल और शगुन देकर आशीर्वाद प्रदान किया। सांसद श्री सेठ ने कड़िया मुंडा से कई बिंदुओं पर उनका मार्गदर्शन लिया। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सांसद को कड़िया मुंडा ने विजय होने का आशीर्वाद दिया। श्री सेठ ने कहा कि कड़िया मुंडा सिर्फ भाजपा ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड के अभिभावक है। वह एक ऐसे व्यक्तित्व है, जो राजनीति से परे हैं।

## सीसीएल आम्रपाली और चंद्रगुप्त क्षेत्र ने समय से पहले उत्पादन लक्ष्य पूरा किया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीसीएल के आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त क्षेत्र ने 21 एमटी का उत्पादन लक्ष्य निर्धारित समय से 13 दिन पूर्व प्राप्त कर लिया है। पिछले वर्ष आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त क्षेत्र ने 18 एमटी कोयले का उत्पादन किया था। पिछले वर्ष की तुलना में आम्रपाली क्षेत्र ने 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक 21 एमटी कोयले का उत्पादन किया है। महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के अधिकारी और कर्मचारियों को पूरी टीम पूरी निष्ठा के साथ उत्पादन में लगी हुई है।

आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त सीसीएल का महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी क्षेत्र है। इसके अंतर्गत आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त नामक दो परियोजनाएं है। आम्रपाली परियोजना में लगभग 467 एमटी कोयले का भंडार है। दूसरी परियोजना चंद्रगुप्त में 527 एमटी कोयले का भंडार है। इस वित्तीय वर्ष में आम्रपाली परियोजना 23 एमटी उत्पादन की ओर अग्रसर है।

ज्ञात हो कि इस वर्ष सीसीएल का उत्पादन लक्ष्य 84 एमटी है। सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के नेतृत्व में पूरी टीम लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर है। वार्षिक उत्पादन के लिए श्रमिकों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यालय से वरीय अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों का नियमित दौरा कर रहे हैं। साथ ही, श्रमिकों को सम्मानित भी किया जा रहा।

**एक साल पहले ही खत्म हो चुका है करार, मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक बेनतीजा**

## टेंडर के खेल में फंसा स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य उपकरणों का रखरखाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर बायोमेडिकल उपकरण प्रबंधन और रखरखाव कार्यक्रम के लिए भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित और प्रायोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी जिला और उपजिला अस्पतालों में मौजूद स्वास्थ्य उपकरणों के देखभाल, मेंटेनेंस और सर्वोत्म मरम्मत सेवाएं देनी है। इसके लिए राज्य सरकार ने हैदराबाद स्थित निजी कंपनी मेसर्स मेडिसिटी हेल्थकेयर सर्विसेज के बीच निविदा आमंत्रित करने के की शर्तों के आधार पर करार किया था। करीब एक वर्ष पहले यह करार खत्म हो चुका है। इसके बाद से न तो इसे एक्टेंशन मिला है और ना ही इसके लिए नया करार हुआ है। ऐसे में मशीनों का रखरखाव अब भगवान भरोसे है। अस्पतालों में अगर मशीनें खराब हो जाती हैं तो इसका मेंटेनेंस भी अभी संभव नहीं है। ऐसे में नुकसान सिर्फ मरीजों को होगा। उन्हें निजी अस्पतालों और क्लिनिकों के भरोसे रहना होगा।

### पिछला भुगतान भी है लंबित

इस संबंध में जब सेवा प्रदाता मेडिसिटी के प्रतिनिधियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि उनका काफी बकाया भुगतान सरकार के पास लंबित है, फिर भी वे सरकारी सुविधाओं के लिए सेवाएं जारी रखने की कोशिश कर रहे हैं। नाम न बताने की शर्त पर कार्यरत अधिकारियों ने खुलासा किया कि मेडिसिटी इंजीनियर अभी भी हमारे अनुरोधों और कॉलों पर मरीजों एवं झारखंड की जनता की देखभाल के लिए अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

**इन उपकरणों के रखरखाव की है जरुरत :** वेंटिलेटर, डिफैब्रिलेटर, ईसीजी मशीनें, बेबी वार्मर, सीटी स्कैन मशीनें, अल्ट्रासाउंड मशीनें, कृत्रिम सांस, डिफैब्रिलेटर्स, ऑपरेशन थिएटर उपकरण, आईसीयू उपकरण, एनआईसीयू उपकरण लैब उपकरण आदि, रक्त–गैस विश्लेषक और सभी रिकॉर्ड–कीपिंग।

### 22 जुलाई 2023 की बैठक रही बेनतीजा

4 जुलाई 2023 को वर्तमान सेवा प्रदाता मेडिसिटी हेल्थकेयर हैदराबाद की ओर से प्रस्तुत आवेदन पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस संदर्भ में स्थिति पर चर्चा और विश्लेषण करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक 22 जुलाई 2023 को बुलाया था। लेकिन इसका नतीजा नहीं निकल सका है। करार खत्म होने का सबसे बड़ा असर ये होगा कि झारखंड के अलग-अलग सरकारी अस्पतालों में लगे मेडिकल उपकारों पर मेंटेनेंस के आभाव में जंग लग सकता है।

## हजारीबाग लोस सीट पर भाजपा का रहा है दबदबा

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** हजारीबाग लोकसभा सीट पर हमेशा से भाजपा का दबदबा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने भाजपा से जीत का हैट्रिक जड़ा था। वहीं, उनके पुत्र जयंत सिन्हा ने लगातार दो बार जीत हासिल की थी। इस साल के लोकसभा चुनाव में झारखंड की हजारीबाग सीट पर भाजपा और गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर होने के आसार हैं।

उल्लेखनीय है कि अब तक भाजपा हजारीबाग लोस सीट से सात मर्तबा चुनाव जीती है। जबकि कांग्रेस को केवल दो ही बार जीत मिली है। हजारीबाग सीट से सबसे पहले भाजपा ने 1989 में अपनी जीत का खाता खोला था। हजारीबाग सीट से सबसे पहले भाजपा ने 1989 में अपनी जीत का खाता खोला था। उस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी यदुनाथ पाण्डेय ने 2,33,060 मत हासिल कर सीपीआई के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को 43,419 मत के अंतर से पराजित कर पार्टी को पहली जीत दिलाई थी। इसके बाद 1991 एवं 2004 में हुये दो लोस चुनाव को छोड़ बाकी के सभी दंगल में भाजपा की जीत का परचम कायम रहा है। इसके दो साल बाद 1991 में हुये चुनाव में सीपीआई के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने 1,71,725 मत हासिल कर भाजपा के यदुनाथ पाण्डेय को 24,681 मतों के मामूली अंतर से पराजित कर विजयी हुये थे। इसके बाद के चुनाव में सीपीआई श्री मेहता अपनी जीत को कायम नहीं रख सके। 1996 में हुए चुनाव में भाजपा के महावीर लाल विश्वकर्मा ने 2,37,357 मत प्राप्त कर 71, 251 मतों के अंतर से सीपीआई के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को पराजित किया था।1998 के चुनाव में भाजपा ने महावीर लाल विश्वकर्मा की जगह यशवंत सिन्हा का चुनावी मैदान में उतारा। वह 3,23, 283 वोट प्राप्त कर भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को 1,63,506 मतों से शिकस्त देने में कामयाब हुये। सन 1999 के चुनाव में भी यशवंत सिन्हा ने 2,83,956 मत प्राप्त कर तब चुनावी मैदान में उतरे राजद प्रत्याशी अकलू राम महतो को 1,82,642 मतों से पराजित करने में सफल हुये। इसके बाद के 2004 के आम चुनाव में यशवंत सिन्हा की जीत पर ब्रेक लगाने में सीपीआई के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सफल हो गये। उन्होंने 3,56,058 मत हासिल कर भाजपा के श्री सिन्हा को 1,05,328 मतों से हरा कर सांसद चुने गये थे। बाद के आम चुनावों में श्री सिन्हा एवं उनके पुत्र की जीत बतौर भाजपा प्रत्याशी दर्ज होती रही। 2009 में भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में पुनः उतरे यशवंत सिन्हा ने 2,19,810 मत प्राप्त कर कांगेस के सौरभ नारायण सिंह को 40,164 मतों से हराने में सफल हुये। वहीं 2014 के आम चुनाव में भाजपा ने श्री सिन्हा की जगह उनके पुत्र जयंत सिन्हा को चुनाव मैदान में उतारा और उनकी जीत हुई।

जयंत सिन्हा ने भी 4,06,931 मत प्राप्त कर कांग्रेस के सौरभ नारायण सिंह को 1,59,108 मतों से पराजित करने में सफल हुये। 2019 के आम चुनाव में भी जयंत सिन्हा ने पूर्व की जीत के सारे रिकार्ड तोड़ते हुये 7,28,798 मत प्राप्त कर कांग्रेस के गोपाल प्रसाद साहू को 4,79,548 के बड़े अंतर से पराजित कर विजयी हुये थे। इस बार जयंत सिन्हा ने सक्रिय राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा की है। इस बार भाजपा के उम्मीदवार के रूप में विधायक मनीष जायसवाल मैदान में हैं। इसके पूर्व के चुनाव में 1984 में कांग्रेस के दामोदर पाण्डेय ने सीपीआई के श्री मेहता को, 1980 में जनता पार्टी के कुंवर बसंत नारायण सिंह ने कांग्रेस के अजीमा हुसैन को, 1977 में जनता पार्टी के कुंवर बसंत नारायण सिंह ने कांग्रेस के दामोदर पाण्डेय को पराजित कर जीत दर्ज की थी। 1971 में दामोदर पाण्डेय विजयी हुये थे।

### झारखंड में राज्य सूचना आयुक्त, लोकायुक्त समेत अन्य संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी

**रांची।** सूचना आयुक्तों की नियुक्ति संबंधि राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य की 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका की भी सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से बताया गया कि सूचना आयुक्त, लोकायुक्त एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई है लेकिन अभी आदर्श आचार संहिता लागू है। प्रार्थी राजकुमार की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया कि अगर सूचना आयुक्त समेत अन्य ने संवैधानिक पदों पर नियुक्ति के लिए कोर्ट आदेश देती है तो ये नियुक्ति हो सकती है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 10 अप्रैल निर्धारित की है।

# सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा: उप निर्वाचन पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन बैठक में कहा कि मतदान केंद्र में 4-4 की संख्या में वॉलिंटियर (18 वर्ष से कम उम्र के) रहेंगे जो दिव्यांग मतदाता को मतदान कराने में सहयोग करेंगे। मतदान के लिए तीन लाइन बनेगी जिसमें पुरुष/महिला/ रहेगा जिसमें दिव्यांग मतदाता सीधे बिना लाइन में लगे अपना मतदान कम से कम समय में कर पाएंगे। उन्होंने मतदान केंद्र में विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा ताकि मतदाताओं को स्वच्छ वातावरण मतदान मुहैया कराया जा सके।

उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, द्वारा मंगलवार को बैठक में जानकारी देते हुए कहा कि दिव्यांग मतदाता मतदान केंद्रों के समीप पहुंच सकें इसके लिए मतदान कर्मी प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मी को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। मतदान केंद्रों में स्वास्थ्य टीम भी रहेगी जो मतदाताओं को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराएगी। जानकारी हो कि आगामी निर्वाचन में सभी बूथों पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध है अथवा नहीं इसको लेकर एक थर्ड पार्टी सोशल ऑडिट टीम द्वारा सभी बूथों पर सर्वेक्षण किया जा रहा है जिससे निष्पक्ष रूप से सभी बूथों का ऑडिट हो सके और ससमय आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

बैठक में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची, विनय कुमार, सहायक निदेशक, जिला समाजिक सुरक्षा, रविशंकर मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, प्रतिनिधि साईट सेवर गोपिका आनंद, दिव्यांग आईकॉन आदि उपस्थित थे।

जानकारी हो की पूर्व में ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि आसन्न लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर सभी दिव्यांग मतदाताओं को सभी आवश्यक जरुरी सुविधा मिलें यह सुनिश्चित हो एवं इस बार प्रत्येक मतदान केंद्र पर जन-सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। जिसमें दिव्यांग, गर्भवती माताओं एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए हरेक मतदान केंद्र पर पर रैंप, शेड, पेयजल, शौचालय एवं अलग से कतार की व्यवस्था रहेगी।

उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजनों के लिये सुगम एवं समावेशी मतदान को लेकर बैठक में आए सभी को जानकारी दी गयी कि भारत निर्वाचन आयोग के सक्षम ऐप का उपयोग कर दिव्यांग मतदाता अपने लिए व्हील चेयर की व्यवस्था कर सकेंगे। इन मतदाताओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए फ्री पास की सुविधा रखी जानी है, जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध नहीं रहेगा वहां इनके लिए मतदान केन्द्र तक आने जाने के लिए निजी वाहन भी भाड़े पर रखे जाएंगे। इसके साथ-साथ जो वाहन से भी मतदान केंद्र पर आने में असक्षम हैं उनके लिए घर पर ही मताधिकार के प्रयोग की व्यवस्था की गई है।

## हर दिन एक हजार कॉल, चार से पांच लाख की होती थी ठगी

# जांच एजेंसी के नाम पर विदेशी नागरिकों से एक साल में 18 करोड़ की ठगी करनेवाला गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में बैठ कर विदेशी नागरिकों को एजेंसी के नाम पर ठगी करनेवाले गिरोह का सीआइडी ने भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हर दिन करीब एक हजार लोगों को फोन किया जाता था। फोन के माध्यम से चार लाख से पांच लाख तक झांसे में लेकर ठगी की जाती थी। सीआइडी की टीम किशोरगंज स्थित बीएन हाइट्स में लैपटॉप और कंप्यूटर से विदेशी नागरिकों का डेटा बरामद किया है। आरोपी ऑस्ट्रेलियन टेली-कम्यूनिकेशन कंपनी टेलस्ट्रा और ब्रिटिश टेलीकॉम के अधिकारी बनकर इंटरनेट स्पीड को फिक्स करने और अपग्रेड करने के नाम पर विदेशी नागरिकों को फोन करता था। विभिन्न रीमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर



एनी डेस्क, अवे रे रिमोट और जोहो अस्टिटेंट आदि नागरिकों को कंप्यूटर में इंस्टॉल करते थे और वायरस पाये जाने व कुछ अवैध गतिविधि पाये जाने के लिए नेशनल फ्रॉड इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी बनकर विदेशी नागरिकों को एक्सटॉर्शन इमेल भेज कर झांसे में लेता था। इसके बाद उनके विदेशी खाताओं से पैसे विभिन्न विदेशी वॉलेट जैसे मोनसी एप, यूके में ट्रांसफर कर देते थे।

गिरफ्तार आरोपियों में चुटिया थाना क्षेत्र के द्वारिकापुरी निवासी रवि कांत और गोड्डा जिले के चितरकोठी निवासी मो एकरामुल अंसारी के नाम शामिल हैं। आरोपियों की निशानदेही पर 27 कम्प्यूटर, पांच लैपटॉप, चार पेनड्राइव, एक मेमोरी कार्ड, तीन राउटर, कॉल सेंटर के कर्मचारियों का तीन अटेंडेंस रजिस्टर, सात मोबाइल, 18 नियुक्ति पत्र, एक लीज एग्रीमेंट, एक रेंट एग्रीमेंट, तीन चेक बुक और पांच क्रेडिट कार्ड पुलिस बरामद किया है।

**एक साल से चल रहा था कॉल सेंटर, लोकल पुलिस बेखबर :** राजधानी रांची के किशोरगंज में एक साल से फर्जी कॉल सेंटर का संचालन हो रहा था। लेकिन स्थानीय पुलिस को इसकी खबर नहीं लगी। सीआइडी की टीम ने छापा मार कर फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। रांची में चल रहे साईबर ठगी का महाजाल इस कदर फैला है कि स्थानीय पुलिस को इसकी खबर भी नहीं होती है।

### झांसा में लेकर फंसानेवाले कर्मी को करता था पुरस्कृत, आरोपियों ने किया है बीटेक

गिरफ्तार आरोपी रविकांत और एकरामुल अंसारी अन्नामलाई से बीटेक किया है। आरोपियों ने रांची के अपर बाजार स्थित किशोरगंज चौक में बीएम हाइट्स के थर्ड फ्लोर में ऑफिस ले रखा था। जिसमें साईबर ठगी के लिए कॉल सेंटर का संचालन किया जाता था। कॉल सेंटर में दो शिफ्ट में काम चलता था. दो दर्जन से अधिक लोगों को 10 से 14 हजार की सैलरी पर रखा था। वहीं झांसे में लेनेवाले को पुरस्कृत भी किया जाता था। इसके लिए इनसेंटिव के नाम पर अलग से राशि दी जाती थी। वहीं आरोपी बीपीओ कॉलसेंटर में नौकरी देने के नाम पर शहर में जगह जगह पंपलेट भी चिपकाते थे।

पुलिस के अनुसार रांची में 2021-22 में एक गिरोह कॉल सेन्टर चला रहा था। बाद में कॉल सेन्टर को शिफ्ट करके गोरखपुर ले गये। इस दौरान यूके और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों के साथ धोखाधड़ी में पुलिस के हत्थे चढ़ा। मो एकरामुल अंसारी जेल से निकलने के बाद गौरव गुप्ता, विकास, सलोनी, वशीम एवं रविकान्त के साथ मिल कर पिछले करीब एक साल से विदेशी नागरिकों के साथ साईबर ठगी करता था। विदेशी नागरिकों को फोन करने के लिए वीआईसीआई डायल, आईबीम (काउंटर पाथ द्वारा संचालित) और स्काइप नामक ऐप का इस्तेमाल करता था। विदेशी नागरिकों से संपर्क करने के लिए यूके और ऑस्ट्रेलिया के 3 लाख से अधिक नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा का उपयोग किया गया था। इसमें फोन नंबर, नाम, पता शहर देश पोस्टकोड और एज ब्रैकेट शामिल हैं।

# मॉल के सामने हटायी जायेगी अवैध पार्किंग : ट्रैफिक एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में यातायात को सुगम बनाने के लिए मंगलवार को ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने ट्रैफिक डीएसपी, इंस्पेक्टर के साथ बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची के जितने भी मॉल हैं, उनके सामने अवैध पार्किंग किया जाता है। वहां से अवैध पार्किंग को हटाया जायेगा। अधिकारियों को उन्होंने ट्रैफिक मैनुअल को शुरू करने के बाद उन्हें सिग्नल को फिर से शुरू करने का आदेश दिया, ताकि यातायात सुगम तरीके से चलता रहे। एसपी ने कहा कि वाहन जेब्रा क्रासिंग के पीछे रूके, ताकि पैदल वालों को मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़े। मेन रोड में ठेला, खोमचा आदि वालों से भी सख्ती बरतने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त रात में ट्रैफिक दुर्घटना को रोकने के लिए रात 11 बजे से लेकर सुबह सात बजे तक एस टाइप का बैरिकेडिंग लगाने का निर्देश दिया गया।

यातायात पुलिस ने यातायात को सुगम बनाने और यातायात नियमों के पालन करने के लिए आमलोगों को यातयात से संबंधित सूचना के लिए सोशल मीडिया में एप जारी किया गया है। एप में व्हाटसप, फेसबुक और एक्स समेत मोबाइल 9798300815, 8987790772 भी जारी किया है। इस क्यू आर कोड से रांची यातायात पुलिस परिवार का सदस्य बनकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और उसे जनहित में जारी कर सकते हैं।

# दहेज नहीं देने पर पत्नी को मारा चाकू पति गिरफ्तार

**रांची।** डोरंडा के नेजामनगर की रहनेवाली हेना परवीन को उसके पति और ससुराल वालों ने चाकू मारकर जख्मी कर दिया। डोरंडा थाना पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर पति शाहिद एजाज को गिरफ्तार कर लिया है। हेना ने पुलिस को बताया है कि शादी से पूर्व उनके मायके से ससुराल वालों ने 10 लाख रूपये लिये थे। शादी के बाद और पांच लाख रूपये लाने का दबाब दिया जा रहा था। जब इसका विरोध किया गया तो उस पर मानसिक यातना दी जाने लगी। इस बीच वह गर्भवती हो गयी, फिर भी उनके पति शाहिद एजाज, सास फरहत परवीण, ननद शबनम परवीण उर्फ नीशु, नीशु के पति महमूद आलम परेशान करते थे। बुलेट और जेवर की मांग पूरी नहीं होने पर गाली गलौज किया जाता था। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

# कुछ ट्रेनों को मिला अतिरिक्त ठहराव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों के ठहराव की अलग अलग स्टेशनों पर रेलवे ने दिया है। इसे लेकर सूचना दक्षिण पूर्व रेलवे ने जारी की है। जिसमें बताया गया है कि संबलपुर गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस, रांची दुमका इंटरसिटी, पाटलिपुत्र एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों को अलग अलग स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। होली को देखते हुए रेलवे ने यह निर्णय लिया है। जिससे यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में आसानी हो।

**इन स्टेशनों पर मिला ठहराव**

- दुमका रांची इंटरसिटी झालिदा दिन के 11: 10 से 11: 11 बजे
- रांची दुमका इंटरसिटी झालिदा दोपहर 2: 45 से 2: 46 बजे
- संबलपुर गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस नामकोम शाम 5: 36 से 5: 37 व टाटीसिल्वे शाम 5: 41 से 5: 42 बजे
- गोरखपुर संबलपुर मौर्य एक्सप्रेस नामकोम सुबह 6: 47 से 6: 48 व टाटीसिल्वे सुबह 6: 42 ये 6: 43 बजे
- पूर्णिया कोर्ट हटिया कोशी एक्सप्रेस अथमलगोला सुबह 8: 24 से 8: 26 बजे
- हटिया पूर्णिया कोर्ट कोशी एक्सप्रेस अथमलगोला शाम 4: 50 से 4: 52 बजे
- पटना हटिया पाटलिपुत्र एक्सप्रेस अथमलगोला शाम 4: 27 से 4: 29 बजे
- हटिया पटना पाटलिपुत्र एक्सप्रेस अथमलगोला सुबह 10: 58 से 11:00 बजे



- इस्लामपुर हटिया एक्सप्रेस पुंदाग सुबह 5: 09 से 5: 10 बजे
- हटिया इस्लामपुर एक्सप्रेस पुंदाग रात 9: 51 से 9: 52 बजे
- संबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस नामकोम शाम 5: 52 ये 5: 53 व टाटीसिल्वे शाम 5: 57 से 5: 58 बजे
- जम्मूतवी संबलपुर एक्सप्रेस नामकोम सुबह 8: 36 से 8: 37 व टाटीसिल्वे सुबह 8: 27 से 8: 28 बजे

# झारखंड के राज्यपाल को तेलंगाना व पुडुचेरी का सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार

**रांची (हि.स.)।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना राज्य और केन्द्र शासित पुडुचेरी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राष्ट्रपति ने दोनों जगहों के लिए नियमित व्यवस्था होने तक कार्यों का निर्वहन करने के लिए उन्हें नियुक्त किया है। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने



तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। यह भी कहा गया है कि राष्ट्रपति नियमित व्यवस्था होने तक अपने कर्तव्यों के अलावा तेलंगाना के राज्यपाल और केन्द्र शासित पुडुचेरी के उप राज्यपाल के कार्यों का निर्वहन करने के लिए झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को नियुक्त किया है।

## खबर एक नजर में

### सीता सोरेन का निर्णय सराहनीय : श्रीकांत

**रांची।** नागपुरी कलाकार सह भाजपा नेता श्रीकांत शाहदेव ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले झामुमो को बड़ा झटका लगा है। शिबू सोरेन परिवार की बड़ी बहू और स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन ने पार्टी से इस्तीफा देने और बीजेपी की सदस्यता लेना सीता सोरेन का कदम बिल्कुल सराहनीय है। उन्होंने परिवार और पार्टी पर उपेक्षा का भी आरोप लगाते हुए दुखी मन से इस्तीफा दिया है।

### अलकुसी का पाउडर छिड़क कर करते थे चेन छिनतई, गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने चेन छिनतई करनेवाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी को हरिहर सिंह रोड में वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में पकड़ा गया। पल्सर मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर दूर से भागने का प्रयास करने लगे, तभी पुलिस बल के सहयोग से मोटर साइकिल सवार में से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकड़ा गया युवक अविनाश कुमार उर्फ सन्नी कुमार है। अविनाश कुमार कटिहार जिले के कोड़ा का रहनेवाला है। ये फर्जी आधार कार्ड एवं फर्जी गाड़ी का नंबर का उपयोग कर छिनतई करते है। पुलिस ने एक काला रंग का पल्सर बरामद किया है। पुलिस ने उसके पास से दस हजार आठ सौ रूपया भी जब्त किया है। अविनाश ने बताया कि सुनसान स्थान पर महिला के गर्दन में अलकुसी का पाउडर छिड़कर चेन झपट लेता था।

### राजधानी रांची में चलाया गया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



रांची। झारखंड की राजधानी रांची में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए मंगलवार को विभिन्न इलाकों में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। रांची में कई चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर चलाये गये अभियान के तहत पुलिस ने दो एवं चारपहिया वाहनों की जांच की। कागजात के साथ चालक की भी तलाशी ली गयी।

**एसएसपी का थानेदारों को लगातार चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश :** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में मेन रोड, रातू रोड, कचहरी चौक आदि जगहों पर अभियान चला। एसएसपी ने थानेदारों को लगातार चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया है। अभियान में पीसीआर के अलावा गश्ती पुलिस की टीम भी शामिल थी।

### दर्जनों लोगों ने भाजपा का दामन थामा

**रांची।** बाबूलाल मरांडी के मोरहाबादी आवास में मंगलवार को कुंवर सिंह, मुख्य संरक्षक खरवार आदिवासी एकता संघ झारखंड ग्राम बधवारा, गढ़वा जिला ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह गढ़वा जिला निवासी हरिशंकर प्रसाद एवं मेट्रो गली निवासी और झामुमो के पूर्व नेता महेश प्रसाद सोनी ने भी भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, सरोज सिंह, सुबोध सिंह गुड्डू, शिवपूजन पाठक, बिपिन सिंह, ठाकुर प्रसाद महतो, मुकेश निरंजन सिन्हा, दुर्गा जौहरी आदि उपस्थित थे। साथ में, अनुज सिंह, अजीत सोनी, प्रशाद सिंह, बिहारी सिंह, शंकर बाबू, बैजू बाबू भी शमिल हुये।

### शूटर बॉबी साव, राजन कुमार और रवि मुंडा के खिलाफ्फ जल्द होगा आरोप गठित

**रांची।** पतरातू में 17 जुलाई 2023 को एटीएस डीएसपी नीरज कुमार और सब इंस्पेक्टर सोनू कुमार साहू पर गोली चलाने वाला कुख्यात अमन साव के सार्फ शूटर बॉबी साव उर्फ सिद्धार्थ साव, उसका भाई राजन कुमार एवं रवि मुंडा पर जल्द ही आरोप गठित किया जाएगा। एटीएस ने मामले में जांच पूरी करते हुये चार्जशीट दाखिल कर दी है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद अदालत ने संज्ञान ले लिया है। मामले में मंगलवार को एटीएस मामले के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने आरोपियों को पुलिस पेपर सौंपा। तीनों आरोपी बिरसा मुंडा केंद्रीय होटवार में बंद है। पुलिस पेपर सौंपने के बाद अदालत ने आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए एक अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। बॉबी एवं राजन 20 जुलाई 2023 से जेल में है। यहां बता दें कि 17 जुलाई 2023 की रात अमन साव गिरोह के नेतृत्व करने वाले चंदन साव और उसके सदस्यों को पकड़ने के लिए एटीएस टीम पर बॉबी साव और रवि मुंडा ने गोली चला दी थी। बाद में,एटीएस ने आरोपियों के पास से अवैध देशी हथियार और जिंदा 7०65 बोर के कारतूस बरामद किया था।

# होली में विमान के टिकटों की कीमत आसमान पर पहुंचा, यात्री परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** होली में हर कोई घर आना चाहता है। देश विदेश या अन्य राज्यों में नौकरी करने वाले लोग अपने परिवार के साथ होली मनाने अपने घर पहुंचते हैं। होली के दौरान घर पहुंचने के लिए ज्यादातर लोग समय की बचत के लिए हवाई सफर ज्यादा पसंद करते हैं लेकिन लोगों को अपनी पसंद और आराम के लिए मोटी रकम चुकानी पड़ रही है। होली के मौके पर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद जैसे शहरों से रांची के लिए उड़ान भरने वाले विमानों के टिकट के दाम आसमान छू रहे हैं जो लोग मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे जैसे शहरों में नौकरी कर रहे हैं। उन्हें होली में रांची आने के लिए प्लेन की टिकट के लिए पहले से दो गुणा से चार गुणा ज्यादा किराया देना पड़ रहा है। हवाई जहाज से सफर करने वाले यात्रियों का कहना है कि जिस तरह से फेस्टीव सीजन आते ही यात्रियों को टिकट के लिए मोटी रकम चुकानी पर रही है।

जानकारी के मुताबिक दिल्ली से रांची आने वाली टिकट की कीमत 11 से 15 हजार हो गई है जबकि आम दिनों में दिल्ली से रांची के टिकट की कीमत पांच हजार से छह हजार रुपए होती है। वहीं मुंबई से रांची आने वाली फ्लाइट में भी टिकट की कीमत दो गुणा बढ़ गई है, जो टिकट आम दिनों में सात से आठ हजार थी उसकी कीमत आज 18 हजार से 22 हजार रुपये हो गई है।

बेंगलुरु से रांची आने वाले फ्लाइट्स की टिकट के दाम में भी खासी बढ़ोतरी हुई है। होली के त्योहार को देखते हुए 11 से 17 हजार तक बेंगलुरु से रांची आने वाले विमान के टिकट के दाम देखे जा रहे हैं। जबकि आम दिनों में बेंगलुरु से रांची तक के लिए यात्रियों को मात्र सात हजार से आठ हजार रुपये देने पड़ते थे। वहीं हैदराबाद से रांची आने वाले विमान के टिकट के भी दाम सात हजार से आठ हजार रुपये बढ़ गए हैं। चिंता इस बात की भी है कि होली बीताने के बाद कुछ दिनों में रांची से जाने वाले विमानों में भी किराया बढ़ा रहेगा क्योंकि जो लोग अपने-अपने कर्म स्थलों से लौटकर घर आ रहे हैं उन्हें जब वापस जाना होगा तो उस समय भी टिकट के दाम में खासा बढ़ोतरी मिल सकती है। ऐसा कहा जा रहा है कि 30 मार्च के बाद ही टिकट के दाम में कमी देखने को मिल सकती है।

# झारखंड में दूसरे दिन भी बारिश ने गिराया पारा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में दूसरे दिन भी झमाझम बारिश हुई। इससे पारा गिर गया और मौसम सुहाना हो गया। राजधानी रांची में मंगलवार को दिन में धूप के बाद दोपहर में बारिश ने लोगों की परेशानी भी बढ़ाई। इस दौरान रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ बारिश हुई। एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। सबसे अधिक वर्षा 38.2 एमएम रामगढ़ में दर्ज की गई। वहीं 35.8 डिग्री सेल्सियस के साथ गोड्डा सबसे गर्म जिला रहा। वहीं 16.2 डिग्री सेल्सियस के साथ रांची जिला सबसे ठंडा रहा। राज्य में पिछले 2-3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

**आज भी बारिश की संभावना :** बुधवार को भी राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी, मध्य भागों गुमला, खूंटी, रांची, सिमडेगा और पश्चिम सिंहभूम में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम वर्ज की वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं पर 40- 50 किमी/घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की संभावना है। इसे लेकर ब्लू अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 21 मार्च को भी राज्य के उत्तर-पूर्वी, दक्षिण-पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

**आपके शहर का मौसम**

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.6 | 16.2 |
| जमशेदपुर | 33 | 20.2 |
| डालटनगंज | 29.5 | 18.7 |
| बोकारो | 28 | 18.5 |
| चाईबासा | 29.5 | 19.0 |
| देवघर | 30 | 19.5 |
| गिरिडीह | 29 | 19.9 |
| गढ़वा | 28.7 | 18.6 |
| लोहरदगा | 25.5 | 16.5 |
| गोड्डा | 31.6 | 19.1 |

## लाइट हाउस प्रोजेक्ट

### 33 लाभुकों को मिला पोजेशन सर्टिफिकेट

**रांची।** रांची में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण किया जा चुका है जिसका पिछले दिनों पीएम मोदी ने ऑनलाइन उद्घाटन भी किया था। मंगलवार को रांची नगर निगम द्वारा लाइट हाउस प्रोजेक्ट परिसर में कैंप का आयोजन किया गया। इसमें पहले चरण में कुल 33 लाभुकों को पोजेशन सर्टिफिकेट दिया गया। ये ऐसे लाभुक हैं जिन्होंने प्रावधान के मुताबिक अपना अंशदान समय पर दे दिया था। वैसे अबतक कुल 467 लाभुकों द्वारा लाभुक अंशदान समय पर दिया जा चुका है। पोजेशन सर्टिफिकेट के अलावा लाभुकों से ऑन स्पॉट होल्डिंग नंबर के लिए आवेदन भी लिया गया। इसमें कुल 6 लाभुकों को होल्डिंग निर्गत किया गया। अब अन्य लाभुकों को पोजेशन सर्टिफिकेट विभिन्न चरणों में कैंप के माध्यम से दिया जाएगा। गौरतलब है कि पीएमएवाई- शहरी के अंतर्गत आनि मौजा, रांची में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण किया गया है। कुल सात ब्लॉक में 1008 आवासों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से रांची नगर निगम द्वारा किया गया है।


# सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद बवाल!

**सीता सोरेन प्रकरण**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य की सियासत में हेमंत की इंट्री के पहले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बाद यदि किसी एक शख्स का जलवा चलता था तो वह चेहरा था दुर्गा सोरेन का। यह वह दौर था, जब दुर्गा सोरेन की गिनती पार्टी के संघर्षशील और युवा चेहरों में की जाती थी। एक तरफ दुर्गा संगठन को धारदार बनाने के लिए जमीन पर संघर्ष कर रहे थे। पार्टी कार्यकर्ताओं में हौसले का संचार भी कर रहे थे और साथ ही जमीन से कार्यकर्ताओं की नयी पौध तैयार कर रहे थे, तो दूसरी ओर चुनावी अखाड़े में ताल ठोक झामुमो के लिए सियासी जमीन भी तैयार कर रहे थे। जिस जामा विधानसभा से सीता सोरेन 2009, 2014 और 2019 में लगातार झामुमो का परचम फहरा रही हैं, उस दौर में उस जामा की पहचान दुर्गा सोरेन के साथ जुड़ी होती थी, दुर्गा सोरेन इसी जामा से 1995 और वर्ष 2000 में विधान सभा पहुंचे थे। हालांकि बीच में दुर्गा का यह काफिला तब रुका, जब 2005 में भाजपा के सुनील सोरेन के हाथों सियासी शिकस्त खानी पड़ी। इस बीच दुर्गा सोरेन ने गोड्डा से निशिकांत के विरुद्ध भी किस्मत आजमाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। यह कहानी भी कम दिलचस्प नहीं है कि जिस जामा पर कभी दुर्गा और तो कभी सीता का जलवा कायम हुआ। उसकी जमीन वर्ष 1985 में खुद दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने तैयार की थी। तब गुरु जी इसी जामा से बिहार विधान सभा पहुंचे थे। इस प्रकार 1985 से जामा में हुआ झामुमो यह सियासी सफर आज भी जारी है, आज भी जामा को झामुमो का अभेद किला माना जाता है। भाजपा आज भी जामा में कमल खिलाने का ख्वाब बुन रही है। इस ख्वाब को जमीन पर उतारने का एक से बढ़ कर एक सियासी प्रयोग कर रही है। सीता का यह प्रयोग भी भाजपा की सियासी प्रयोगशाला से निकला एक बड़ा मास्ट्रर स्ट्रोक है, लेकिन संताल की इस जमीनी पर यह दांव कितना सफल होता है, उसके लिए अभी इंतजार करना होगा। लेकिन इतना साफ है कि इस बार भाजपा ने अपना अंतिम दांव खेला है, पिछले तीन बार से जामा में झामुमो का परचम फहराती रही दुर्गा सोरेन की पत्नी और दिशोम गुरु की बड़ी बहुरानी को अपने पाले में ला खड़ा कर दिया है।

### निशिकांत की हुंकार के बाद सीता की डगर थी मुश्किल



आज दुर्गा सोरेन की मौत के करीब 15 वर्षों के बाद सीता सोरेन जामा की उसी जमीन पर कमल खिलाने निकल पड़ी थी, सीता की इस पलटी के पीछे की सियासत को सियासी गलियारों में समझने की कोशिश जारी है। इस बीच कुछ जानकारों का दावा है कि सीता सोरेन हाउस ट्रेंडिग मामला और आय से अधिक संपति के मामले में भाजपा के निशाने पर थी, किसी भी वक्त उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक सकती थी। भाजपा सांसद निशिकांत इस बात का दावा ठोक रहे थे कि आज नहीं कल सीता का जेल जाना तो तय है, निशिकांत के इस हुंकार के बाद सीता की डगर मुश्किल होती नजर आ रही थी और शायद यही वह टर्निंग प्वाइंट था जब इन आरोपों से मुक्ति से लिए सीता ने दुर्गा के जामा में कमल खिलाने का फैसला कर लिया।

### 21 मई 2009 को दुर्गा सोरेन की मौत और उसी वर्ष जामा से सीता की सियासी इंट्री

सीता की इस सियासी सफर के पीछे दुर्गा का खून-पसीना और दिशोम गुरु का संघर्ष है। यदि 21 मई 2009 को महज 40 वर्ष की आयु में दुर्गा सोरेन की मौत नहीं होती, तो यह मानने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि आज भी जामा में दुर्गा सोरेन का डंका बज रहा होता। तब पता नहीं, सीता सोरेन की सियासी भूमिका क्या होती? लेकिन वर्ष 2009 ना सिर्फ सीता के लिए दुखों का पहाड़ लेकर आया, बल्कि दुर्गा के रुप में झामुमो ने अपना सबसे मजबूत और धमाकेदार सियासी चेहरा भी खो दिया। जिस दुर्गा के एक इशारे पर कार्यकर्ताओं की फौज मैदान में हुंकार लगाती थी। जल जंगल और जमीन की लड़ाई का शंखनाद करता था। इस बीच सीता सोरेन के सामने अपनी तीन बेटियों जयश्री सोरेन, राजश्री सोरेन और विजयश्री सोरेन के भविष्य का सवाल भी खड़ा था। शिबू सोरेन जो दुर्गा की मौत के बाद लगभग टूट चुके थे, सीता सोरेन को उसी जामा से सियासी अखाड़े में उतराने का एलान किया, जिसकी रहनुमायी कभी दुर्गा सोरेन करते थे।

**खबर एक नजर में**

## खेलकूद प्रतियोगिता के प्रतिभागी पुरस्कृत



रांची। कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक, बाहैया में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन के बाद बुधवार को प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में लड़का और लड़की वर्ग के लिए अलग अलग क्रिकेट, वॉलीवाल, बैडमिंटन, चेस, कैरमबोर्ड आदि खेलों का आयोजन हुआ। पुरस्कार वितरण के मौके पर प्रभारी प्राचार्य बी एन घोष, प्रो हेमंत कुमार, प्रो जयदेव कुम्भकार, प्रो दिनेश मंडल, प्रो विकास, मो. मोद्दासीर, प्रो अरविन्द व प्रो देवेंद्र कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

## छात्र आजसू विवि का होली मिलन समारोह

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) रांची विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर आजसू रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने सभी छात्र छात्राओं को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में दीपक दुबे, विपिन यादव,विक्रम यादव, रोहित चौधरी, विशाल कुमार यादव, बियश महतो रोशन नायक, डालमनी, मंजीत, अभिषेक, साहू के अलावा अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के कई सदस्यों ने महत्पूर्ण भूमिका निभायी।

## बालाजी मंदिर में आमलकी व्रत आज

रांची। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी का नाम आमलकी व्रत बुधवार को है। इसका पवित्र व्रत विष्णु लोक की प्राप्ति कराने वाला है। इसे रंगभरी एकादशी भी कहते हैं। बुधवार को पहाड़ी मंदिर के निकट स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रातः नित्याराधन, पुण्याहवाचन, महाआरती, महास्तुति, नैवेद्य तथा तदियाराधन आदि अनेकों आयोजनों के साथ एकादशी व्रतोत्सव मनाया जायेगा।

## नीरजा सहाय डीएवी का परीक्षा परिणाम घोषित



रांची। नीरजा सहाय डीएवी कैंपस में मंगलवार को परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। साथ ही रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया। प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से छात्र-छात्राओं में जहां एक ओर सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता का भी प्रसार होता है। कक्षा में बैठा कर पढ़ाया गया पाठ तो बच्चे शायद ध्यान न भी दें। लेकिन जब वे अपने माता-पिता को रक्तदान करते हुए देखते हैं तो इसका प्रभाव चिरस्थायी होता है।

## सेंट माइकल्स प्ले स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी



रांची। ओटीसी स्थित सेंट माइकल्स प्ले स्कूल में मंगलवार को प्रेप के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस समागम की शुरूआत मुख्य मेहमान सह संस्था की प्रधानाचार्य वंदना बहल और उप प्रधानाचार्य ऋषिका बहल ने की। मुख्य मेहमानों ने प्राइमरी विंग में प्रवेश कर रहे प्रेप के विद्यार्थियों को कन्वोकेशन ड्रेस में डिग्री देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रेप के विद्यार्थियों ने वेलकम डांस के साथ साथ अपने प्रिय अध्यापिकाओं को समर्पित करते हुए भावुक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की इंचार्ज तृप्ति प्रसाद और रश्मीत कौर ने शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रेप की क्लास टीचर्स अर्चना सिंह, विनीता मेहता, नेहा सिंह, प्रिया प्रसाद, कामिनी गुप्ता, इंद्रजीत कॉर और शिल्पा बेदी ने अपने कक्षा के बच्चों से जुड़ी यादगार लम्हों को सभी के साथ बांटा। सेंट माइकल्स प्ले स्कूल की ओर से इन सभी बच्चों को उनकी जिंदगी के नए पड़ाव के लिए बधाई दी गयी।

## सांसद प्रदीप वर्मा का नागरिक अभिनंदन



रांची। श्री महावीर मंडल, श्री राम सेना ने मंगलवार को नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा का भव्य नागरिक अभिनंदन किया। अभिनंदन समारोह में मुख्य रूप से राज्य सभा सांसद प्रदीप वर्मा, दीपक बंका एवं श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता समिति के मुख्य संरक्षक शंकर दुबे, संचालन आकाश दुबे ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विशाल राय ने किया। समारोह में प्रदीप वर्मा का स्वागत पगड़ी पहनाकर व चुनरी ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया। शंकर दुबे ने प्रदीप वर्मा को राज्यसभा सांसद बनाये जाने पे बाबूलाल मरांडी एवं भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर श्री वर्मा ने सभी लोगो को होली एवं रामनवमी की अग्रिम बधाई दी। अभिनंदन समारोह में अजय कुमार वर्मा, प्रकाश नायक, राजेश सिंह, राणा हषवीर, अजय राम, अमित सिंह, अविनाश कुमार, संतोष उपाध्याय, मृणाल राज सहित दर्जनों पदाधिकारियों भूमिका निभाई।

**विभागीय सचिव ने जुडको से संबद्ध एक-एक योजनाओं की गहन समीक्षा की**

# पाइपलाइन से सड़क पर हुए गड्ढों को अविलंब री-स्टोर किया जाये : सचिव

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने निर्देश दिया है कि पाइपलाइन बिछाये जाने से सड़कों पर उभरे गड्ढों को अविलंब सुधारने के लिए रेस्टोरेशन का काम किया जाये। जहां तक रेस्टोरेशन हो जाये, उसके बाद ही आगे पाइपलाइन बिछायी जाये। उन्होंने यह निर्देश मंगलवार को जुडको के सभागार में हुई मैराथन बैठक के दौरान दिया। मौके पर पाइपलाइन बिछाये जाने के संबंध में जुडको के अधिकारियों ने बताया कि एनएचआई, पथ निर्माण एवं वन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने में विलंब होने के कारण योजनाओं के धरातल पर उतारने में देरी हो रही है। हिन्दपीड़ी में जलमीनार बनाने में स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। इसके लिए सचिव ने जिला प्रशासन से बात कर समाधान निकालने का निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि पाइपलाइन और रेस्टोरेशन का काम रात्रि में कराया जाये। उन्होंने राज्य में चल रही सभी जलापूर्ति योजनाओं का जायजा लिया और पेयजलापूर्ति जल्द शुरू कराने का निर्देश दिया।

सचिव ने निर्देश दिया कि रांची पेयजलापूर्ति योजना सहित अन्य निकायों में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से शीघ्र हैंडओवर लिया जाये। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर काम किया जाये। सभी संवेदकों से वीडियो कांफ्रेसिंग कर योजनाओं में हो रही देरी का कारण जाना जाये। उन्होंने कांटाटोली फ्लाईओवर के काम में तेजी लाते हुये नीचे पार्किंग की भी संभावना तलाशने का निर्देश दिया। रांची ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण कार्य की समीक्षा की।

बताया गया कि मई तक फेज -1 का काम पूरा हो जायेगा। नगर निकायों के बन रहे भवनों एवं टाउन हाल के निर्माण की प्रगति से भी अवगत हुये। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घरों में बिजली पानी जल्द उपलब्ध करायें तभी लाभुक आवासों में गृह प्रवेश करेंगे। बैठक में सचिव चंद्रशेखर के अलावा नगर विकास विभाग के अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, जुडको के परियोजना निदेशक (तकनीकी गोपालजी, परियोजना निदेशक ( प्रशासन ) अरविंद कुमार मिश्र एवं परियोजना निदेशक (वित्त) उपस्थित थे।

## चैंबर भवन में कार्यशाला, महिला उद्यमियों को आइटी के उपयोग की गयी जानकारी



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन में मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह उपस्थित रहीं। इस दौरान कम आय वाली महिला उद्यमियों की उन्नति के लिए आईटी के उपयोग पर चर्चा की गयी।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि कुटीर उद्योग से जुड़ी महिलाओं द्वारा बनाये गये उत्पाद को बेहतर मार्केट मिल सके, इस पर कार्रवाई जारी है। वेंडर मार्केट के तर्ज पर प्रत्येक जिले में महिला मार्केट की स्थापना का भी प्रयास किया जा रहा है। जिसके दूरगामी परिणाम आयेंगे। डिजिटल युग में साइबर क्राइम की घटनाएं भी बढी हैं। जिसके प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह ने अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही आईटी क्षेत्र मे आत्मनिर्भर बनने और देश के विकास में योगदान देने देने की बात कहीं। जिससे समावेशी विकास हो सके। कार्यशाला में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, अमित शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार समेत अन्य मौजूद रहे।

## श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव निशान शोभा यात्रा के साथ प्रारम्भ

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। श्री श्याम मण्डल, रांची का तीन दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव मंगलवार को विराट निशान शोभा यात्रा के साथ प्रारम्भ हुआ। श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर में विधि विधान से निशान पूजन के बाद आरती की गई। श्री श्याम प्रभु के गगन भेदी जयकारों के बीच 750 भक्तगण श्री श्याम निशान लेकर झूमते नाचते श्री श्याम प्रभु को निशान अर्पित करने निकले। इस अवसर पर पूरे मार्ग में रंग अबीर गुलाल एवम भजनों की मस्ती लेते भक्तगण शोभायात्रा में शामिल थे। सम्पूर्ण मार्ग में श्री श्याम मण्डल रांची द्वारा प्रसाद वितरण एवम शुद्ध जल, जूस का भी वितरण किया गया। साथ ही कई धार्मिक संथाओं ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। निशान यात्रा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर जैसे ही पहुंची सभी श्याम भक्तों का उत्साह बड़े ही भाव विभोर के साथ श्री श्याम प्रभु को निशान अर्पित किया।

## कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के जिलावार संयोजक नियुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग के अनुमोदन के पश्चात झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग के जिलावार संयोजकों एवं सह-संयोजको की नियुक्ति कर दी गयी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि सोशल मीडिया रांची जिला के लिए विकास कुमार यादव, गढ़वा- मोहम्मद मुशाहिद हुसैन, धनबाद -ओम शर्मा, पलामू- मुकेश कुमार सिंह, हजारीबाग- उदय केसरी, रामगढ़- कमलेश कुमार महतो, चतरा- विक्रम कुमार सिंह, बोकारो- जियाउल अंसारी, देवघर- अमित कुमार पांडे, पाकुड़ - पियारूल इस्लाम, साहिबगंज- निहाल, गोड्डा- अभिनव कुमार सिंह, जामताड़ा- जियाउल अंसारी, गिरिडीह- हिमांशु गुप्ता, कोडरमा - चांद आलम, दुमका -निश्चय झा, लोहरदगा- असलम अंसारी, लातेहार- शुभम कुमार दुबे, पूर्वी सिंहभूम -राजकुमार वर्मा, प. सिंहभूम- अमित मुखी, सिमडेगा- रणधीर रंजन, गुमला- संजय गोप, सरायकेला खरसावां- अभिषेक शास्त्री, खूंटी -सुनीता गोप को संयोजक बनाया गया है। प्रत्येक जिले में सह- संयोजकों का भी मनोनयन किया गया है।

## श्याम अमृत महोत्सव में गूंजा 94वां सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ



रांची। श्रीश्याम मित्र मंडल रांची के स्थापना दिवस पर पांच दिनी रंग रंगीला श्रीश्याम फागण महोत्सव मना रहा है। श्याम बाबा की आराधना के साथ ही रुद्रावतार हनुमान जी की अरदास के लिए 94वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया गया। हरमू रोड स्थित श्रीश्याम मंदिर में विनोद अग्रवाल राजकुमारी अग्रवाल आदित्य एवं सौम्या अग्रवाल ने हनुमान जी की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जय कपीस तिहुं लोक उजागर तथा दीनदयाल बिरिदु संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी के संगीतमय पाठ से श्रद्धालु झूम उठे। धनबाद के पंकज मोदी एवं पंकज सांवरिया के संगीतमय पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। 400 लोगों ने सामूहिक पाठ किया और हनुमान जी की आराधना में लीन रहे। 20 मार्च को महोत्सव के चौथे दिन फाल्गुन की बड़ी एकादशी मनायी जायेगी।

## किसी भी सरकार ने झारखंडियों का भला नहीं किया: बबलू मुंडा

रांची। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि झारखंड अलग राज्य हुए 24 साल हो गऐ पर झारखंड में सिर्फ नेतृत्व परिवर्तन होता है, व्यवस्था परिवर्तन नहीं हुआ। इसलिए आज खनिज संपदा का दोहन हो रहा है। जल जंगल जमीन का अतिक्रमण हो रहा है। भाषा संस्कृति पर भी प्रहार हो रहा है। शिक्षा और रोजगार में भी दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। झारखंड अलग होने से लेकर आज तक जो भी सरकार बनी है चाहे भाजपा आजसू हो, भाजपा झामुमो की हो या वर्तमान में कांग्रेस, झामुमो, राजद की सरकार हो सभी पार्टियों के नेता लोग अपना अपना गगरा भरने का काम किया। इन्हीं कारणों से झारखंड का यह हाल है। इसका जिम्मेवार यहां के सांसद विधायक एवं मंत्री हैं। झारखंड में सरकार झारखंडी विधायक मंत्री नहीं बल्कि बाहरी एवं आदिवासी मूलवासी विरोधी अफसर द्वारा चलाया जा रहा है। यहां के विधायक मंत्री का अफसरों पर लगाम नहीं है।

# रांची महाधर्मप्रांत के नये आर्चबिशप के रूप में विसेंट आईंद ने ली शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। कैथोलिक कलीसिया रांची महाधर्मप्रांत के नये आर्चबिशप विसेंट आईंद का प्रतिष्ठापन (शपथ ग्रहण) समारोह मंगलवार को रांची के पुरुलिया रोड स्थित लोयोला मैदान में संपन्न हुआ। इस मौके पर उन्होंने रांची महाधर्मप्रांत के सातवें आर्चबिशप के रूप में शपथ ली। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पोप फ्रांसिस के भारत और नेपाल के राजदूत नूनसियो लियोपोल्दो जेरेल्ली शामिल थे।


**पोप फ्रांसिस का आदेशपत्र पढ़कर सुनाया** : संत मरिया महागिरजाघर के पुरोहित फादर आनंद डेविड ने पोप फ्रांसिस के आदेशपत्र को पढ़कर सुनाया। इस आदेश पत्र में पोप द्वारा विसेंट आईंद को रांची का आर्चबिशप बनाने की घोषणा की गयी थी। यह पत्र विश्वासियों को दिखाया गया। इसके बाद नवनियुक्त आर्चबिशप विसेंट आईंद को उनकी विशेष कुर्सी 'कैथेड्रा' पर बिठाया गया। साथ ही निवर्तमान आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने आर्चबिशप विसेंट आईंद को उनकी 'मेषपालीय दंड' (छड़ी) सौंपा। आर्चबिशप अपने धर्मप्रांत के चरवाहे के रूप में होते हैं जो अपनी भेड़ों (विश्वासियों) के झुंड की देखरेख और रक्षा करते हैं। आज जिस कुर्सी पर उन्हें बिठाया गया और जो छड़ी उन्हें सौंपी गयी वह उनके विशेषाधिकारों को इंगित करती है। धर्मविधि के दूसरे चरण में आर्चबिशप विसेंट आईंद ने विश्वासियों के समक्ष पहली बार मिस्सा आराधना संपन्न की। इस अवसर पर उन्होंने अपने उपदेश में कहा कि संत जोसेफ के पर्व के अवसर पर मुझे आर्चबिशप की बड़ी जिम्मेदारी मिली है।

**28 बिशप शामिल हुए** : समारोह में 28 बिशप शामिल हुए। इनमें दिल्ली के बिशप अनिल, कोलकाता के बिशप थॉमस डिसूजा, पटना के बिशप सेबेस्तियन, डाल्टनगंज के बिशप थियोडोर मास्करेहंस सहित अन्य बिशप शामिल थे। साथ ही सोसायटी ऑफ जीसस के प्रोविंशियल फादर अजीत खेस, संत अन्ना धर्मसमाज की मदर सिस्टर लिली ग्रेस टोपनो, उसुर्लाइन कान्वेंट की प्रोवेंशियल सिस्टर ईवा जस्टीना रोमोल्डा शामिल थे।

**जलपाईगुड़ी के रहनेवाले हैं आर्चबिशप, आठ भाषाओं के हैं ज्ञाता** : आर्चबिशप विसेंट आईंद पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी के हैं। उनका जन्म 30 जनवरी 1955 को हुआ था। वे आठ भाषाओं के ज्ञाता हैं। उन्होंने अर्थशास्त्र में स्नातक किया है और अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर। उन्होंने थियोलॉजी और फिलॉसफी की शिक्षा ली। रोम के पोंटिफिशियल ग्रेगोरियन यूनिवर्सिटी रोम से फिलॉसफी में डॉक्टरेट की डिग्री ली। आर्चबिशप अंग्रेजी, हिंदी, नेपाली, बंगाली, सादरी, मुंडारी, इटालियन और फ्रेंच भाषाओं के ज्ञाता हैं।

## बीआइटी लालपुर में मार्केट इनसाइट्स के लिए डेटा विश्लेषण पर पांच दिनी कार्यशाला

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। बीआइटी मेसरा लालपूर सेंटर में मार्केट इनसाइट्स (डमी-24) के लिए डेटा विश्लेषण पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हो गया। समापन के दिन तीन सत्र थे और प्रतिभागियों के लिए एक परीक्षण हुआ। इसके बाद ही कार्यशाला के समापन की घोषणा की गयी। समापन सत्र की अध्यक्षता बीआईटी मेसरा (लालपुर) की निदेशक डॉ. वंदना भट्टाचार्या ने की और सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. तपोश घोषाल थे। समापन दिवस यानी 19 मार्च के लिए संसाधन व्यक्ति के रूप में डॉ. श्रद्धा शिवानी-डीन पूर्व छात्र एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध बीआईटी मेसरा, डॉ. एस रॉय-बीआईटी मेसरा और डॉ. तपोष घोषाल-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित प्रबंधन सलाहकार थे।अंतिम दिन का उद्देश्य निर्णय लेने की अंतर्दृष्टि के लिए डेटा विश्लेषण के लिए एक शीर्ष से नीचे रणनीतिक दृष्टिकोण प्रदान करना था।

कार्यशाला समन्वयक डॉ सोमनाथ मुखर्जी ने कार्यशाला की प्रगति की जानकारी दी और सत्रवार निष्कर्षों पर प्रकाश डाला और धन्यवाद ज्ञापन भी व्यक्त किया। निदेशक (प्रभारी)-बीआईटी मेसरा (लालपुर) ने कार्यशाला को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और सभी संकाय सदस्यों से इस तरह की कार्यशाला और कार्यक्रमों की योजना बनाने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि डॉतपोश घोषाल प्रतिभागियों और आयोजकों की ऊर्जा और प्रेरणा से अभिभूत दिखे। डॉ. घोषाल ने पाठ्यक्रम डिजाइन की सराहना की और आगे भी इसी तरह के शिक्षण सत्रों की शुभकामनाएं दीं। इससे पहले कार्यशाला का उद्घाटन बीते 15 मार्च को बीआईटी मेसरा के डीन ऑफ फैकल्टी अफेयर्स (डीओएफए) डॉ. अशोक शेरोन ने किया था।

# झारखंड में एसटी के लिए रिजर्व पांच लोकसभा सीटों पर चौंकाने वाले रहे हैं नतीजे

**संदर्भ: लोकसभा चुनाव 2024**

सत्येन्द्र

रांची। लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की घोषणा के बाद झारखंड में 13 मई से एक जून के बीच चार चरणों में मतदान होना है। राज्य के 14 लोकसभा सीटों पर जीत के लिए एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेता पसीना बहाने में कोताही नहीं बरत रहे है। भाजपा का दावा है कि एनडीए गठबंधन इसबार सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करेगा। लेकिन हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद इंडिया गठबंधन भी इस बात को लेकर आशान्वित है कि भाजपा का तिलिस्म टूटेगा और गठबंधन को सबसे ज्यादा सीटें मिलेंगी। इसके बावजूद सच तो यह है कि झारखंड में असली लड़ाई एसटी के लिए रिजर्व पांच सीटों को लेकर है। 2019 के चुनाव में राजमहल, दुमका, सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा में से राजमहल और सिंहभूम को छोड़कर शेष तीन सीटों पर भाजपा की जीत हुई थी। ये ऐसी सीटें हैं जहां से चौंकाने वाले नतीजे सामने आते रहे हैं। इस बार झामुमो से बीजेपी में शामिल हुई सीता सोरेन को लेकर यह कयास लगाया जा रहा है कि एसटी सीटों पर बीजेपी की जीत में सीता सोरेन महत्वपूर्ण भूमिका नियाएगी। कयास तो इस बात का भी लगाया जा रहा है कि बीजेपी सीता सोरेन को दुमका लोकसभा सीट से चुनाव भी लड़ा सकती है। इसके बावजूद यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है झारखंड की पांच एसटी सीटों के नतीजे हर बार चौकानेवाले होते है।

## राजमहल (एसटी) सीट का समीकरण

साहिबगंज की राजमहल, बोरियो, बरहेट और पाकुड़ की लिट्टीपाड़ा, पाकुड़ और महेशपुर विस क्षेत्र को मिलाकर बनी है राजमहल लोकसभा सीट। इस सीट पर कांग्रेस का दबदबा था। लेकिन झारखंड बनने के बाद 2004 से 2019 के बीच हुए चार चुनावों की बात करें तो 2004 में झामुमो के हेमलाल मुर्मू ने कांग्रेस के थॉमस हांसदा को महज 3 हजार वोट के अंतर से हराया था। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सोम मरांडी ने भी जबरदस्त टक्कर दी थी। 2009 में इस सीट से भाजपा के देवीधन बेसरा ने जीत दर्ज की थी। हालांकि 2014 और 2019 में मोदी लहर के बावजूद यहां से झामुमो के विजय हांसदा विजयी रहे। इसबार भाजपा ने ताला मरांडी को प्रत्याशी बनाया है।

2019 में राजमहल सीट पर झामुमो के विजय हांसदा को 5,07,830 वोट तो भाजपा के हेमलाल मुर्मू को 4,08,688 वोट मिले थे। भाजपा ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र में करीब 23 हजार वोट की बढ़त हासिल की थी। लेकिन बोरियो में करीब 11 हजार, बरहेट में 13 हजार, लिप्तीपाड़ा में करीब 16 हजार, पाकुड़ में 59 हजार और महेशपुर में करीब 31 हजार वोट की बढ़त झामुमो को मिली थी।

## दुमका (एसटी) सीट का समीकरण

दुमका लोकसभा क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीटें हैं। इनमें दुमका, शिकारीपाड़ा, नाला, जामा के अलावा जामताड़ा जिले का जामताड़ा और देवघर जिले का सारठ विधनसभा सीट शामिल है। झारखंड बनने के बाद से 2019 तक हुए चार चुनावों में लगातार तीन बार झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन सब पर हावी रहे। उन्होंने 2004 में भाजपा के सोनेलाल हेम्ब्रम को हराया। 2009 और 2014 में भाजपा के सुनील सोरेन को हराया लेकिन 2019 में शिबू सोरेन अपने ही शागिर्द रहे भाजपा प्रत्याशी सुनील सोरेन से हार गये। इसबार शिबू सोरेन खराब स्वास्थ्य के कारण चुनाव लड़ने की स्थिति में भी नहीं है। चर्चा है कि जेल में रहते हुए हेमंत सोरेन या उनकी पत्नी कल्पना सोरेन अपने परंपरागत सीट को बचाने के लिए चुनाव मैदान में उतर सकते हैं।

दुमका में भाजपा को करीब 9 हजार 500, जामा से भाजपा को करीब 8 हजार से अधिक, सारठ में भाजपा को 20 हजार से अधिक, नाला में भाजपा को 30 हजार से अधिक, जामताड़ा में झामुमो को 20 हजार से अधिक और शिकारीपाड़ा में झामुमो को करीब 20 हजार अधिक वोट मिले थे।

## सिंहभूम (एसटी) सीट का समीकरण

सिंहभूम लोस क्षेत्र सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगनाथपुर, मनोहरपुर और चक्रधरपुर विधानसभा को कवर करता है। इनमें से पांच पर झामुमो और एक पर कांग्रेस का कब्जा है। सरायकेला से झामुमो विधायक चंपाई सोरेन वर्तमान में मुख्यमंत्री भी हैं। सभी विधानसभा सीटें भी एसटी के लिए रिजर्व है। राज्य बनने के बाद 2004 से 2019 के बीच हुए चार चुनावों में कांग्रेस ने दो बार, भाजपा ने एक बार और निर्दलीय के रुप में मधु कोड़ा ने एक बार चुनाव जीता है।

2019 के चुनाव में यही एकमात्र सीट थी जिसपर गीता कोड़ा ने जीत दर्ज कर कांग्रेस का खाता खोला था लेकिन इसबार गीता कोड़ा भाजपा की प्रत्याशी हैं। इससे सिंहभूम का पूरा समीकरण बिगड़ गया है। राज्य बनने के बाद 2004 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में यहां से कांग्रेस के बागुन सुम्ब्रई जीते थे। लेकिन 2009 तक राज्य की सत्ता में दबदबा बढ़ने से मधु कोड़ा निर्दलीय होने के बावजूद सांसद बन गये। हालांकि 2014 में मोदी लहर ने भाजपा के लक्ष्मण गिलुआ को जीत दिला दी लेकिन 2019 में मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा ने लक्ष्मण गिलुआ से हार का बदला ले लिया और 2019 में भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया। इस बार गीता कोड़ा की वजह से भाजपा को आस जगी है।

## लोहरदगा (एसटी) सीट का समीकरण

लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधानसभा सीटें हैं। इनमें मांडर में कांग्रेस, लोहरदगा में कांग्रेस, सिसई में झामुमो, गुमला में झामुमो और विशुनपुर में झामुमो का कब्जा है। इसके बावजूद 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुदर्शन भगत की जीत हुई थी। लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने जबरदस्त टक्कर दी थी। उनसे भाजपा प्रत्याशी महज 10 हजार 363 वोट के अंतर से जीते थे।2014 में मोदी लहर के बावजूद सुर्दर्शन भगत कांग्रेस प्रत्याशी रहे रामेश्वर उरांव से सिर्फ 6,489 वोट के अंतर से जीत पाए थे। 2009 के चुनाव में में ही भाजपा के सुदर्शन भगत ही जीते थे लेकिन उन्हें बतौर निर्दलीय चमरा लिंडा ने जबरदस्त टक्कर दी थी। इसबार भाजपा ने तीन बार से सांसद रहे सुदर्शन भगत की जगह समीर उरांव को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होता रहा है।

## खूंटी (एसटी) सीट की समीकरण

खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीटें हैं। इनमें खरसांवा और तमाड़ सीट पर झामुमो, खूंटी और तोरपा सीट पर भाजपा की जीत हुई थी। जबकि सिमडेगा और कोलेबिरा सीट कांग्रेस के खाते में हैं। यह भाजपा की परंपरागत सीट रही है। यहां से 1989 से 1999 तक हुए पांच चुनावों में भाजपा के कड़िया मुंडा जीते थे। उन्हें 2004 में कांग्रेस की सुशीला केरकेप्ता ने हराया था। लेकिन 2009 और 2014 में फिर कड़िया मुंडा काबिज रहे।

हालांकि 2019 में कड़िया मुंडा की जगह भाजपा ने अर्जुन मुंडा को उतारा लेकिन वह कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से महज 1,490 वोट के अंतर से जीते थे। उनकी जीत में तमाड़ और खरसांवा के लोगों ने निर्णायक भूमिका अदा की थी। इस बार फिर भाजपा ने अर्जुन मुंडा को खूंटी की कमान दी है। अर्जुन मुंडा की राह कैसी होगी यह इंडिया गठबंधन द्वारा प्रत्याशी के नाम की घोषणा के बाद पता चलेगा। चर्चा है कि अगर कालीचरण मुंडा को फिर उतारा गया तो मुकाबला दिलचस्प हो सकता है।

# राजस्व उप निरीक्षक और प्राईवेट अमीन दस हजार रिश्वत लेते रंगे हांथ गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा ।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची की टीम ने अंचल कार्यालय अनगड़ा में कार्यरत हल्का सात एवं तीन के राजस्व उप निरीक्षक कुलदीप साहू व प्राईवेट अमीन प्रभु पाहन को एसीबी की टीम ने मंगलवार को दस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। दोनों को गिरफ्तार कर एसीबी की टीम रांची ले गई। मनोज मुण्डा पिता स्व गंगाराम मुण्डा ग्राम राजाडेरा टंगटंग टोली निवासी की शिकायत पर एसीबी टीम ने उक्त गिरफ्तारी की कार्रवाई की है। बताया गया कि दोनों एसीबी की गतिविधि को भांप कर भागने का प्रयास किए लेकिन टीम ने कुछ दूर दौड़ा कर दोनो को दबोच लिया । और तीन वाहन मे आए एसीबी टीम ने दोनो को पकड़कर गाड़ी में लाद कर पांच मिनट के अन्दर लेकर राची की ओर चले गए । बताया गया कि मनोज मुन्डा ने 16 सितम्बर2023 को अपनी जमीन खाता



संख्या 55 प्लॉट संख्या 1714 , 1715 , 1717 , 1718 में कुल रकबा 26 एकड़ 52 डीसमील जमीन जिसका पंजी-क्क में प्लॉट चढ़ाने के लिए अंचल कार्यालय अनगड़ा में ऑनलाईन करने के लिए आवेदन दिया था। ऑन लाइन प्लॉट चढ़ाने के नाम पर अंचल में कार्यरत राजस्व उप निरक्षक कुलदीप साहू व प्राईवेट अमिन प्रभु पाहन के द्वारा बोला गया कि एक हजार रूपया प्रति डीसमील के हिसाब से खर्चा लगेगा कहा गया कि तूम ऐसा करो कि जो जरूरी प्लॉट है उसी का काम करवा लो। इस पर दो प्लॉट ऑनलाईन चढवाने के बारे में बोलने पर राजस्व उपनिरीक्षक कुलदीप साहु ने आवेदक से कहा की तुमको 800 रुपया प्रति डीसमील के हिसाब से एक लाख चालीस हजार रुपया होता है तो तुम एक लाख रूपया दे दो कहा गया कि कुछ समय चाहिए तो दे रहे हैं 20 से 25 हजार में काम नही होगा। रिश्वत की मांग करने पर शिकयत कर्ता ने एसीबी को आवेदन किया था । आवेदन का सत्यापन एसीबी के पुलिस निरीक्षक जगन्नाथ धान ने किया । जिसमें राजस्व उप निरीक्षक के द्वारा रिश्वत की मांग करना सत्य पाया गया वादी के लिखित आवेदन एवं सत्यापनकर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची थाना कांड सख्या5/2024 दिनांक 18/03/2024 धारा 7 (ए) भ्रष्टाचार निरोधक संशोधित अधिनियम2018 पंजीकृत कर राजस्व उप निरीक्षक एव प्राईवेट अमीन प्रभू पहान को दस हजार रुपया रिश्वत लेते रंगे गिरफ्तार किया गया ।

## स्पीड न्यूज

### महिला का थैला काट फोन व रुपये उड़ा ले गये उच्चके

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय स्थित साप्ताहिक सोमवार बाजार से एक महिला उचक्के का शिकार बन गई। उचक्के ने महिला का थैला काटकर उसमें रखे 1500 रुपये, यूको बैंक का पासबुक, राशनकार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड और फोन उड़ा लिया। पीड़ित महिला प्रखंड के दिघिया के कुदारखो गांव निवासी बिनका लकड़ा है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह सोमवार को अपने गांव से लगभग तीन बजे बेड़ो बाजार सब्जी खरीदने आई थी। सब्जी खरीदने के दौरान जब थैली में हाथ डाली तो वह कटा हुआ था।

### बेड़ो सरहुल पूजा की तैयारी को लेकर बैठक

**बेड़ो।** करमचंद भगत कालेज बेड़ो में मंगलवार को सरहुल पूजा की तैयारी को लेकर बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया कि करमचंद भगत महाविद्यालय के प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरहूल पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही आदिवासी पम्परागत रीति रिवाज के साथ प्रकृति महापर्व को मनाया जाएगा। बैठक में कुड़ुख विभाग की प्रो. नीरू कुमारी, अनिल उरांव, दर्शन शास्त्र विभाग बिरसा उरांव, फूलों तिर्की, मुकेश उरांव, अनिता कुमारी, कमलेश उरांव, रेजीना तिर्की, आगस्ती कुमारी, रजनी कुमारी, सोनू उरांव व अंशु खेस सहित महाविध्यालय के कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### रोशनी से जगमग हुआ बेड़ो सब्जी मंडी

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर स्थित झारखंड की प्रसिद्ध सब्जी मंडी व सोमवार, गुरुवार और शनिवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार में मंगलवार को बाजार समिति के द्वारा सब्जी मंडी व पूरे बाजार में जगह-जगह लाइट लगाई गई। वही लाइट लगाने लगने से पूरा परिसर रोशनी से जगमग हो उठा। समिति के लोगों ने कहा है कि पूरे बाजार समिति में धीरे-धीरे सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। इसके बाद सीसीटीवी कैमरा व ध्वनि विस्तारक यंत्र भी बाजार परिसर में लगाई जाएगी। वही इस वर्ष से गुरुवार साप्ताहिक बाजार से होली मेला की शुरूआत की जाएगी।

### खलारी में वाहन चैकिंग अभियान शुरू

**खलारी।** आचार संहिता लगते ही खलारी पुलिस ने वाहन चैकिंग अभियान शुरू किया। क्षेत्र में दोपहिया वाहनों व चारपहिया वाहनों पर गहन जांच किया जा रहा है। बताया गया कि वाहन चेकिंग अभियान लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में आचार संहिता लागू होते ही राँची निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीमों ने वाहन चैकिंग अभियान शुरू कर दिया है। इस दौरान खलारी पुलिस ने जी टाइप के चौक पर वाहनों का जांच पड़ताल किया गया।

### चुनाव प्रशिक्षण में जाने वाले कर्मियों का हो अग्रिम भुगतान-बिगन भोगता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने बयान जारी कर कहा है कि लोकसभा चुनाव में सीसीएल एन के एरिया के चुनाव ड्यूटी में लगाये जाने वाले कोयला कर्मियों को अग्रिम राशि भुगतान करने की मांग की है।

# सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** बिजुपाड़ा-खेलारी मुख्य पथ पर चान्हो थाना क्षेत्र के लुकैया डोढहा के समीप हुए सड़क हादसे में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं तीसरे युवक की भी मंगलवार को सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक युवक श्रवण उरांव ,18 वर्ष चोड़ा गांव का ही रहने वाला था। एक अन्य युवक भी इस हादसे में घायल हुए हैं। बुढ़मू थाना क्षेत्र के साढ़म गमहरिया निवासी 17 वर्षीय अनीस उरांव पिता गोलको उरांव शामिल हैं। घुटना सोमवार देर शाम की है। बताया जाता है कि ऋतिक अपने दोस्त अनीश और नीरज तथा एक अन्य दोस्त के साथ एक ही बाइक आर वन फाइव पर सवार शादी समारोह में भाग लेने चान्हो के पतरातु तेतरटोली जा रहा था। इसी बीच




लुकैया डोढहा के निकट ब्रेक डाउन होकर सड़क किनारे खड़ी एक टर्बो ट्रक से इनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि मौके पर ही ऋतिक कि मौत हो गई। हादसे के बाद काम चोट होने के कारण एक दोस्त उस स्थान से चला गया जबकि दो अन्य को अस्पताल ले जाया जा रहा था पर रास्ते में ही अनीश ने दम तोड़ दिया। रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचने पर चिकित्सकों ने अनीश को मृत घोषित कर दिया वहीं इनके एक अन्य साथी नीरज उरांव को कम चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वही रिम्स रेफर किया गया तीसरे युवक श्रवण उरांव की भी मंगलवार को सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर वहां पहुंची चान्हो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक ऋतिक महली दो भाईयों में बड़ा था, और इसी साल इंटर की परीक्षा देकर घर में रह रहा था। वह फेसबुक में रील बनाने का शौकीन था। उसके माता पिता घर पर नहीं है, दोनो ईट भट्ठा में मजदूरी करने बाहर गए हुए है। एक साथ दो दोस्तों की मौत की खबर से उसके दोस्तो और परिजनों में मातम पसर गया है।

# आंदोलनकारी के परिजनों से मिला शिष्टमंडल

## प्रतिमा लगाने पर दिया बल, परिवार का जाना कुशलक्षेम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में गठित झारखंड आंदोलनकारी कल्याण समिति का शिष्टमंडल दिवंगत धनेश्वर भगत के परिजनों से सिमलिया स्थित आवास में मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान स्व भगत की आदमकद प्रतिमा लगाये जाने पर जोर दिया गया। इसे लेकर 20 मार्च को विशेष बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी। इसके उपरांत, एक प्रतिनिधि मंडल सीओ रवि कुमार से मिल प्रतिमा स्थल के लिये जमीन उपलब्ध कराने की मांग की जायेगी। मौके पर महावीर विश्वकर्मा, विश्वनाथ



परिजनों से बातचीत करते लोग।

पाहन, मोहन उरांव, संजीत गोप, जोगेंद्र गोप, बीरेंद्र साहू, नारायण गोप, सुखी उरांव व राजेन्द्र भगत आदि मौजूद थे।

# परेड दिवस समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी ।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केन्द्र सैम्बो में मंगलवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 85वीं परेड दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि शील निधि झा, उप महानिरीक्षक, के.रि.पु.बल झारखंड सेक्टर ने समारोह का शुभारंभ सर्वप्रथम शहीद स्मारक स्थल पर जाकर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर और उन्हें सम्मान में सलामी दे कर की । मौके उन्होंने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 85वीं परेड दिवस के उपलक्ष्य में भव्य परेड का आयोजन ग्रुप केन्द्र प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में किया गया। मौके पर गृह मंत्री अमित शाह अतिथि के रूप में परेड की सलामी ली। मौके पर ग्रुप केन्द्र सेबों रांची के उप महानिरीक्षक डी.एन. लाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि के.रि.पु.बल के वीर जवानों का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने वर्तमान में देश की सुरक्षा को बनाए रखने हेतु सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को उनके कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण की सराहना की। साथ ही भविष्य में संभावित चुनौतियों का भी उन्हें बोध कराया।मौके पर के.रि.प ग्रुप केन्द्र सेबों रांची के कमाण्डेण्ट राजीव कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, तेज पवन टोप्पो, सहित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सैकड़ों जवान उपस्थित थे।



## समर्पणदीप बीएड कॉलेज, उषामातु में फ्रेशर्स डे मना

# विकास कुमार मिस्टर और लीना बैक बनी मिस फ्रेशर

### गीत-संगीत का चला दौर खूब थिरके छात्र-छात्राएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** समर्पणदीप बीएड कॉलेज में फ्रेशर्स डे का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन कॉलेज के प्रबंधन समिति सदस्य जितेंद्र प्रसाद, शैलेन्द्र सिंह व प्राचार्य दशरथ महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्री महतो ने स्वागत भाषण दिया और चालू सत्र के प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दी। वहीं, क्षितिज सिन्हा की ओर से पीपीटी के जरिये प्रशिक्षुओं को कॉलेज से रूबरू कराया गया। स्मृति, सौम्या व अमृत ग्रुप ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने इसका जमकर



समारोह में नये सत्र के विद्यार्थी।

लुत्फ उठाया। निर्णायक मंडली की ओर से बतौर मिस्टर फ्रेशर विकास यादव और लीना बैक को मिस फ्रेशर चुना गया। प्रथम सत्र का संचालन रिया व असिस्ता और द्वितीय सत्र का सुप्रिया व आशिष ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका लीना कुमारी ने दिया।

**इन्होंने निभायी भूमिका**

अभिषेक सिंह, नवल किशोर गुप्ता, विकास पोद्दार, विशाल सिंह, आनंद कुमार भगत, शशि कुमारी तिर्की, लीना कुमारी, वासिफ शाह, कन्हैया लाल केशरी, अच्युतानंद मिश्र, सजीत कुमार महतो, हरजीत कौर, ऋतु जया करकेट्टा, शालिनी सिन्हा, कन्हाई महतो, अनिल साहु, दिनेश महतो, शिवराज भगत, हर्षा गोयल, सुधीर, आंनद, विजय, नेहा, हर्षा रानी, सपना, पिंकी, रश्मि, प्रज्ञा व आकाश आदि।

## एक नजर में

### सीरम जंगल से बच निकला टीपीसी के सबजोनल कमांडर राहुल गंझू, वाहन सहित अन्य सामान बरामद

**बुढ़मू।** राजधानी रांची के बुढमू थाना क्षेत्र स्थित सीरम जंगल से टीपीसी के सबजोनल कमांडर राहुल गंझू उर्फ खलील जी पुलिस गिरफ्त से बच निकला। राहुल गंझू एके-47 लेकर घूमता है। उसके साथ करीब आधा दर्जन उग्रवादी शामिल है। खलारी डीएसपी के नेतृत्व में सीरम जंगल में सर्चिंग पर निकली थी। वही पुलिस की सूचना मिली थी कि जंगल में टीपीसी के उग्रवादी छिपे है। सूचना पर जब वहां पुलिस पहुंची तो राहुल गंझू बच निकला। पुलिस ने एक वाहन सहित अन्य सामान जब्त किया है। **दो वर्ष पूर्व खलील सहित आठ उग्रवादी को इंसास रायफल समेत अन्य हथियार के साथ पुलिस ने किया था गिरफ्तार** : रांची पुलिस टीपीसी के जोनल कमांडर राहुल गंझू उर्फ खलील सहित आठ उग्रवादियों को दिसंबर 2021 में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से एक इंसास रायफल, एक देसी रायफल, एक पिस्टल और दर्जनों कारतूस सहित अन्य समान पुलिस बरामद किया था। बरामद समान में पुलिस से लूटा हुआ रायफल भी शामिल है। सभी उग्रवादी लेवी वसूली के लिये जमा हुए थे। खलील पर मोहन और संतोष नामक उग्रवादी के हत्या का आरोप है। इलाके में वर्चस्व कायम करने के लिए दोनो की हत्या की गई थी।

### सोनाहातू में सघन वाहन चेकिंग

**सोनाहातू।** लोकसभा चुनाव को लेकर सोनाहातू पुलिस वाहनों का सघन चेकिंग किया जा रहा ।साथ ही बंगाल की सीमा लगने वाला गांव दुलमी के सामने भी चेक पोस्ट बनाया गया है। जहां पर पुलिस के द्वारा हर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। मंगलवार को थाना प्रभारी चंदन कुमार के निदेर्शानुसार ए एसआई दलगोविंद महतो ओर पुलिस बल सोनाहातू-बुंडू-सिल्ली सड़क पर सभी वाहनों का चेकिंग किये। दुपहिया वाहनों के चालक को हेमलेट पहने की सलाह दिया गया। वाहन चेकिंग अभी लगातार किया जाएगा

### क्लस्टर मजिस्ट्रेट ने किया बूथ वेरीफिकेशन

**सोनाहातू।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को सुविधा युक्त मतदान कराने को लेकर क्लस्टर मजिस्ट्रेट मो सैयद अख्तर ने प्रखंड के बूथ 252,273, 277 ओर ,278 बूथ में जाकर वेरिफिकेशन किया। क्लस्टर मजिस्ट्रेट के साथ आए टीम ने बूथ में शौचालय, पेयजल, लाइट, सफाई, मतदाता सूची आदि का वेरिफिकेशन किया। टीम ने मतदाताओं को सुविधा पूर्ण मतदान करने को लेकर कई बिंदुओं का जांच किया।

### होली पर्व को लेकर राहे में शांति समिति की हुई बैठक

**राहे।** होली पर्व को लेकर राहे थाना में मंगलवार को थाना प्रभारी फैज रब्बानी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। पर्व आपसी सौहार्द एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखते हुए मनाने पर चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि होली पर्व ऐसे मनाई की भाई- चारा का संदेश दूसरे जगह के लोगों तक पहुंचे। पुलिस आप सबों की मदद करेगी ।शांति भंग करने वालों को चिन्हित कर सूचना पुलिस को दे। साथ ही उन्होंने कहा कि होली पर्व आचार- संहिता को ध्यान में रखते हुए मनाये। शराबबंदी पर विशेष ध्यान होगी और हुड़दंग मानने वालों को चिन्हित की जाएगी। पर्व को देखते हुए प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहेगी। मौके पर एएसआई पिंटू कुमार ,जिला परिषद सदस्य बदल महतो, समिति के मनोज चटर्जी, सुरेंद्र प्रजापति, अक्षय महतो, राज किशोर मुंडा, देवाशीष चटर्जी, आदि मौजूद थे।

### खलारी बीडीओ ने बूथों का किया निरीक्षण

खलारी। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी के द्वारा खलारी प्रखंड के मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं शौचालय, पेयजल, रैंप आदि की जांच की। सीसीएल क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले मतदान केंद्रों के संबंध में सीसीएल के अधिकारियों के साथ महाप्रबंधक कार्यालय में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रखंड कार्यालय में अंचल अधिकारी खलारी, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी के साथ आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों संबंधित समीक्षा बैठक की। खलारी प्रखंड को कुल 8 सेक्टर में बांटा गया। प्रतिनियुक्त सभी सेक्टर पदाधिकारियों के साथ मतदान केंद्र पर उपलब्ध आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से संबंधित बैठक किया गया।

### आदर्श आचार संहिता का अनुपालन को लेकर दौरा

**ढाकुरगांव।** बुढ़मू सीओ सचिदानंद वर्मा तथा बीडीओ धीरज कुमार ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन को लेकर दौरा किया। इस क्रम में अधिकारियों ने पीडीएस दुकानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, भवनों से फोटोयुक्त बैनर व पोस्टरों को हटाने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ व सीओ ने बंसरी ,बरौदी, खखरा ,ढाकुरगांव ,सोबा, सुरीद आदि गांवों में पीडीएस दुकानदारों से दुकानों में राजनेताओं के फोटो लगे पोस्टरों को हटवाया। सीओ सचिदानंद वर्मा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत प्रखंड क्षेत्र में आचार संहिता का पालन किया जाएगा। वहीं बीडीओ धीरज कुमार ने कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन होने पर नियमानुसार कारवाई किया जाएगा। मौके पर ढाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# ओरमांझी में 500 महिलाओं को रोजगार पूरक निशुल्क प्रशिक्षण मिलेगी

### समारोह में 60 छात्राओं को प्रमाण पत्र मिला

**ओरमांझी।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के 4.0 के तहत ओरमांझी में पांच सौ महिलाए व युवतियों की कौशल विकास की निषुल्क प्रषिक्षण दी जाएगी। रोजगार पूरक विभिन्न कौशल विकास का प्रशिक्षण लेकर महिलाएं रोजगार से जुड़ सकेगें। मंगलवार को क्रेस्ट हाउस चकला ओरमांझी में इन्फोटेक एजुकेशन सेंटर ओरमांझी में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन हुआ। उपस्थित अतिथियों के साथ सचिव सह सीईओ खुर्शीद आलम ने प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षित 60 छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (डीसीए) का प्रमाण पत्र प्रदान किया, और इसकी जानकारी देते हुए कहा प्रधानमंत्री कौषल विकास योजना के तहत इन्फोटेक एजुकेशन सेंटर द्वारा 18 से 45 वर्ष आयु की सिर्फ महिलाएं व युवतियों को ही प्रषिक्षण दी जाएगी। इसके तहत सभी को स्क्वैश व जूस प्रोसेसिंग तकनीशियन (जूस मेकर), पारंपरिक हैण्ड एम्ब्रोइडर व जूट उत्पाद



प्रशिक्षित छात्रा को प्रमाण पत्र देते निदेशक।

सिलाई ऑपरेटर (सिलाई कढाई) का प्रक्षिण दी जाएगी। वहीं परियोजना निदेषक सह अध्यक्ष धनेश कुमार ने रोजगार से जुड़ने की इच्छुक महिलाएं व युतियों से निषुल्क प्रषिक्षण प्राप्त करने के लिए जल्द नमांकण कराने का अहवान किया और कहा इसी माह 31 मार्च से ही प्रषिक्षण शुरू हो जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए 28 मार्च तक नामांकन कराया जा सकता हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष तारिक अल्तमस, प्रशिक्षक शहनावाज हुसैन, मुसद्दीक, फ्रंट ऑफिस एक्जीक्यूटिव सहित छात्र-छात्राएं व गणमान्य लोग उपस्थित थें।

# बाइक के अवैध परिचालन करने वालों की खैर नहीं

## ट्रेनी आइपीएस ने चलाया चेकिंग अभियान

### 27 बाइक चालक पर कसा शिकंजा

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल के अवैध परिचालन करने वालों की अब खैर नहीं है। ट्रेनी आईपीएस एस मो याकुब ने मंगलवार को तिलता चौक में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान गाड़ी का ऑनर बुक, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, ड्राइविंग लाइसेंस व हेलमेट आदि की जांच की गयी। इसके उपरांत, श्री याकुब के निर्देश पर डीटीओ ने 27 मोटर साइकिल धारकों पर शिकंजा कसते हुये 34 हजार 7 सौ रुपये का चालान काटा। पुलिस की इस सख्ती के बाद लोगों में हड़कंप मच गया है। अभियान में इंस्पेक्टर शशिभूषण चौधरी समेत पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

**प्रदूषण केंद्रों में लगी भीड़**

चालान कटने के बाद मोटर साइकिल धारकों के कान खड़े हो गये हैं। इलाके के पेट्रोल पंपों में स्थापित प्रदूषण जांच केंद्र में दोपहिया वाहनों का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट बनवाने वालों की भीड़ जमा हो गयी। दर्जनों लोगों ने गाड़ियों का इंश्योरेंस भी कराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक दिन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा।

# केडीएच कोल डंप में पुनः टीएसपीसी का इंट्री, धमकी भरे कॉल से केडीएच कांटा बंद

## दहशत में कांटा बाबू व लिफ्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। खलारी थाना क्षेत्र में संचालित केडीएच कोल परियोजना के कोल डंप में एक बार फिर से टीएसपीसी संगठन ने हावी होने का हाजरी लगाया। सूत्रों के अनुसार बताया गया कि रोजाना की तरह केडीएच डंप चल रहा था। तभी अचानक से लगभग दोपहर के 12 बजे केडीएच कांटा बाबू को टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के द्वारा धमकी भरे फोन आया। टीएसपीसी के द्वारा कांटा बाबू को फोन में जान से मारने अथवा घर मे घुस कर घटना का अंजाम देने की धमकी दिया गया। धमकी में कहा गया कि डंप संचालन कमिटी लिफ्टर डीओ होल्डर



कोल डंप

संगठन से बात करके कोल डंप चलाने का हिदायत दिया। धमकी मिलने के बाद से केडीएच कांटा बंद हो गया। जो कि खबर लिखे जाने तक बंद ही था।

**केडीएच डंप में संचालन समिति पूर्व में भी उग्रवादियों के साठ गांठ से जुड़े है**

कोयलांचल के जानकार बताते है कि उग्रवादियों संगठन व गिरोह के द्वारा बार बार धमकी आना कोल डंप से अवैध वसूली होने के कारण है। बताया जाता है कि केडीएच में सक्रिय डम्प संचालन समिति के सदस्यों के ऊपर पूर्व में भी टीएसपीसी से साठ गांठ एवं अवैध वसूली के आरोप लग चुके है। इनमें से कई लोग जेल का भी हवा खा चुके है। अभी जमानत पर बाहर है। इनमें से कई ऐसे नेता है जिसपर एनआईए की जांच के राडार पर है।

## एनके एरिया में संचालित कोल डंप से करोड़ो रुपये की होती है अवैध वसूली

एनके एरिया में संचालित केडीएच कोल डंप, डकरा कोल डंप,पुरनाडीह कोल डंप रोहणी कोल डंप,चुरी कोल डंप से एक साल में हजारों करोड़ो रुपए की अवैध उगाही किया जाता है। जानकरी के अनुसार प्रत्येक परियोजना से प्रत्येक वर्ष लाखो टन कोयला उत्पाद कर बेचती है। इसी तरह एनके एरिया के पांचों परियोजना से एक बार मे हजारों टन कोयला उठाने का ऑक्शन (बिडिंग) होता है। जिसके बाद डंप संचालन समिति का गठन किया जाता है। जिसके बाद से प्रति टन के हिसाब से करोड़ो रुपये का अवैध उगाही किया जाता है। इसमें भी रैयत अथवा विस्थापित प्रभावित के नाम पर एक कमिटी बनाकर डायरी मेंटेन किया जाता है। जिसमे एक टोला का डायरी में लगभग 10 लोगो का नाम दिया जाता है। उस डायरी के पीछे 1000 दिया जाता है। इसी तरह से एक ट्रक अथवा 25 टन कोयला निकलने में 8450 रुपये देने पर निकलता है। इस संबध में थाना प्रभारी ने बताया कि टीएसपीसी के द्वारा धमकी भरा फोन किये जाने पर लिखित आवेदन कांटा बाबू के द्वारा नही दिया गया। हालांकि कांटा बंद हो जाने पर केडीएच कोल डंप जाकर जानकरी लिया गया।

# लंबा चुनाव

देश में 18वीं लोकसभा के लिये चुनाव की प्रक्रिया बहुत लंबी है। एक अरब के करीब पहुंचते मतदाताओं के लिये सुचारू-शांतिपूर्ण मतदान की व्यवस्था करना आसान भी नहीं है। भौगोलिक जटिलताओं, बड़ी आबादी और कानून व्यवस्था के प्रश्न चुनावी प्रक्रिया को लंबा बनाते हैं। निस्संदेह, यह नेताओं व सरकार का पांच साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करने का वक्त है। यह आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है। खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वक्त मतदाता के लिये है कि वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। विडंबना ही है कि अमृतकाल से गुजरते देश में मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग विष और अमृत के भेद को पूरी तरह महसूस नहीं कर पाया है। भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बढ़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। निश्चित रूप से मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता। जो बड़ा तबका निकलता भी है वह भी धर्म, जाति,क्षेत्र और धनबल से रचे सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पाता। मतदाता अपने बेशकीमती वोट को छोटे प्रलोभनों के लिये क्यों जाया कर देता है। देश में पिछले दशकों में साक्षरता का स्तर ऊंचा हुआ है। निस्संदेह, गरीबी के आंकड़ों में काट-छांट के दावे सरकारों की तरफ से किये जाते रहे हैं। देश में गरीबी की उपस्थिति भी एक सत्य है। लेकिन साधनविहीनता का यह मतलब कदापि नहीं है कि हम छोटे-छोटे प्रलोभनों में फंसकर विवेकशील ढंग से मतदान न कर सकें। देश के विकास और आम लोगों के जनजीवन में बदलाव के समर्पित हो यह आवश्यक है।

# 5-जी प्रोद्यागिकी की बात

देश के 21वीं सदी में कनेक्टिविटी, देश की प्रगति की गति को निर्धारित करेगी। इसलिए हर स्तर पर कनेक्टिविटी को आधुनिक बनाना ही होगा। 5जी प्रौद्योगिकी देश के शासन, जीवन की सुगमता और व्यापार की सुगमता में सकारात्मक बदलाव लाने वाली है और इससे खेती, स्वास्थ्य, शिक्षा, संरचना और हर क्षेत्र में प्रगति को बल मिलेगा। अब ये बात समझना होगा कि जो चीजें पहले से सुगम हैं, उनमें सकारात्मक बदलाव कैसे आएगा। देश में शासन, जीवन और व्यापार सब पहले से सुगम हैं, तो फिर उसमें और क्या अच्छा बदलाव होगा, ये देखना दिलचस्प होगा। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि आने वाले डेढ़ दशकों में 5जी से भारत की अर्थव्यवस्था में 450 बिलियन डॉलर का योगदान होने वाला है। इससे प्रगति और रोजगार निर्माण की गति बढ़ेगी।

वैसे 5जी के बाद इस दशक के अंत तक 6जी सेवा आरंभ हो पाए, इसके लिए एक कार्य बल काम करना शुरू कर चुका है, ऐसा दावा भी किया जा रहा है। इस अवसर पर पिछली सरकार को कोसने का मौका भी प्रधानमंत्री मोदी ने नहीं छोड़ा और 2जी को हताशा और निराशा का पर्याय बताते हुए पूर्ववर्ती सरकार के लिए कहा कि वह कालखंड भ्रष्टाचार और नीतिगत पंगुता के लिए जाना जाता था। गौरतलब है कि यूपीए सरकार के वक्त 2जी घोटाले का विवाद खड़ा हुआ था। बात सही भी है, देश दूरसंचार के क्षेत्र में तो तेजी से एक-दूसरे से जुड़ रहा है, लेकिन समाज के रूप में हम भीतर से कितना बिखरते जा रहे हैं, इसकी सुध भी सरकार को ले लेनी चाहिए। तभी कोई भी तकनीकी क्रांति वाकई सकारात्मक बदलाव ला सकेगी। सरकार का ये दावा भी है कि 5जी से खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में प्रगति होगी। ये सब कब होगा, और कैसे नजर आएगा।

# होली का उत्सव ईश्वरीय कृपा का धन्यवाद अर्पण है



होली भारत का बहुत ही लोकप्रिय और हर्षोल्लास से परिपूर्ण त्यौहार है। लोग चन्दन और गुलाल से होली खेलते हैं। प्रत्येक वर्ष मार्च माह के आरंभ में यह त्यौहार मनाया जाता है। लोगों का विश्वास है कि होली के चटक रंग ऊर्जा, जीवंतता और आनंद के सूचक हैं। होली की पूर्व संध्या पर बड़ी मात्रा में होलिका दहन किया जाता है और लोग अग्नि की पूजा करते हैं।

होलिका दहन की कहानी

प्रह्लाद से जुड़ी एक किंवदंति के अनुसार तभी से होली का त्यौहार आरंभ हुआ था। प्रह्लाद ईश्वर को समर्पित एक बालक था। परन्तु उसके पिता ईश्वर को नहीं मानते थे। वह बहुत घमंडी और क्रूर राजा थे। तो कहानी कुछ इस तरह से आगे बढ़ती है कि प्रह्लाद के पिता एक नास्तिक राजा थे और उनका ही पुत्र हर समय ईश्वर का नाम जपता रहता था। इस बात से आहात हो कर वह अपने पुत्र को सबक सिखाना चाहते थे। उन्होंने अपने पुत्र को समझाने के सारे प्रयास किए, परन्तु प्रह्लाद में कोई परिवर्तन नहीं आया। जब वह प्रह्लाद को बदल नहीं पाए तो उन्होंने उसे मारने की सोची। इसलिए उन्होंने अपनी एक बहन की मदद ली। उनकी बहन को यह वरदान प्राप्त था कि यदि वह अपनी गोद में किसी को भी लेकर अग्नि में प्रवेश करेगी तो स्वयं उसे कुछ नहीं होगा परन्तु उसकी गोद में बैठा व्यक्ति भस्म हो जाएगा। राजा की बहन का नाम होलिका था। होलिका ने प्रह्लाद को जलाने के लिए अपनी गोद में बिठाया, परन्तु प्रह्लाद के स्थान पर वह स्वयं जल गई और ह्लहरि ओम्ह्न का जाप करने एवं ईश्वर को समर्पित होने के कारण, प्रह्लाद की आग से रक्षा हो गई और वह सुरक्षित बाहर आ गया।

कुछ गावों में लोग अंगारों पर से हो कर गुजर जाते हैं और उन्हें कुछ भी नहीं होता। उनके पैरों में छाले/फफोले भी नहीं पड़ते! विश्वास में बहुत शक्ति होती है। जीवन में विश्वास का बड़ा योगदान होता है। आने वाले मानसून पर होलिका दहन का प्रभाव पड़ता है।

होलिका भूतकाल के बोझ का सूचक है जो प्रह्लाद की निश्छलता को जला देना चाहती थी। परन्तु नारायण भक्ति से गहराई तक जुड़े हुए प्रह्लाद ने सभी पुराने संस्कारों को स्वाहा कर दिया और फिर नए रंगों के साथ आनंद का उद्गम हुआ। जीवन एक उत्सव बन जाता है। भूतकाल को छोड़ कर हम एक नई शुरूआत की तरफ बढ़ते हैं। हमारी भावनाएं आग की तरह हमें जला देती हैं, परन्तु जब रंगों का फव्वारा फूटता है तब हमारे जीवन में आकर्षण आ जाता है। अज्ञानता में भावनाएं एक बोझ के समान होती हैं, जबकि ज्ञान में वही भावनाएं जीवन में रंग भर देती हैं। सभी भावनाओं का संबंध अलग अलग रंगों से होता है जैसे कि झ लाल रंग क्रोध से, हरा इर्ष्या से, पीला पुलकित होने या प्रसन्नता से, गुलाबी प्रेम से, नीला रंग विशालता से, श्वेत शान्ति से और केसरिया संतोष या फिर त्याग से एवं बैंगनी ज्ञान से जुड़ा हुआ है। त्यौहार का सार जान कर ज्ञान में होली का आनंद उठाएं।

होली क्यों मनाई जाती है और क्या सिखाती है।

जीवन रंगों से भरा होना चाहिए! प्रत्येक रंग अलग-अलग देखने और आनंद उठाने के लिए बनाए गए हैं। यदि सभी रंगों को एक में मिला कर देखा जाए तो वे सभी काले दिखेंगे। लाल, पीला, हरा आदि सभी रंग अलग-अलग होने चाहिएं, पर साथ ही हमें इनका आनंद भी एक साथ उठाना चाहिए। इसी प्रकार व्यक्तियों द्वारा जीवन में निभाई जाने वाली भूमिकाएं, उनके भीतर शांतिपूर्ण एवं पृथक रूप से अलग-अलग विद्यमान होनी चाहिए। उदाहरण के लिए यदि कोई व्यक्ति अपनी ह्लपिताह्न वाली भूमिका कार्यालय में भी निभाने लगे तो भगवान ही मालिक है। पर हमारे देश में कभी-कभी नेता पहले पिता बन कर और बाद में नेता बन कर सोचते हैं।

हम चाहे जिस भी परिस्थिति में हों, हमें अपना योगदान शत-प्रतिशत देना चाहिए और तब हमारा जीवन रंगों से भरा रहेगा! प्राचीन भारत में इसी संकल्पना को वर्णाश्रम कहा गया है। इसका अर्थ है - प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह डाक्टर, अध्यापक, पिता या कुछ और हो, उससे उसकी भूमिका पूरे उत्साह के साथ निभाने की अपेक्षा की जाती है। व्यवसायों को आपस में मिला देने से उत्पादनियता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। यदि कोई डाक्टर व्यापार करना चाहता है तो उसे अपने डाक्टर पेशे को प्राथमिकता न देते हुए, अलग से व्यापार करना चाहिए न कि चिकित्सा को ही अपना व्यापार बना लेना चाहिए। मन के इन भिन्न पात्रों को अलग एवं पृथक रखना सुखी जीवन का रहस्य है और होली हमें यही सिखाती है।

सभी रंगों का उद्गम सफेद रंग से हुआ है पर इन सभी रंगों को आपस में मिलाने पर ये काले रंग में परिवर्तित हो जाते हैं। जब हमारा मन उज्जवल और चेतना शुद्ध, शांत, प्रसन्न एवं ध्यानस्थ हो तो विभिन्न रंगों एवं भूमिकाओं का जन्म होता है। हमें वास्तविक रूप से अपनी सभी भूमिकाओं को निभाने की शक्ति प्राप्त होती है। हमें अपनी चेतना में बार-बार डुबकी लगानी होगी। यदि हम केवल बाहर ही देखते रहे और आस-पास के बाहरी रंगों से खेलते रहे तो हम अपने चारों ओर अन्धकार पाने के लिए मजबूर हो जाएंगे। अपनी सभी भूमिकाओं को पूरी निष्ठा एवं गंभीरता के साथ निभाने के लिए हमें भूमिकाओं के मध्य गहन विश्राम लेना होगा। गहन विश्राम में बाधा पंहुचाने वाला सबसे बड़ा कारक इच्छाएं हैं। इच्छाएं तनाव की द्योतक हैं। यहां तक कि छोटी सी या तुच्छ इच्छा भी बड़ा तनाव देती है। बड़े-बड़े लक्ष्य अक्सर कम चिंताएं देते हैं ! अधिकतर, इच्छाएं मन को कष्ट देती हैं।

एक ही रास्ता है कि इच्छाओं पर ध्यान ले जाएं और उन्हें समर्पित कर दें। इच्छाओं अथवा कर्म के प्रति सजग होने या ध्यान ले जाने को ह्लकामाक्षीह्न कहा जाता है। सजगता से इच्छाओं की पकड़ कम हो जाती है, और आसानी से समर्पण हो जाता है और तब अपने भीतर अमृत धारा फूट पड़ती है। देवी कामाक्षी ने अपने एक हाथ में गन्ना पकड़ रखा है और दूसरे में एक फूल। गन्ना काफी सख्त होता है और उसकी मिठास प्राप्त करने के लिए उसे निचोड़ना पड़ता है। जबकि फूल कोमल होता है और इससे रस निकालना बेहद आसान है। वास्तव में जीवन में भी तो यही होता है।




- श्री श्रीरविशंकर

> जीवन रंगों से भरा होना चाहिए! प्रत्येक रंग अलग-अलग देखने और आनंद उठाने के लिए बनाए गए हैं। यदि सभी रंगों को एक में मिला कर देखा जाए तो वे सभी काले दिखेंगे। लाल, पीला, हरा आदि सभी रंग अलग-अलग होने चाहिएं, पर साथ ही हमें इनका आनंद भी एक साथ उठाना चाहिए। इसी प्रकार व्यक्तियों द्वारा जीवन में निभाई जाने वाली भूमिकाएं, उनके भीतर शांतिपूर्ण एवं पृथक रूप से अलग-अलग ।

## खास बात

# योग का उदेश्य



**स्वामी मुक्तरथ**

समाधिपाद में यह बतलाया गया है कि योग के उद्देश्य और लक्षण क्या हैं और उसका साधन किस प्रकार होता है। साधनपाद में क्लेश, कर्मविपाक और कर्मफल आदि का विवेचन है। विभूतिपाद में यह बतलाया गया है कि योग के अंग क्या हैं, उसका परिणाम क्या होता है और उसके द्वारा अणिमा, महिमा आदि सिद्धियों की किस प्रकार प्राप्ति होती है। कैवल्यपाद में कैवल्य या मोक्ष का विवेचन किया गया है। संक्षेप में योग दर्शन का मत यह है कि मनुष्य को अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश ये पाँच प्रकार के क्लेश होते हैं, और उसे कर्म के फलों के अनुसार जन्म लेकर आयु व्यतीत करनी पड़ती है तथा भोग भोगना पड़ता है। पतंजलि ने इन सबसे बचने और मोक्ष प्राप्त करने का उपाय योग बतलाया है और कहा है कि क्रमशः योग के अंगों का साधन करते हुए मनुष्य सिद्ध हो जाता है और अंत में मोक्ष प्राप्त कर लेता है। ईश्वर के संबंध में पतंजलि का मत है कि वह नित्यमुक्त, एक, अद्वितीय और तीनों कालों से अतीत है और देवताओं तथा ऋषियों आदि को उसी से ज्ञान प्राप्त होता है। योगदर्शन में संसार को दुःखमय और हेय माना गया है। पुरुष या जीवात्मा के मोक्ष के लिये वे योग को ही एकमात्र उपाय मानते हैं।

पतंजलि ने चित्त की क्षिप्त, मूढ़, विक्षिप्त, निरुद्ध और एकाग्र ये पाँच प्रकार की वृत्तियाँ मानी है, जिनका नाम उन्होंने 'चित्तभूमि' रखा है। उन्होंने कहा है कि आरंभ की तीन चित्तभूमियों में योग नहीं हो सकता, केवल अंतिम दो में हो सकता है। इन दो भूमियों में संप्रज्ञात और असंप्रज्ञात ये दो प्रकार के योग हो सकते हैं। जिस अवस्था में ध्येय का रूप प्रत्यक्ष रहता हो, उसे संप्रज्ञात कहते हैं। यह योग पाँच प्रकार के क्लेशों का नाश करनेवाला है। असंप्रज्ञात उस अवस्था को कहते हैं, जिसमें किसी प्रकार की वृत्ति का उदय नहीं होता अर्थात ज्ञाता और ज्ञेय का भेद नहीं रह जाता, संस्कारमात्र बचा रहता है। यही योग की चरम भूमि मानी जाती है और इसकी सिद्धि हो जाने पर मोक्ष प्राप्त होता है।

(सत्यानंद योग मिशन, रांची)

# विचारों का सम्मान

## विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

**अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान**

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

**अपरिग्रहः दूसरों की जरूरतों का सम्मान**

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

झारखण्ड में आयोजित 34 वें राष्ट्रीय खेल की उतनी चर्चा नहीं हुई जितनी उसमें हुए भ्रष्टाचार की।


पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा चयन एक अनोखा तरीका है - अपनी मनमर्जी करने का। खेद है कि आर. के. आनन्द जैसे वरिष्ठ वकील की अध्यक्षता में ये सब हुआ!

**– महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

समय मूल्यवान सत्ता है। समय का सदुपयोग जीवन की महानतम संभावनाओं को प्रकट करने में समर्थ है। अतः उच्चतर लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्राप्त ऊर्जा शक्ति सामर्थ्य और समय का सही उपयोग हो ।

**– अवधेशानंद गिरी**





जब मैं गुजरात में सीएम था तब नर्मदा बांध के लिये केन्द्र को कई बार पत्र लिखा लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आपलोगों ने मुझे ही वहां भेज दिया तब मैंने उस काम को करने मे सफलता पाई।

**– नरेन्द्र मोदी**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### बेलगाम महंगाई

**देश** ने पिछले सालों में, कई बदलाव देखे, जो कि अपने आप में ऐतिहासिक और अचंभित करने वाले थे। लेकिन, बेलगाम महंगाई ने कम आय वाले तबके के लोगों की कमर तोड़ कर रख दी है। ऐसे में सवाल है कि क्या शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरत की चीजों पर कुछ सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे? सरकार आम लोगों का हित नहीं सोचती क्यों?

**–अमन जायसवाल, रांची**

### जनता का विश्वास

**सरकारी** कर्मचारी हो या अन्य क्षेत्र, आज हर कदम पर रिश्वत का बोलबाला लगता है। इसके बजाय देश में कानून व्यवस्था इतनी मजबूत होनी चाहिए कि कोई भी गलत तरह से काम न करे। हाल ही में आप सरकार के एक मंत्री का भ्रष्टाचार में लिप्त होना और उसे कानून के शिकंजे में कसना एक स्वागतयोग्य कदम है। जनता का विश्वास कानून व्यवस्था पर बना रहना चाहिए। **– सृष्टि ,हजारीबाग**

# श्रमिकों की हालत में लगातार सुधार जारी है

**महेश व्यास**

## सामयिक

**सीएमआईई** के कंज्यूमर पिरामिड्स हाउसहोल्ड सर्वे (सीपीएचएस) के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि हाल के समय में औद्योगिक श्रमिकों के रोजगार में काफी सुधार हुआ है। इसमें कारखानों के कर्मचारी और प्रशिक्षक, प्लांट ऑपरेटर, असेंबलर और असेंबली लाइन में काम करने वाले, मिल श्रमिक, खदान कर्मी, औद्योगिक मशीन संचालक और औद्योगिक उपकरण ऑपरेटर आदि शामिल होते हैं। बंदरगाहों में काम करने वालों को भी औद्योगिक श्रमिक माना गया है। ये अपेक्षाकृत अच्छे काम होते हैं, इसलिए हाल के दिनों में इनकी तादाद में बढ़ोतरी प्रसन्न करने वाली घटना है।

सीपीएचएस में पेशे की प्रकृति के हिसाब से रोजगार को अलग-अलग करने पर यह उभरता रुझान सामने आया। आकलन की आवृत्ति चार माह की अवधि की है जिसे वेव कहते हैं। इस दौरान सीपीएचएस का 178,600 परिवारों पर आधारित सर्वे किया गया। ऐसे सर्वेक्षण के आंकड़े यह अनुमति देते हैं कि इनकेआधार पर वैसा अनुमान लगाया जा सके जो सीपीएचएस के मासिक नमूने के साथ संभव नहीं है। मासिक नमूने में केवल 44,500 परिवार शामिल होते हैं। ताजा सीपीएचएस वेव जनवरी-अप्रैल 2022 के दौरान हुई। इसके आंकड़े बताते हैं कि सितंबर-दिसंबर 2021 की पिछली वेव की तुलना में औद्योगिक श्रमिकों की तादाद 4.4 प्रतिशत बढ़ी। सितंबर-दिसंबर 2021 की वेव में औद्योगिक कर्मियों की तादाद में 11 फीसदी का इजाफा हुआ था। रोजगार में यह इजाफा अहम है। इसके अलावा बीती दो वेव इसलिए भी अहम हैं क्योंकि इस दौरान यह कोविड के पहले के समय से अधिक स्तर पर रहा।

औद्योगिक श्रमिकों का रोजगार जनवरी-अप्रैल 2019 में शीर्ष स्तर पर था। यह कोविड के कारण लगने वाले लॉकडाउन से एक वर्ष पहले की बात है। उस लॉकडाउन ने देश की अर्थव्यवस्था को घुटनों पर ला दिया था। जनवरी-अप्रैल 2019 की वेव में 1.94 करोड़ श्रमिक इस क्षेत्र में रोजगारशुदा थे। इसके बाद गिरावट का सिलसिला शुरू हुआ। मई-अगस्त 2019 में इस क्षेत्र में श्रमिकों की तादाद घटकर 1.92 करोड़ और सितंबर-दिसंबर 2019 में 1.91 करोड़ रह गई। जनवरी-अप्रैल 2020 की अगली सीपीएचएस वेव पहले लॉकडाउन से आंशिक तौर पर प्रभावित थी। इस वेव के दौरान औद्योगिक श्रमिकों का रोजगार घटकर 1.87 करोड़ रह गया। लॉकडाउन का पूरा असर मई-अगस्त 2020 की वेव में नजर आया जब औद्योगिक श्रमिकों में से करीब एक तिहाई ने रोजगार गंवा दिया और उनकी तादाद घटकर 1.42 करोड़ रह गई। यह आंकड़ा जनवरी-अप्रैल 2019 के उच्चतम स्तर से 52 लाख कम था।

अधिकांश सुधार बाद वाली दो वेव में हुआ। मई-अगस्त 2021 तक औद्योगिक श्रमिकों का रोजगार दोबारा बढ़कर 1.84 करोड़ हो गया। अगली वेव में यानी सितंबर-दिसंबर 2021 तक औद्योगिक श्रमिकों का रोजगार और सुधरकर 2.05 करोड़ पहुंच गया। यह आंकड़ा 1.94 करोड़ के पिछले उच्चतम स्तर से 10 लाख अधिक था। जनवरी-अप्रैल 2022 में इसमें 10 लाख का और इजाफा हुआ और इनकी तादाद बढ़कर 2.14 करोड़ पहुंच गई। यह पिछले उच्चतम स्तर से 20 लाख अधिक था। सीपीएचएस के आंकड़ों में जो 2.14 करोड़ औद्योगिक श्रमिक नजर आते हैं उनमें संगठित और असंगठित क्षेत्र दोनों के श्रमिक शामिल हैं। तुलना के लिए संगठित क्षेत्र के औद्योगिक श्रमिकों की तादाद 2018-19 में 1.28 करोड़ थी (ताजा आंकड़े इसी वर्ष के उपलब्ध हैं)। सीपीएचएस के अनुसार उसी वर्ष संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक कुल

# हमारी पर्यावरण दोस्त है चुलबुली गौरैया

(विश्व गौरैया दिवस/20 मार्च/विशेष)

प्रभुनाथ शुक्ल

## विशेष

गौरैया से हम फ्रेंडली हो चले हैं। हम प्रकृति और पशु-पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु-पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं, वह हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी खासी भूमिका निभाते हैं, लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता।

गौरैया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है। गौरैया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है। कभी घर की दीवार पर लगे आईने पर अपनी हमशक्ल पर चोंच मारती दिख जाती है। एक वक्त था जब बबूल के पेड़ पर सैकड़ों की संख्या में घोंसले लटके होते थे, लेकिन वक्त के साथ गौरैया एक कहानी बन गई। हालांकि पर्यावरण के प्रति जागरुकता के चलते हाल के सालों में यह दिखाई देने लगी है। गौरैया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका भी है। दुनिया भर में 20 मार्च गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी गौरैया संरक्षण के लिए लोगों से पहल कर चुके हैं। उन्होंने राज्यसभा सदस्य बृजलाल के प्रयासों को को सोशल मीडिया में खूब सराहा था और कहा था कि गौरैया संरक्षण को लेकर आपका प्रयास बेहतरीन और काबिल-ए-तारीफ है। राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरैया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरैया के लिए दाना-पानी और घोंसले की व्यवस्था की है। जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है। जिसकी वजह पशु- पक्षियों के लिए खतरा बन गया है।

प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर के प्रयासों से 20 मार्च को चुलबुली गौरैया के लिए रखा गया। 2010 में पहली बार यह दुनिया में मनाया गया। गौरैया का संरक्षण हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इनसान की भोगवादी संस्कृति ने हमें प्रकृति और उसके साहचर्य से दूर कर दिया है। गौरैया एक घरेलू और पालतू पक्षी है। यह इंसान और उसकी बस्ती के पास अधिक रहना पसंद करती है। पूर्वी एशिया में यह बहुतायत पाई जाती है। यह अधिक वजनी नहीं होती। इसका जीवनकाल दो साल का होता है। यह पांच से छह अंडे देती है। भारत की आंध्र यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में गौरैया की आबादी में 60 फीसदी से अधिक की कमी बताई गई है। ब्रिटेन की रॉयल सोसाइटी ऑफ प्रोटेक्शन आफ बर्ड्स ने इस चुलबुले और चंचल पक्षी को रेड लिस्ट में डाल दिया है। दुनिया भर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौरैया की आबादी घटी है। गौरैया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है। गौरैया पासेराडेई परिवार की सदस्य है लेकिन इसे वीवरपिंच परिवार का भी सदस्य माना जाता है। इसकी लंबाई 14 से 16 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन 25 से 35 ग्राम तक होता है। यह अधिकांश झुंड में रहती है। यह अधिकतम दो मील की दूरी तय करती है। मानव जहां-जहां गया, गौरैया उसका हमसफर बनकर उसके साथ गई।

गांवों में अब पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। जिसका कारण है कि मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। पहले गांवों में कच्चे मकान बनाए जाते थे। उसमें लकड़ी और दूसरी वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाता था।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।



# पवन ऊर्जा क्षेत्र में सुनहरे अवसर

## रेलवे की शानदार जॉब

### असिस्टेंट लोको पायलट

भारतीय रेलवे में एक लाख से ज्यादा लोको पायलट हैं। चूंकि साल 2030 तक भारतीय रेलवे अपना आमूल-चूल परिवर्तन करने जा रही है, इसलिए अगले सात-आठ सालों तक हर साल औसतन साढ़े पांच से छह हजार असिस्टेंट लोको पायलट (एएलपी) की भर्ती होनी तय है। इस साल 5696 असिस्टेंट लोको पायलट की भर्ती के लिए आवेदन की आखिरी तारीख निकल चुकी है, लेकिन जल्द ही अगली भर्ती की प्रक्रिया का सिलसिला शुरू होने वाला है और यह कई सालों तक निरंतर जारी रहेगा। इसलिए अगर आप इस मीडियम रेंज के शानदार,सुरक्षित और सम्मानित जॉब के इच्छुक हैं, तो इसके बारे में गंभीरता से सोचना,पढ़ना और तैयारी करनी शुरू कर दें। करीब-करीब हर समय ड्यूटी में मौजूद रहने वाले 65,000 लोको पायलट में से 10,000 से ज्यादा को हर सप्ताह दो से तीन दिन ओवर टाइम करना पड़ता है,जिसका मतलब है कि कम से कम 30000 से 35,000 लोको पायलट रेलवे को तुरंत और चाहिए।

**महिलाओं के लिए भी अवसर**

बॉम्बे उपनगरीय रेल सेवाओं के लिए जितने असिस्टेंट लोको पायलट चाहिए, उनमें से सिर्फ आधे ही हैं। साल 2035 तक कम से कम 30 फीसदी असिस्टेंट लोको पायलट महिलाओं के किये जाने का लक्ष्य है।

**योग्यता** आप भारतीय रेलवे की इस सम्मानीय नौकरी एएलपी की तैयारी कर सकते हैं। लोको पायलट की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता विज्ञान विषयों के साथ 10वीं पास होना है। इसके साथ ही मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्नीशियन आदि ट्रेडों से आईटीआई या कहीं और से डिप्लोमा होना चाहिए। असिस्टेंट लोको पायलट बनने के लिए भारतीय रेलवे भर्ती बोर्ड की संयुक्त सहायक लोको पायलट परीक्षा पास करनी होती है, शारीरिक दक्षता और शारीरिक परीक्षण व मेडिकल जांच से भी गुजरना होता है।

**वेतन**

असिस्टेंट लोको पायलट की शुरूआती सैलरी इनहैंड 25000 रुपये से 35000 रुपये के बीच होती है। 60 हजार किलोमीटर ट्रेन चला लेने के बाद असिस्टेंट लोको पायलट का सीनियर पायलट में प्रमोशन हो जाता है, तब उसकी मासिक सेलरी बढ़कर 60,000 रुपये तक हो जाती है और अगले कुछ सालों तक अनुभव हासिल करने के बाद ट्रेन का एक लोको पायलट एक लाख से सवा लाख रुपये तक की सैलरी का हकदार हो जाता है। लोको पायलट की जॉब में तकनीकी रूप से भले बड़ी डिग्रियों की जरूरत नहीं होती, लेकिन यह काम पूरी तरह से ट्रेंड इंजीनियरिंग का ही होता है, जिससे प्रमोशन की अच्छी संभावनाएं हैं।

**बड़ी संख्या में होगी जरूरत**

आने वाले सालों में भारतीय रेलवे के एक बड़े हिस्से का प्राइवेटाइजेशन होगा। उस समय ट्रेंड सीनियर लोको पायलट और असिस्टेंट लोको पायलटों की प्राइवेट क्षेत्र को बड़ी संख्या में जरूरत पैदा होगी, इसलिए यह ऐसा क्षेत्र है, जिसमें बेरोजगार रहने की आशंकाएं नहीं हैं। आने वाले सालों में भारत ही नहीं दक्षिण एशिया सहित दुनिया के कई हिस्सों में रेल क्रांति की पूरी भूमिकाएं बन रही हैं। क्योंकि रेलवे यातायात अभी भी सबसे सुरक्षित और सस्ता है। इसलिए न सिर्फ भारत में बल्कि असिस्टेंट लोको पायलट बनने के बाद विदेशों में भी नौकरी के कई दरवाजे खुल जाते हैं। रूस, कजाकिस्तान, ब्राजील, बांग्लादेश, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित दुनिया के 65-70 देशों में आने वाले एक दशक में कई लाख करोड़ का रेलवे नेटवर्क बढ़ने जा रहा है। आप यदि रेलवे के असिस्टेंट लोको पायलट की एक बार ट्रेनिंग पूरी कर लेते हैं तो भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में रोजगार की भरपूर संभावनाएं बन जाती हैं।

**पवन एनर्जी के क्षेत्र में करियर**

इन दिनों ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते पूरी दुनिया में जीवाश्म ऊर्जा के बहुत तेजी से विकल्प तैयार किये जा रहे हैं। इन्हीं में से एक विकल्प पवन ऊर्जा भी है। भारत में पवन ऊर्जा का विकास 1990 के दशक में शुरू हुआ था और पिछले कुछ सालों में इसमें बहुत तेजी आयी है। 31 दिसंबर 2023 तक भारत में पवन ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता 44.736 गीगावाट थी। आने वाले सालों में इसे और भी तेज विकास करना है, क्योंकि भारत में दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले पवन ऊर्जा के उत्पादन में 40 फीसदी कम लागत आती है। माना जा रहा है कि भारत में करीब 700 गीगावाट पवन ऊर्जा की क्षमता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह क्षेत्र सुरक्षित कैरियर के लिए महत्वपूर्ण है।

कम लागत से प्रदूषण रहित ऊर्जा

पवन ऊर्जा में रोजगार का मजबूत भविष्य है। विशेषज्ञों का मानना है कि साल 2035 तक पवन ऊर्जा जनरेट करने की लागत आज के मुकाबले 17 से 35 फीसदी तक कम हो जायेगी और पवन ऊर्जा का उत्पादन आज से कई सौ फीसदी बढ़ जायेगा। इसलिए इस ऊर्जा का भविष्य अक्षय है, क्योंकि यह प्राकृतिक संसाधन कभी कम नहीं होगा। पवन ऊर्जा प्रदूषण रहित है, जिस कारण जलवायु परिवर्तन से निपटने में इसके जरिये मदद मिलती है।

## निवेश और रोजगार की बड़ी संभावनाएं

पवन ऊर्जा उन क्षेत्रों में से है, जहां एक बार निवेश करने के बाद फिर निवेश की जरूरत नहीं पड़ती, सिर्फ मेंटेनेंस तक खर्च रह जाता है। भारत में पवन ऊर्जा के क्षेत्र में आने वाले सालों में जबरदस्त निवेश का अनुमान है। माना जा रहा है, 2027-28 तक इस क्षेत्र से 10 लाख से ज्यादा नौकरियां निकलेंगी। इसलिए पवन ऊर्जा के क्षेत्र कैरियर बनाना सुरक्षित विकल्प है।

## पवन टर्बाइन तकनीशियन

पवन ऊर्जा के क्षेत्र में सबसे उपयुक्त पद है, पवन टर्बाइन तकनीशियन का। इसके लिए देश में बहुत जगह शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) या प्रशिक्षु प्रशिक्षण योजना (एटीएस) के तहत कोर्स सम्पन्न होते हैं। पवन संयंत्र तकनीशियन आईटीआई का एक प्रमुख विषय है और पूरे देश में फैले करीब 4000 आईटीआई में यह विषय पढ़ाया जाता है, जिससे डिप्लोमा लेकर इस क्षेत्र में नौकरी पायी जाती है लेकिन अगर आपके पास पहले से ही किसी दूसरे इंडस्ट्रियल क्षेत्र की तकनीकी पृष्ठभूमि है जैसे मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन , रिन्यूएबल एनर्जी आदि तो आप दो हफ्तों में टर्बाइन तकनीशियन का सर्टिफिकेट कोर्स करके भी इस क्षेत्र में नौकरी पा सकते हैं।

## टेक्निकल स्किल्स भी जरूरी

पवन ऊर्जा इंजीनियर बनने के लिए आपको टेक्निकल स्किल्स की भी जरूरत होती है। इंजीनियर डिजाइन बनाने, संचालन और टेस्टिंग के लिए कंप्यूटर और अलग-अलग तरह के प्रोग्राम का इस्तेमाल करते हैं। प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के लिए ये लोग एमएस ऑफिस और बजट सॉफ्टवेयर का भी इस्तेमाल करते हैं। पवन ऊर्जा के क्षेत्र की कंपनियां दो साल के डिप्लोमा वाले आईटीआई प्रशिक्षुओं को तरजीह देती हैं, वहीं पांच साल के अनुभव वाले पवन ऊर्जा इंजीनियरों को प्राथमिकता देती हैं।

## जॉब की प्रकृति

पवन ऊर्जा क्षेत्र में कई तरह के काम और नौकरियां होती हैं जैसे पवन ऊर्जा के विश्लेषकों के लिए जो यह तय कर सकें कि संबंधित जगह पर पवन चक्की लगाना व्यवहारिक है या नहीं। वहीं ऐसे लोगों को भी इस क्षेत्र में नौकरी मिलती है जो देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में घूमकर पता लगाते हैं कि कहां हवा का बहाव ज्यादा और उत्पादक है। साथ ही पवन ऊर्जा फॉर्म डिजाइन और लेआउट बनाने वाले विशेषज्ञों को भी तरजीह मिलती है। सहायकों को भी नौकरी मिलती है।

## बात वेतन की

किसी पवन टर्बाइन तकनीशियन को शुरूआती वेतन 20 से 25 हजार रुपये प्रतिमाह मिलता है। इसके बाद सेलरी अनुभव, विशेषज्ञता और मेहनत के अनुरूप मिलती है। पवन टर्बाइन इंजीनियर को पांच साल के अनुभव के बाद 70 हजार से 1 लाख रुपये तक मासिक वेतन पाना मुश्किल नहीं।

## संबंधित कॉलेज, संस्थान

मणिपाल प्रौद्योगिकी संस्थान, मणिपाल, इंजीनियरिंग कॉलेज, पुणे, एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई, दयानंद सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बेंगलूरु, पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर, पवन ऊर्जा क्षेत्र के तकनीशियनों और इंजीनियरों की आवश्यकता है।

# आर्थिक रूप से आगे बढ़ती महिलाएं



**एनके मुरलीधर**

'**परिदृश्य** बदल रहा है। महिलाओं की भागीदारी सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ रही है।' ये कुछ चुनिन्दा पंक्तियां हैं जो यदाकदा अखबारों में, टीवी न्यूज चैनल पर, और नेताओं के मुंह से सुनी जाती रही है। अपने क्षेत्र में खास उपलब्धियां हासिल करने वाली कुछ महिलाओं का उदाहरण देकर हम महिलाओं की उन्नति को दर्शाते हैं। पर अगर आप ध्यान दे तो कुछ अदभुत करने वाली महिलाएं तो हर काल में रही है। सीता से लेकर द्रौपदी, रजिया सुल्तान से लेकर रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई से लेकर इंदिरा गांधी एवं किरण बेदी एवं सानिया मिर्ज़ा। परन्तु महिलाओं की स्थिति में कितना परिवर्तन आया? और आम महिलाओं ने परिवर्तन को किस तरह से देखा?

दरअसल असल परिवर्तन तो आना चाहिए आम लोगों के जीवन में। जरुरत है उनकी सोच में परिवर्तन लाने की। उन्हें बदलने की। आम महिलाओं के जीवन में परिवर्तन, उनकी स्थिति में, उनकी सोच में परिवर्तन। उनके खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। शहर असुरक्षित होते जा रहे हैं। कुछ चुनिंदा घटनाओं एवं कुछ चुनिंदा लोगों की वजह से कई सारी अन्य महिलाओं एवं लड़कियों के बाहर निकलने के दरवाजे बंद हो जाते हैं। जरुरत है बंद दरवाजों को खोलने की। रौशनी को अंदर आने देने की। प्रकाश में अपना प्रतिबिम्ब देखने की। उसे सुधारने की । निहारने की। निखारने की। इसी कड़ी में एक और दरवाजा है आत्मनिर्भरता। आर्थिक आत्म निर्भरता। उन्हें बचपन से सिखाया जाता है कि खाना बनाना जरूरी है। जरुरत है कि सिखाया जाये कि कमाना भी जरूरी है। आर्थिक रूप से सक्षम होना भी जरूरी है। परिवार के लिये नहीं वरन अपने लिए। पैसे से खुशियां नहीं आती, पर बहुत कुछ आता है जो साथ खुशियां लाता है।अगर शिक्षा में कुछ अंश जोड़ें जाये जो आपको किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान भी दे।

आपके कौशल को उपयुक्त बनाये। आपको इस लायक बनाये कि आप अपना खर्च तो वहन कर ही सके। तभी शिक्षा के मायने सार्थक होंगे। जरूरी नहीं कि हर कमाने वाली लड़की डॉक्टर या शिक्षिका हो। वे खाना बना सकती है। पार्लर चला सकती है। कपड़े सी सकती हैं। उन्हें ये सब आता है। वे ये सब करती हैं। पर सिर्फ घर में। उनके इसी हुनर को घर के बाहर लाना है। आगे बढ़ाना है। ये एक सोच है। जरूरत है इस सोच को आगे बढ़ाने की। उनके कौशल को उनकी जीवन रेखा बनाने की। ताकि समय आने पर वे व्यवसाय कर सके। अपना परिवार चला सके। ये उन्हें गति देगा। दिशा देगा। आत्माभिमान देगा। आत्मविश्वास देगा। वे दबेगी नहीं। डरेगी नहीं। ये एक खुशहाल भविष्य की कामना है। अमल करें। अभी करें।

# नौकरी खो जाने के डर से कर रहे हैं ये काम तो..




यदि आपको कभी लगता है कि आपकी कंपनी आपको नौकरी से निकाल सकती है तो ऐसा मत मानिये कि किसी प्रकार का नौकरी लॉस इंश्योरेंस आपको नई नौकरी पाने के दौरान कुछ महीनों तक सहारा देता रहेगा।

इस बात के आसार भी हो सकते हैं कि आप इसकी पात्रता भी ना रखते हों। टेक्नॉलॉजी सेक्टर में छंटनी का दौर चल रहा है। ऐसे में कर्मचारी ऐसे किसी विकल्प की तलाश में हैं जिससे उन्हें नौकरी खोने का भी बीमा मिल सके। आइये इसके बारे में कुछ और बातें जानते हैं...

- स्टैंड अलोन जॉब लॉस कवर उपलब्ध नहीं हैं। किसी भी प्रकार की बीमा कंपनी ऐसी पॉलिसी नहीं चलाती है। अन्य पॉलिसियां जो एक्सीडेंट और गंभीर बीमारी को कवर करती हैं, उसमें यह उपलब्ध है।
- यह केवल उन तीन सबसे बड़ी ईएमआइ के लिए हैं जो कि अपनी आय का पचास प्रतिशत किश्त में चुकाते हैं।
- एक से तीन महीने का समय वेटिंग पीरियड में आता है, इसका क्लेम केवल उसी समयावधि के लिए किया जा सकता है।
- छंटनी के मामले में पॉलिसी तभी लागू होती है जब नियोक्ता विलय या अधिग्रहण के चलते आपकी छंटनी कर दे। इसके लिए आपको छंटनी का लिखित प्रमाण चाहिये। बिना प्रमाण के लिए यह क्लेम मान्य नहीं होगा।
- कई पॉलिसियां ऐसी होती हैं जो कि इस तरह के क्लेम को मान्य नहीं करती। इसके अलावा विभिन्न बीमा में छंटनी को एक सूची के जरिये देखा जाता है।
- यदि नौकरी के रिस्क को लेकर कोई क्लेम पेश किया जाता है तो इसमें बहुत सारी शर्तें देखना होंगी।
- नौकरी के लॉस कवर का सीमित क्षेत्र देखते हुए इसका कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।
- छंटनी का प्रमाण रखना बेहद जरूरी है क्योंकि वही चीज आपके काम आएगी यदि आपको क्लेम करने की पात्रता है।

## सरकारी नौकरी डॉटकॉम है युवाओं की पसंद



आज प्रत्येक युवा का सपना सरकारी नौकरी पाना है। यह केवल सपना है। आज की स्थिति में यह सपना साकार होना आसान नहीं है। कारण, सबको सरकारी नौकरी चाहिए क्योंकि युवा अपने जीवन में स्थिरता का सपना पाले होते हैं। हमारी परंपरा ही जीवन में स्थिरता की रही है। स्थिर जीवन स्थायी नौकरी से संभव है। स्थायी नौकरी आलस्य, मनमानी के साथ ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। आज नियोक्ता ठेका आधार पर नौकरी को महत्त्व दे रहे हैं। कर्मचारियों के हितों की बात करने वाले संगठित क्षेत्र में कर्मचारी यूनियंस महत्त्वहीन हो रही हैं। सही बात यह है कि मनमानी की यह व्यवस्था ज्यादा दिन चल नहीं सकती, फिर भी सभी युवक सरकारी नौकरी चाहते हैं।

सर्च इंजन गूगल के ताजा सर्वेक्षण के अनुसार, सरकारी नौकरी डॉटकॉम पर सबसे ज्यादा युवकों ने नौकरी खोजी है। वर्गीकृत विज्ञापन देखने के लिए क्लिक करने वाले युवा इस डॉटकॉम पर जरूर हिट कर रहे हैं। क्लासीफाइड का कारोबार देश में तेजी से बढ़ रहा है और आज यह करीब डेढ़ अरब डॉलर का बन चुका है। युवाओं ने बैंकिंग तथा सूचना तकनीकी क्षेत्र में भी रुचि दिखाई है लेकिन 38 फीसदी युवा सिर्फ सरकारी नौकरी डॉटकॉम पर हैं। यह जिस रफ्तार से चल रहा है उसे देखते हुए 2020 तक इसकी भागीदारी 65 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। इसके साथ ही, ऑनलाइन कारोबार में क्लासीफाइड का

# डरें नहीं, अपने आप पर विश्वास करें

**आत्मविश्वास से आशय स्वंय पर विश्वास एवं नियंत्रण से है। हमारे जीवन में आत्मविश्वास का होना उतना ही आवश्यक है जितना किसी फूल में खुशबू का होना। आत्मविश्वास के बगैर हमारी जिंदगी एक जिन्दा लाश के समान हो जाती है। कोई भी व्यक्ति कितना भी प्रतिभाशाली क्यों न हो, वह आत्मविश्वास के बिना कुछ नहीं कर सकता। असफल लोगों के पास बचने का एकमात्र साधन यह होता है कि वे मुसीबत आने पर अपने लक्ष्य को बदल देते हैं।**



**डॉ मेरी ग्रेस**



आत्मविश्वास ही सफलता की नींव है, आत्मविश्वास की कमी के कारण व्यक्ति अपने द्वारा किये गए कार्य पर संदेह करता है और नकारात्मक विचारों के जाल में फंस जाता है। आत्मविश्वास उसी व्यक्ति के पास होता है जो स्वंय से संतुष्ट होता है एंव जिसके पास दृढ़ निश्चय, मेहनत, लगन, साहस, वचनबद्धता आदि संस्कारों की सम्पत्ति होती है।

- सबसे पहले अपना लक्ष्य तय करें एवं उन्हें पूरा करने के लिए वचनबद्ध रहें। जब आप अपने द्वारा बनाये गए लक्ष्य को पूरा करते हैं तो यह आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देता है।
- ऐसे लक्ष्य बनाएं जिसे आप प्राप्त कर सकें क्योंकि जब आप ऐसे लक्ष्य बनाते हैं जिसे आप पूरा नहीं कर सकते तो यह आपके मनोबल को गिरा देते हैं और आपका स्वयं पर विश्वास कम हो जाता है। लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए।
- खुश रहकर खुद को प्रेरित करें। असफलता से दुखी न होकर उससे सीख लें।
- हमेशा आसान काम पहले करें और मुश्किल काम बाद में। क्योंकि जब आप पहले आसान कार्य अच्छे से कर लेते हैं तो दबाव कम हो जाता है और आत्मविश्वास बढ़ता है जिससे मुश्किल कार्य भी आसान बन जाता है।
- जब भी सोंचे तो सकारात्मक ही सोचें। इससे आत्मबल में वृद्धि होती है। विनम्र रहें एंव दिन की शुरुआत किसी अच्छे कार्य से करें।
- इस दुनिया में नामुनकिन कुछ भी नहीं है। आत्मविश्वास का सबसे बड़ा दुशमन किसी भी कार्य को करने में असफलता होने का डर है एवं डर को हटाना है तो वह कार्य अवश्य करें जिसमें आपको डर लगता है।
- वह कार्य करें जिसमें आपकी रुचि हो एंव कोशिश करें कि अपने करियर को उसी दिशा में आगे ले, जिसमें आपकी रुचि हो।
- दूसरों की देखा-देखी मत कीजिए, वह पहनिए जो आपको अच्छा लगे या मन को भाये। कपड़े कम खरीदिये लेकिन अच्छे खरीदिये।
- व्यवहारकुशल बनें और हमेशा नम्रता व मुस्कराहट के साथ व्यवहार करें। इससे न केवल आपका आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी, बल्कि इससे आपके अच्छे मित्रों की संख्या भी बढ़ेगी। अच्छे मित्र हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहते हैं और आपके सुख दुख में हमेशा आपके साथ होते हैं।
- वर्तमान में जियें। क्योंकि न तो भूतकाल एंव न ही भविष्यकाल पर हमारा नियंत्रण है। बच्चों से दोस्तीं करें और आत्मचिंतन करें।

ध्यान, योग एवं प्राणायाम करें। अपने लिए समय निकालें और कुछ समय एकांत में बिताएं। स्वंय से बात करें और यह महसूस करें कि आप एक बेहतर इन्सान हैं।

- अपनी सफलताओं को याद करें और कल्पना करें कि आप कुछ भी कर सकते हैं और आपके लिए नामुकिन कुछ भी नहीं।
- हमेशा चिंतामुक्त रहने की आदत बनायें, रचनात्मक तरीके से सोचें और कुछ न कुछ नया करते रहें। दिन में कुछ समय संगीत सुनने, खेलने अथवा रचनात्मक कार्यों के लिए जरूर निकालें।
- आत्मनिर्भर बनें एंव जितना हो सके अपने कार्य स्वंय करने की कोशिश करें। आत्मनिर्भरता से आपका लेवल बढ़ता है।
- उस बारे में सोचना बंद कर दें जिस पर हमारा नियंत्रण न हो। अगर आप उस बातों या परिस्थितियों की वजह से दुखी हो जाते है जो आपके नियंत्रण में नहीं है तो इसका परिणाम समय की बर्बादी व भविष्य पछतावा है जिससे आपका मनोबल गिरता है।

### लोग क्या कहेंगे,यह मत सोचिये

सबसे बड़ा यही रोग है कि लोग क्या कहेंगे। ज्यादातर लोग कोई भी कार्य करने से पहले कई बार यह सोचते हैं कि वह कार्य करने से लोग उनके बारे में क्या सोचेंगे या क्या कहेंगे और इसलिए वे कोई निर्णय ले ही नहीं पाते एवं सोचते ही रह जाते हैं एंव समय उनके हाथ से पानी की तरह निकल जाता है। ऐसे लोग हमेशा डर-डर के जीते हैं और बाद में पछताते हैं। इसलिए दोस्तों ज्यादा मत सोचिये जो आपको सही लगे वह कीजिये क्योंकि शायद ही कोई ऐसा कार्य होगा जो सभी लोगों को एक साथ पसंद आये।

- आप अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहें और अपना सौ प्रतिशत मेहनत व लगन से बड़े से बड़ा मुश्किल कार्य आसान हो जाता है। अगर लक्ष्य को प्राप्त करना है तो बीच में आने वाली बाधाओं को पार करना होगा, मेहनत करनी होगी, बार बार दृढ़ निश्चय से कोशिश करनी होगी।
- असफल लोगों के पास बचने का एकमात्र साधन यह होता है कि वे मुसीबत आने पर अपने लक्ष्य को बदल देते हैं। इससे ऐसे लोगों से बचें।अगर आपको सफल होना है तो अपने लक्ष्य पूरे करने की आदत बनाईये न कि उन्हें बार बार बदलने की, अगर आपका अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय नहीं है। (**उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची**

# सफल होने के लिए एक गुरु व अच्छा नेटवर्क बनायें और जुनूनी बनें : निशात एम उस्मानी

## एक्सएलआरआइ में मेंटर मीट का हुआ आयोजन







खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में संचालित होने वाले पीजीडीएम ( जीएम ) के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ ही एक मेंटर प्रदान करने की तैयारी की गयी है। इसी के तहत 2021 से प्रोफेशनल मेंटरशिप कमेटी की लांचिंग की गयी है। इसके तहत विद्यार्थियों को इंडस्ट्री के प्रोफेशनल्स के जरिए किताबी ज्ञान के साथ ही इंडस्ट्री की जरूरतों से भी अवगत कराया जा रहा है। इसी कड़ी में कैंपस मे दो दिवसीय मेंटरशिप प्रोग्राम सरथाना 2024 का आयोजन किया गया। पहले दिन एक्सएलआरआइ के प्रोफेसर कनगराज, प्रोफेसर सुनील सारंगी और आइआइएम इंदौर की पूर्ववर्ती छात्रा डॉ. (मेजर) रूपिंदर कौर ने हिस्सा लिया। इस दौरान तीनों प्रोफेसरों ने पीजीडीएम (जीएम) के विद्यार्थियों को संबोधित मुख्य रूप से यह बताया कि करियर निर्माण के लिए यह जरूरी है कि उन्हें ना सिर्फ विषयों की अच्छी जानकारी हो बल्कि उनका एक्सपोजर भी जरूरी है। साथ ही उन्हें बताया गया कि हमेशा एक मेंटर जरूर बनाएं, जो जीवन के कठिन दौर में भी आपके साथ हो और बेहतर सलाह दे सके। वहीं, पढ़ाई के साथ ही इंडस्ट्री के लोगों के साथ अच्छी नेटवर्किंग का भी आह्वान किया गया।

दूसरे दिन की शुरुआत योगा के जरिए हुई। आर्ट ऑफ लिविंग की कोच सह एक्सएलआरआइ की छात्रा शताक्षी ने सभी को योग के विभिन्न आसनों को करवाया। दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में केपीएमजी के एसोसिएट पार्टनर निशात मोहेब उस्मानी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने कई अहम बातें बतायी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सफल होने के लिए यह जरूरी है कि एक अच्छा मेंटर जरूर बनाएं। अच्छा सर्किल बनायें और किसी काम के प्रति जुनूनी बनें। इससे पूर्व छात्रों के बैंड (ओइंद्रिला मुखर्जी, अमन खनेजा, दीपक महराना और रोहित कुमार) ने बेहतर परफॉर्मेंस दिया। संचालन मीतू गांधी और देवेश लाल ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में भावना रुकमणी, रामनाथन, प्रणव वर्मा, शताक्षी कौशल, सूरज मिश्रा और ऋषिकेश जी आर का अहम योगदान रहा।

### विधायक सरयू राय ने जारी किया आधिकारिक बयान, स्थिति स्पष्ट करते हुए बोले

# धनबाद या चतरा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की बात महज अटकल

- मेरी पहली प्राथमिकता जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र की जनता का ऋण चुकाना

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने स्पष्ट किया है कि धनबाद अथवा चतरा से उनके लोकसभा का चुनाव लड़ने की बातें महज राजनीतिक अटकल है। इस बारे में किसी भी राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय दल के किसी नेता ने उनसे बात नहीं की है और न उन्होंने ही इस बारे में किसी से कभी भी कोई बात की। यहां जारी आधिकारिक प्रेस वक्तव्य में उन्होंने कहा है कि उनके पास रोज धनबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से सैकड़ों फोन आ रहे हैं। इसी तरह चतरा से भी बड़ी संख्या में फोन आ रहे हैं कि वे वहाँ से लोकसभा चुनाव लड़ें। इसके कारण कई तरह की भ्रांतियां फैल गई हैं। अभी तक मुझे धनबाद अथवा चतरा से चुनाव लड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी के किसी भी राष्ट्रीय स्तर के नेता ने संपर्क नहीं किया है। मैंने भी अपनी तरफ से भाजपा के किसी भी बड़े नेता से एक बार भी संपर्क नहीं किया है। कुछ दिनों से जनता दल यूनाइटेड से भी मेरे चुनाव लड़ने की बातें सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में आ रही है। कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार जी मेरे व्यक्तिगत मित्र हैं, इसलिए वह धनबाद की सीट भाजपा से लेकर मुझे चुनाव लड़ाना चाहते हैं। इस संबंध में एक बार भी नीतीश जी से मेरी कोई चर्चा नहीं हुई है और न तो उन्होंने इस बारे में मुझसे बात की है और न मैंने कभी उनसे इस बारे में बात किया है। फिर भी धनबाद या चतरा से मेरे चुनाव लड़ने की खबर राष्ट्रीय और प्रादेशिक मीडिया की सुर्खियों में बना हुआ है। मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मेरी प्राथमिकता जमशेदपुर पूर्वी से विधानसभा का अगला चुनाव लड़ना है। इसलिए अब ऐसी अटकलबाजियों पर विराम लगना चाहिए। सरयू राय ने कहा कि जिन तत्वों से छुटकारा पाने के लिए जमशेदपुर पूर्वी की जनता ने मुझे विधायक चुना, उन तत्वों के अवशेष विविध रंग रूप में फिर से सिर उठाने लगे हैं।

### आखिर सरयू राय को क्यों देनी पड़ रही है सफाई



सरयू राय, विधायक जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र।

सरयू राय का कहना है- मैं इस बात को लेकर संतुष्ट हूं कि कोविड काल 2 साल के अवरोध के बाद भी शेष 2 वर्षों में विकास के जितने भी कार्य मैंने किए, उतने कार्य विगत 25 वर्षों में नहीं हुए थे। इस क्षेत्र की जनता का मुझ पर जो ऋण है मैं उसे चुकाने का प्रयास कर रहा हूं। विकास कार्यों और जनसुविधाओं के लिए मेरी अनेकों योजनाएं स्वीकृत हैं, कुछ योजनाओं पर काम चल रहा है कुछ पर शुरू होने वाला है और कई योजनाओं का खाका बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि जब भी धनबाद और चतरा से मेरे लोकसभा चुनाव लड़ने की खबरें आयीं हैं उन तत्वों का मनोबल बढ़ जाता है, जिन्हें जनता ने सबक सिखा दिया था। इसलिए मैंने यह जरूरी समझा कि एक आधिकारिक प्रेस वक्तव्य जारी कर यह साफ कर दूं कि मैं धनबाद अथवा चतरा से लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहा हूं।

श्री राय ने कहा कि उनकी प्राथमिकता में झारखंड विधानसभा का चुनाव सर्वोपरि है। जमशेदपुर पूर्वी की जनता जिस तरह से भय, आतंक, रंगदारी और दबंगई के खिलाफ मेरे लिए वोट किय है, उसी तरीके से पूरे झारखंड में ऐसे लोगों को चुनाव में विजय दिलाना है जो भ्रष्टाचार और आपसी सामाजिक वैमनस्यता की स्थिति खत्म कर सामाजिक समरसता और विकास को गति दिलाना है।

मैं धनबाद और चतरा के अपने सभी शुभचिंतकों को धन्यवाद देता हूं। मैं उनके प्रेम और स्नेह का आभारी हूं पर मैं उन्हें भी यह बताना चाहता हूं कि मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र है जहां के लोगों का ऋण चुकाना मेरी पहली प्राथमिकता है।

## जेल में बंद कैदियों को भी मतदान का मौका दे चुनाव आयोग : मिश्रा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सीनियर सिटीजन एवं दिव्यांगों को घर से ही वोट देने की सुविधा बहाल करने के साथ ही निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रत्येक वर्ष रिपोर्ट कार्ड जारी किये जाने चाहिए, ताकि मतदाताओं के प्रति किसी भी जन प्रतिनिधि की जबाबदेही तय हो सके और उनकी मनमानी पर रोक लगायी जा सके। उक्त बातें उपायुक्त कार्यालय मे झारखंड मानवाधिकार संगठन जेएचआरसी द्वारा मतदाताओं के पक्ष मे राज्य निर्वाचन आयोग के नाम चार सूत्री मांग पत्र सौपने के क्रम संगठन प्रमुख मनोज मिश्रा ने पत्रकारों के बीच कहीं। उन्होंने कहा कि विगत चुनाव मे बुजुर्गो एवं दिव्यांगों को घर से वोट देने की व्यवस्था को तेलंगाना में लागु किया जा चूका, जो काफी सफल भी रहा। तेलंगाना के तर्ज पर इसे झारखंड मे भी लागू किया जाना चाहिए, जिससे ना सिर्फ वोट का प्रतिशत बढेगा अपितु सम्बंधित वर्ग को भी काफी आराम मिलेगा। बताया कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मतदाताओं के प्रति जिम्मेवार बनाने के लिए उनका हर वर्ष रिपोर्ट कार्ड जारी किया जाना चाहिए।

# श्री श्याम निशान यात्रा आज

## महिलाओं ने रचायी श्याम नाम की मेहंदी

- महिलाएं अपने हाथों से तैयार कर रहीं छत्तीस व्यंजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्री श्याम मासिक रात्रि निशान यात्रा समिति के तत्वावधान में प्रस्तावित श्री श्याम निशान यात्रा बुधवार 20 मार्च को साकची शिवमंदिर से जुगसलाई बैकुंठधाम मंदिर तक शाम 6.30 बजे से निकाली जायेगी। इस यात्रा में 3000 से अधिक श्याम भक्त महिला-पुरुष नौजवान नाचते-गाते चलेंगे। निशान यात्रा के सबसे आगे सिंगा बाजा टीम रहेगी जबकि दोनों ओर वाहन पर श्री राणी सती सत्संग समिति के सदस्य लाइव भजन गाते हुए अध्यात्मिक माहौल बनायेंगे।



इधर, आयोजन समिति से जुडे अनिल मोदी ने बताया कि श्याम यात्रा के एक दिन पूर्व मंडल की महिलाओं नें जुगसलाई के शिव घाट रोड स्थित खंडेलवाल भवन में मेहंदी उत्सव मनाया।इस संदर्भ में मंडल के अनिल मोदी ने बताया की निशान यात्रा को लेकर श्याम भक्तों विशेषकर महिलाओं में खासा उत्साह है।महिला श्रद्धालु अपने श्याम प्रभु को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।श्याम प्रभु को रिझाने हेतु मंडल की महिलाओं ने आज बाबा श्याम के नाम की मेहंदी एक दूसरे के हाथों में लगाई और बाबा श्याम के चरणों में मेहंदी को समर्पित किया। आम तौर पर यह धारणा है कि जिसकी मेहंदी ज्यादा रचती है उसे ईश्वर कृपा ज्यादा प्राप्त होती है।

## एनएमएल में पीआई-चेक कार्यक्रम का समापन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर द्वारा फेनोम इंडियाः सीएसआईआर हेल्थ कोहॉर्ट नॉलेज बेस (पीआई-सीएचके) अध्ययन कार्यक्रम का 18 मार्च, 2024 को सफलतापूर्वक समापन किया गया।

सात दिवसीय कार्यक्रम, 12 मार्च से शुरू हुआ और 18 मार्च 2024 तक चलता रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य लॉगीट्यूडिनल मोलेक्यूलर, बायोकेमिकल और अवयव स्कैनिंग डेटा को कैप्चर करना है; यह कार्यक्रम इन डेटा को कटिंग-एज एआई/एमएल मॉडल्स के साथ एकीकृत करके लक्षित नैदानिक और पूवार्नुमानित प्रौद्योगिकियों के विकास का लक्ष्य रखता है, जिससे भारत में और शायद वैश्विक रूप से प्रेसिजन मेडिसिन का मार्ग खुल सके। इस परियोजना के समन्वयक, डॉ अंसु जे कैलाथ, सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट, सीएसआईआर-एनएमएल, और उनकी टीम, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ कृष्ण कुमार, श्री कोगपु सुधाकर राव, डॉ नवनीत सिंह रंधावा और श्री रोशन कुमार ने इस कार्यक्रम के दौरान प्राप्त अनुभव को साझा किया तथा धन्यवाद दिया और आगे आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम का मार्ग प्रशस्त किया।

## जन सुनवाई के दौरान प्रोजेक्ट द सफायर में जुस्को की बिजली देने का मिला आश्वासन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विद्युत वितरण दर निर्धारण हेतु झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के द्वारा टाटा स्टील यूटिलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज (पूर्व नाम जुस्को) के विद्युत दर निर्धारण के लिए आदित्यपुर आटो कलस्टर में सुनवाई हुई। सुनवाई में मैसर्स समय होम्स के निदेशक राजेश सिंह ने सक्षम प्राधिकार के समक्ष आदित्यपुर के सातबोहनी स्थित प्रोजेक्ट द सफायर मे जुस्को की बिजली से संबंधित मामले को उठाया। उन्होंने बताया कि लंबे समय से उन्होंने प्रोजेक्ट में बिजली का आवेदन दिया है लेकिन संबंधित प्राधिकार द्वारा बिजली की कमी बताकर अभी तक बिजली नहीं दी गई। प्रोजेक्ट द सफायर में लगभग 900 से ज्यादा यूनिट को तैयार किया जाना है। आवेदन के साथ सभी अनिवार्यताएं पूरी करने के बाद भी बिजली नहीं मिलने से काफी दिक्कतें आ रही हैं जबकि सरकार उद्योग और व्यवसायियों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने को कृतसंकल्पित होने की बात करती है।

# पलामू क्षेत्र में 10 वर्षों में कई ऐतिहासिक कार्य : बीडी राम

सत्येंद्र मिश्र

**मेदिनीनगर।** सांसद बीडी राम पलामू संसदीय क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगाने की दहलीज पर खड़े हैं। वरिष्ठ नौकरशाह के पद से सेवानिवृत्ति के बाद राजनीति की पिच पर भी बीडी राम सफल रहे। अपनी सक्रियता, कर्त्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और सेवा कार्य के बल पर न सिर्फ अपनी एक अलग छवि गढ़ी है, बल्कि श्री राम ने आम जनों के मन में पूर्व के सांसदों के प्रति जो नकारात्मक छवि बनी थी, उस धारणा को भी सेवा, सक्रियता, समर्पण भाव से बदल दिया है। पूर्व के किसी भी सांसद के प्रदर्शन की बीडी राम ने बल्कि सदन के अंदर अपनी योग्यता और बात रखने की विशिष्ट शैली की वजह से पलामू को स्थापित भी किया। लोकसभा के संसदीय मंडल के सदस्य के तौर पर विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जो यह बताने के लिए पर्याप्त है कि पलामू की आवाज देश के सदन से विदेशों तक पहुंची। सदन में श्री राम की सजगता और सक्रियता का ही प्रतिफल है कि पलामू संसदीय क्षेत्र की परिधि में आने वाले दोनों जिले पलामू और गढ़वा देश के 115 आकांक्षी जिलों में शामिल है।



सांसद श्री राम निरंतर अपने कार्य के प्रति सजग रहे हैं। इस बात को उनके विरोधी भी स्वीकार करते हैं। 2014 के पहले सांसद के लेटर पैड पर कुछ खास लोगों का कब्जा था। सांसद से मुलाकात के बाद भी यदि खास लोगों की इच्छा न हो तो काम होना मुमकिन नहीं था। पर पलामू में सांसद बनते ही बीडी राम ने इस धारणा को बदला, एक नयी कार्य संस्कृति विकसित की जनता से सीधे मिले, जो मुमकिन था कार्य किया। जिला स्तरीय निगरानी अनुश्रवण समिति को प्रभावी बनाया। सच कहा जाये तो बीडी राम ने पिछले 10 वर्षों से अपनी सेवा और सक्रियता के बल पर सांसद होने के मायने को पलामू संसदीय क्षेत्र के आम अवाम व जनमानस को समझाया है। लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बनाये जाने पर बीडी राम ने खबर मन्त्र के ब्यूरो प्रमुख सत्येंद्र मिश्रा ने विशेष बातचीत की। श्री राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र के मीडिया के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चौथा स्तंभ नहीं होता, तो मेरे विरोधी मेरे कार्य को जनता तक पहुंचने नहीं देते। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की एक ऐसी पार्टी है जो सरकार के सारे मंत्रियों, सांसदों, विधायकों से लेकर आम कार्यकर्ताओं के कार्यकलाप पर निगरानी रखती है। तीसरी बार प्रत्याशी बनाये जाने का सारा श्रेय क्षेत्र की जनता को देते हुए जनता जनार्दन के आशीर्वाद का प्रतिफल बताया है। अपनी पर राम ने उन्होंने कहा, क्षेत्र की जनता का भरपूर आशीर्वाद है।

## स्पीड न्यूज



### कान्वाई चालकों का धरना 19वें दिन भी जारी

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स जमशेदपुर के खिलाफ कान्वाई संगठन, दिनांक 1 मार्च 2024 से चालकों के संवैधानिक अधिकार न्यूनतम मजदूरी, सालाना बोनस, एक्सीडेंट मुआवजा एवं अन्य मांगों को लागू करने के लिए आज 19वां दिन धरने पर बैठ जमशेदपुर जैसे शहर में मजदूर आंदोलन खड़ा कर दिया है। मजदूरों की जिस अधिकार को सरकार एवं न्यायालय ने तय कर रखा है उसी अधिकार, को जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण अनिवार्य किया-सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी, बोनस,पीएफ, एक्सीडेंट मुआवजा-जिस पर आज 19 दिनों से आंदोलन चल रहा है।

### गोविंदपुर जनता मार्केट के महेंद्र झा को आग से लाखों की चपत



**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर जनता मार्केट स्थित मकान संख्या 70 , नियर ग्रामीण बैंक के समीप महेंद्र झा जी के आवास आज दोपहर 1 बजे की करीब किचन में कार्य करते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिससे किचन पूरी तरह जल कर बर्बाद हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर गोविंदपुर थाना, टाटा मोटर्स की दमकल एवम स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह पहुंच कर घटना की जानकारी ली और उनको उचित मुवाबजा दिलवाने का आश्वासन दिया।

### झारखंड आंदोलनकारी जयदेव दास का निधन



**जादूगोड़ा।** सड़क दुर्घटना में घायल झारखंड आंदोलनकारी जयदेव दास का मंगलवार को टीएमएच में इलाज के दौरान निधन हो गया। इधर, उनके निधन की खबर से नरवा पहाड़ व उसके आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। जयदेव दास अपने पीछे दो पुत्र विजय दास (32) मनोज दास (28) व पत्नी सारती दास समेत पूरा हरा-भरा परिवार छोड़ कर चले गये। घटना के बाबत झामुमो कार्यकर्ता धरनी दास ने बताया कि पांच दिन पूर्व वे पोटका से अपने घर घर बाघमारा (नरवा) लौट रहे थे कि दामुडीह मुख्य सड़क किनारे कुत्ते को बचाने में उनकी गाड़ी फिसल गयी। इस हादसे में उन्हे गहरा चोट लगा। जिसके बाद उन्हें टाटा मेन अस्पताल पहुंचाया गया जहां पाच दिन जिंदगी व मौत के बीच संघर्ष करते-करते आज हार गए। उनके निधन पर अखिल भारतीय वैष्ण बैरागी समिति के अध्यक्ष चितरंजन दास, नंद लाल दास उनके निधन पर गहरा शोक जताया है व समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है।

### एनएच 33 पाटा टोल कर्मी के कई मांगों पर बनी सहमति



**चांडिल।** कई दिनों से एनएच 33 स्थित पाटा टोल प्लाजा के कर्मी वेतन वृद्धि, पीएफ सहित कई अन्य मांग कर रहे थे। कर्मियों ने इसकी जानकारी ओमप्रकाश को दी। ओमप्रकाश ने पहल करते हुए मंगलवार को एनएच 33 स्थित पाटा टोल प्लाजा में गुरुचरण किस्कू, अरुप सिंह सहित कई लोगों के साथ टोल प्लाजा के मैनेजर गोबिंद भदोरिया और अश्विनी सिंह के साथ बैठक की। इसमें टोल कर्मियों की कई मांगों पर सहमति बनी। इसमें न्यूनतम वेतनमान 9500 से बढ़ाकर 11500, पीएफ, ईएसआईसी के लाभ सहित कई मांगों पर सहमति बनी।

## एक नजर में

### मिथिला सामूहिक उपनयन संस्कार आज



**जमशेदपुर।** ललित नारायण मिश्र सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति द्वारा सम्प्रति आयोजित हो रहे मिथिला महोत्सव-24 सह सामूहिक उपनयन संस्कार के चौथे दिन उपनयन के तीसरे प्रक्रम में आज माटिमंगल एवं कुमरम की विधि पूरी कराई गई। एग्रिको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम मड़वा की पूजा की गयी। फिर गोधन से लीप कर महिलाओं ने मड़वा का शुद्धिकरण किया। पुन : सारे बटुकों को जलकुंड ले जाकर हल्दीलेपन के पश्चात स्नान कराया गया। इसमे बटुकों के संबंधियों ने भी सहयोग किया। मड़वा को मिथिला की संस्कृति के अनुसार अरिपन आदि से सजाया गया। संध्याकाल समस्त बटुकों का परम्परा के अनुरूप जुटिका (चोटी) बंधन सम्पन्न हुआ। समिति ने मैथिली गीत-नाद एवं मंत्रोच्चार का लगातार प्रसारण किया गया जो उपस्थित जनों के मध्य काफी पसंद किया गया। 20 मार्च को उपनयन का मुख्य कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजीत झा, विजय चंद्र झा, पूरण झा संजीव झा, सुरेश झा, राजीव ठाकुर, अरुण कुमार झा, निवास झा, जयप्रकाश झा, अशोक झा पंकज, विक्रम आदित्य सिंह, अश्विनी ठाकुर, राघव मिश्र समेत समस्त कार्यकारिणी का सराहनीय योगदान रहा।

### विभाष शुक्ला ने 22वीं बार किया एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** रक्तदान जागरुकता अभियान के तहत रक्त जरूरतमंद को समय पर रक्त मिले इसके लिए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम लगातार सक्रिय है। मंगलवार को जमशेदपुर ब्लड बैंक में टाटा स्टील कोक प्लांट के यूनियन कमिटी मेंबर श्री विभाष शुक्ला ने 22वीं बार प्लेटलेट्स का दान किया। श्री शुक्ला नियमित रक्तदाता है एवं रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सदैव तत्पर रहते हैं। श्री शुक्ला कोरोना महामारी के समय 02 बार कंवलेसेन्ट प्लाज्मा एवं अबतक 18 बार रक्तदान कर चुके है। मौके पर रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं डिजिटल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रेड क्रॉस परिवार सभी युवाओं से आग्रह करता है कि बढ़-चढ़कर रक्तदान कर पीड़ित मानवता की रक्षा में योगदान दे।

### मस्ती की पाठशाला में हैप्पी रुम का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने मस्ती की पाठशाला में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन, डॉ रागिनी रानी ने एक हैप्पी रूम का उद्घाटन किया, जो बागुनहातु में वंचित लड़कियों के लिए संचालित एक स्कूल है। हमारी सक्रिय सदस्य डॉ नीलम ने इस परियोजना को निष्पादित करने के लिए प्रायोजक ढूंढने में हमारी मदद की। प्रायोजक रोहित खेमका और रुचिका छाबड़ा थे। दीवारों, दरवाजों और खिड़कियों पर की गई पेंटिंग से लड़कियों के लिए एक हैप्पी रूम बनाया गया है। पुस्तकों के साथ एक अध्ययन इकाई; एक बड़ी पुस्तक शेल्फ; खेल सामग्री; दीवार कला पेंटिंग; कमरे में नोटिस बोर्ड आदि भी उपलब्ध कराये गये हैं। यह हैप्पी रूम सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देने में मदद करेगा, जिससे छात्राएं खुश होंगे। स्कूल के समन्वयकों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के प्रयासों ने हमें इस परियोजना को सफल बनाने में मदद की। इससे पहले भी जमशेदपुर के सभी चार इनर व्हील क्लबों द्वारा संयुक्त रूप से एक परियोजना संचालित की गई थी, जिसका उद्घाटन भी डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन द्वारा किया गया था। जहां क्लब ने आदित्यपुर में एक कोचिंग सेंटर में छात्रों के लिए टेबल और कुर्सियां दान की थीं और चार सब्जी विक्रेताओं को चिलचिलाती गर्मी से बचाने के लिए, इनर व्हील छाते भी दिये गये थे।

### एसडीओ से मिल जाम से मुक्ति दिलाने की मांग



**चांडिल।** बाजार में आये दिन लगने वाले सड़क जाम से मुक्ति दिलाने की मांग को लेकर श्री श्याम कला भवन का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को एसडीओ सुभ्रा रानी से मिला। कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने एसडीओ को चांडिल मुख्य बाजार एवं डैम रोड पर लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की। संजय चौधरी ने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार लग रहे जाम के कारण व्यवसाय पर इसका प्रतिकुल असर पड़ रहा है, वही आम लोगों एवं स्कूली बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने फिलहाल जाम से मुक्ति के लिए ट्रैफिक पुलिस की प्रतिनियुक्ति करने की मांग की। चांडिल में 21 मार्च को आयोजित होने वाले श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एसडीओ को न्योता भी दिया। इस मौके पर कला भवन के उपाध्यक्ष राजीव कुमार साव उपस्थित थे।

### टाटानगर से सहरसा के लिए होली स्पेशल ट्रेन शुरू



**जमशेदपुर।** रेलवे ने होली में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए टाटानगर से बिहार के सहरसा जंक्शन तक होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे के इस फैसले पर एक ओर जहां मिथिलावासी हर्षित हैं। तो वहीं, मिथिला क्षेत्र के लिए टाटानगर से दूसरी ट्रेन सेवा प्रारंभ होने पर मंगलवार को मिथिलावासियों ने सांसद विद्युत वरण महतो का अभिनंदन किया। इस दौरान दर्जनों मिथिलावासियों ने सांसद विद्युत महतो को पुष्पगुच्छ भेंटकर आभार जताया। इस दौरान सभी लोगों ने ट्रेन परिचालन के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए पीएम नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का भी आभार व्यक्त किया।


# इतनी दूरी? मुंबई के वीडियो में दूर-दूर नजर आये रोहित और हार्दिक



एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो से इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2024 के शुरू होने से पहले ही सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। इस वीडियो में मुंबई इंडियंस के सभी क्रिकेटरों के साथ टीम की मालिक नीता अंबानी और मेंटर सचिन तेंदुलकर को दिखाया गया है। वीडियो के अंतिम कुछ सेकंड में टीम ने बीच में एक सोफे पर बैठे हुए रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या के साथ तस्वीर खिंचवाई। रोहित की जगह हार्दिक को कप्तान बनाए जाने के विवाद के बाद से सोशल मीडिया यूजर्स इसको लेकर काफी नाराज हैं। अब इस फोटो सेशन में फैंस को कुछ ऐसा दिखा, जिसने उन्हें चर्चा करने का विषय दे दिया है। सोशल मीडिया पर इसको लेकर काफी प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं।

## मुंबई को लगा झटका, सूर्यकुमार फिटनेस टेस्ट में फेल



**नयी दिल्ली।** भारत और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आइपीएल के 2024 संस्करण के शुरूआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे और उन्हें बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मंजूरी नहीं मिली। इसे मुंबई इंडियंस को आईपीएल से पहले बड़ा झटका लगा है जो टी20 क्रिकेट में मैचों का रूख बदलने की क्षमता रखते हैं। एनसीए में सूर्यकुमार यादव के मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया, वह मंगलवार को फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे। हम गुरुवार को उसके लिए एक और फिटनेस टेस्ट करेंगे और अगर वह पास हो जाता है, तभी वह आईपीएल में खेल सकता है। मुंबई इंडियंस अपना पहला मैच 24 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी और सूर्यकुमार के उस मैच में शामिल होने की संभावना नहीं है। 33 वर्षीय सूर्यकुमार दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के बाद से एक्शन से बाहर हैं।

### हार्दिक ने फैंस को लेकर कही यह बात

हार्दिक ने कप्तानी में बदलाव के बाद भड़के फैंस को लेकर भी बयान दिया और कहा कि उनसे भी समर्थन चाहिए होगा। उन्होंने फैंस से उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की जो कि उनके नियंत्रण में हैं। हार्दिक ने कहा, हां, मैं गेंदबाजी करूंगा। ईमानदारी से कहूं तो हम फैंस का बहुत सम्मान करते हैं, लेकिन साथ ही हमें अपने खेल पर भी ध्यान देने की जरूरत है। मैं उस पर ध्यान केंद्रित करता हूं जिसकी जरूरत है। मैं कंट्रोल में रहने वाली चीजों को कंट्रोल करता हूं। मैं उस पर ध्यान केंद्रित नहीं करता जिसे मैं नियंत्रित नहीं कर सकता और साथ ही हम फैंस के आभारी हैं। उनकी वजह से ही हमारा नाम है। मैं उनकी राय का सम्मान करता हूं।

## धोनी ने नेट्स में लगाया मॉन्स्टर सिक्स

एजेंसी

**चेन्नई।** आइपीएल के आगामी सीजन में एक बार फिर महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी पहने नजर आएंगे। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 22 मार्च से शुरू हो रहे 17वें सीजन में यह धोनी का धमाकेदार वापसी होगा। कप्तानी के धुरंधर धोनी की अगुवाई में सीएसके ने आइपीएल के अब तक सबसे ज्यादा पांच खिताब जीते हैं। टूनार्मेंट के पहले मैच में धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से होगा। ऐसे में माही इस मैच के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मुकाबले से पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें धोनी को चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में सीएसके के अभ्यास सत्र के दौरान लंबे-लंबे छक्के लगाते हुए देखा जा सकता है। धोनी के इन जबरदस्त छक्कों को देखकर फैंस खुशी से झूम उठे। कुछ लोगों ने तो यह भी सुझाव दिया कि धोनी को आइपीएल 2024 में ओपनिंग करनी चाहिए।



### क्या महेंद्र सिंह धोनी का होगा यह आखिरी सीजन?

धोनी को लेकर बहुत से अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या आइपीएल 2024 उनका आखिरी सीजन होगा। धोनी के साथ खेल चुके कुछ पूर्व क्रिकेटरों ने जियो सिनेमा पर उनके भविष्य पर चर्चा की। धोनी और सीएसके के जुड़ाव के बारे में उनके साथी खिलाड़ी रहे सुरेश रैना ने कहा, 'धोनी की सबसे अच्छी बात यह है कि वह आइपीएल से एक महीने या तीन हफ्ते पहले चेन्नई आ जाते हैं। वह उमस भरे मौसम में लगभग दो-तीन घंटे बल्लेबाजी करते हैं और जिम की ट्रेनिंग भी लेते हैं। इस दौरान खिलाड़ियों के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग बनती है और मुझे लगता है कि यह जादुई है।

### व्हीलचेयर पर भी खेलेंगे धोनी!

सीएसके के पूर्व खिलाड़ी रॉबिन उथप्पा ने धोनी को लेकर कहा, अगर धोनी व्हीलचेयर पर भी हों तो भी सीएसके उन्हें खेलने देगा! व्हीलचेयर से उतरकर बल्लेबाजी करें और फिर वापस चले जाएं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि उनके लिए बल्लेबाजी कोई मुद्दा है, मुझे नहीं लगता कि बल्लेबाजी उनके लिए कभी समस्या होगी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि असली मुद्दा विकेटकीपिंग का है। उनके घुटने कमजोर हो रहे हैं और उन्हें विकेटकीपिंग करना पसंद है। इसलिए, शायद वह किसी और कारण से नहीं बल्कि इसलिए खेल से संन्यास ले लेंगे क्योंकि वह वहां खड़े होकर टीम के लिए योगदान नहीं दे पाएंगे।'

## जयसवाल भी बरसाने लगे एक हाथ से छक्के

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की शुरूआत से पहले राजस्थान रॉयल्स के धाकड़ बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल नेट प्रैक्टिस के दौरान ताबड़तोड़ छक्के बरसा रहे हैं। पिछले सीजन में अपने प्रदर्शन से सबको चौकाने वाले जयसवाल अभी बीते दिनों ही भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में बढ़िया प्रदर्शन के कारण चर्चा में आए थे। ऐसे में आइपीएल 2024 में एक बार फिर से उनपर नजरें बनी हुई हैं। मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स के नेट सेशन के दौरान जयसवाल को एक हाथ से छक्के लगाते हुए देखा गया। राजस्थान ने सोशल मीडिया के माध्यम से जायसवाल की वीडियो भी शेयर की है। जयसवाल ने पिछले साल आईपीएल में एक सफल सीजन का आनंद लिया था। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के लिए 14 मैचों में 48 की औसत और 163.3 की स्ट्राइक रेट के साथ 625 रन बनाए थे। इसके बाद उनकी टीम इंडिया में एंट्री हुई। टेस्ट डेब्यू भी किया। जहां मौका मिला अच्छा प्रदर्शन किया। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज उनके लिए यादगार रही। उन्होंने 5 टेस्ट में 700 से ज्यादा रन बनाए जिसमें दो दोहरे शतक भी शामिल थे। जयसवाल का बीते दिनों राजस्थान रॉयल्स खेमा ज्वाइंन करने से पहले जोरदार स्वागत हुआ था। फैशनेबल धूप के चश्मे के साथ सिर से पैर तक काले रंग में सजे जयसवाल का होटल पहुंचने पर राजस्थान रॉयल्स के कर्मचारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया था।

## मुझे किंग मत कहा करो, यह मुझे शर्मिंदा करता है : कोहली की प्रशंसकों से अपील

एजेसीं



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने अपने प्रशंसकों से उन्हें 'किंग' कहना बंद करने का आग्रह किया है। कोहली ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में एकत्रित प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें इस लोकप्रिय उपनाम से कई बार शर्मिंदगी महसूस होती है। कोहली के इतना कहते ही प्रशंसकों ने कोहली कोहली के नारे लगाने शुरू कर दिए। इस दौरान विराट ने अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी के बाद कैसा महसूस हो रहा है, संबंधी सवाल पूछे जाने पर कहा कि फिर से वापस आना अच्छा लग रहा है। उत्साहित कोहली ने भीड़ से मजाकिया लहजे में कहा कि मुझे बात करने दीजिए। दोस्तों, हमें आज रात चेन्नई जाना है, हमारे पास एक चार्टर्ड फ्लाइट है इसलिए हमारे पास समय नहीं है (हंसते हुए)। कोहली ने कहा कि सबसे पहले, आपको मुझे उस शब्द (किंग) से बुलाना बंद करना होगा। कृपया मुझे विराट कहकर बुलाएं। मुझे उस शब्द (किंग) से मत बुलाएं, मैं सिर्फ फाफ डु प्लेसिस से कह रहा था कि जब आप मुझे इस शब्द से बुलाते हैं तो मुझे हर साल शर्मिंदगी महसूस होती है। तो कृपया मुझे केवल विराट कहकर बुलाएं, अब से उस शब्द का इस्तेमाल न करें, यह मेरे लिए बहुत शर्मनाक है। विशेष रूप से, मंगलवार पहला उदाहरण नहीं था जब कोहली ने प्रशंसकों से उन्हें 'किंग' नहीं कहने का आग्रह किया था। विराट ने पिछले साल आरसीबी इनसाइडर शो में कहा था कि भले ही यह सुंदर है।

## आइपीएल 2024 में सटीक और तेज निर्णय के लिए होगा स्मार्ट रिप्ले सिस्टम का उपयोग

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2024 में टीवी अंपायर तेज और सटीक निर्णय के लिए स्मार्ट रिप्ले सिस्टम का उपयोग करेंगे। इस स्मार्ट रिप्ले सिस्टम के जरिए टीवी अंपायर को हॉक-आई ऑपरेटर्स से सीधे जानकारी मिलेगी। नए सिस्टम से टीवी अंपायर के पास अधिक विजुअल देखने की सहूलियत होगी। कैच और स्टंपिंग के मामले में स्मार्ट रिव्यू सिस्टम के अंदर टीवी अंपायर हॉक-आई ऑपरेटर्स से स्प्लिट स्क्रीन की मांग कर सकते हैं। स्टंपिंग के लिए नया सिस्टम टीवी अंपायर को साइड-ऑन कैमरा के साथ ही फ्रंट-ऑन कैमरा की फुटेज एक ही फ्रेम में दिखा देगा। यह सिस्टम पिछली प्रणाली की तुलना में हॉक-आई कैमरा छह गुना तेज रिकॉर्ड करता है।

## ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के साथ टी-20 श्रृंखला स्थगित की

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अफगानिस्तान के साथ होने वाली तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला स्थगित कर दी है। सीए के बयान के अनुसार अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों स्थिति में गिरावट के मद्देनजर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के साथ परामर्श के बाद अफगानिस्तान के साथ निर्धारित तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला को स्थगित करने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अगस्त में तटस्थ स्थान पर अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 मैच खेलने थे। लेकिन सीए ने मानवाधिकार मुद्दों के कारण श्रृंखला को स्थगित करने का विकल्प चुना। बयान में कहा गया है कि सीए ने दुनिया भर में क्रिकेट में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी का समर्थन करने के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता जारी रखी है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) को सक्रिय रूप से शामिल करना जारी रखेगा और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ मिलकर काम करेगा ताकि भविष्य में यह निर्धारित किया जा सके कि द्विपक्षीय मैचों को फिर से शुरू करने के लिए क्या कार्रवाई की जा सकती है।

## युवराज सिंह ने लगातार 7 बाऊंड्रीज लगायीं, टीम फाइनल मुकाबला हारी

**नयी दिल्ली।** पल्लीकेल के मैदान पर लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी 2024 के फाइनल मुकाबले में न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स को राजस्थान किंग्स के हाथों 20 रन से हार झेलनी पड़ी। लेकिन यह मुकाबला युवराज सिंह के कारण चर्चा में रहा। राजस्थान ने पहले खेलते हुए एशले नर्स के 97 रनों की बदौलत 179 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी न्यूयॉर्क की टीम लड़खड़ा गई। लेकिन अंत के ओवरों में युवराज सिंह (54) ने चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी। उन्होंने लगातार 5 छक्के और 2 चौके जड़कर मैच को रोमांचक स्थिति में पहुंचा दिया। आखिरी ओवर में टीम को जीतने के लिए 28 रन चाहिए थे, युवराज आक्रमक रहे। लंबे छक्के जड़े, लेकिन उनके आऊट होते ही टीम जीत से दूर हो गई। 13वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर युवराज सिंह ने लगातार तीन छक्के लगाए। इसके बाद उन्हें 14चें ओवर की चौथी गेंद पर स्ट्राइक मिली। उन्होंने तीन गेंदों पर एक छक्का तो दो चौके लगा दिए। 15वें ओवर में उनके पास दूसरी गेंद पर स्ट्राइक आई। उन्होंने लॉन्ग आन पर छक्का जड़कर लगातार 7 बाऊंड्रीज ठोक दी और अपना अर्धशतक भी पूरा कर लिया। राजस्थान को कप्तान रॉबिन उथप्पा ने तेजतर्रार शुरूआत दी थी। उथप्पा ने 7 गेंदों पर 2 चौके और एक छक्के की मदद से 15 रन बनाए। इसके बाद हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा ने एश्ले नर्स के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। हैलिल्टन ने जहां 30 गेंदों पर 7 चौके और 2 छक्कों की मदद से 56 रन बनाए तो वहीं, नर्स ने न्यूयॉर्क के सभी गेंदबाजों को जमकर धोया।

## मुख्य कोच मूसा का अंडर-23 खिलाड़ियों को मैसेज, शैली से खेलो

**नयी दिल्ली।** भारत की अंडर-23 फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने अपने खिलाड़ियों को स्पष्ट संदेश देते हुए सीनियर टीम के लक्ष्यों के अनुरूप खेलने की महत्ता पर जोर दिया ताकि उन्हें देश के लिए खेलने में कोई परेशानी नहीं हो। भारत की अंडर-23 टीम 22 और 25 मार्च को कुआलालंपुर में दो अभ्यास मैच में मलेशिया से भिड़ेगी जिसके लिए टीम यहां शिविर में तैयारी में जुटी है। मूसा ने कहा, हमारे लिए यह देखना अहम है कि सीनियर टीम क्या चाहती है और हमें इसी के अनुसार खेलना चाहिए। ये ही खिलाड़ी आखिर सीनियर टीम में जायेंगे और खेलेंगे। उन्होंने कहा, हमारे लिए इस समय सबसे महत्वपूर्ण चीज लड़कों को यह बताना है कि हम किस तरह से खेलना चाहते हैं ताकि वे पिच पर इसी तरह का खेल दिखा सकें।

## आगामी मैत्री मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे मेसी



**ब्यूनस आयर्स।** लियोनेल मेसी संयुक्त राज्य अमेरिका में अर्जेंटीना के आगामी मैत्री मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे, इसकी पुष्टि अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने की। मेसी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण अर्जेंटीना के मैचों में नहीं खेलेंगे। अर्जेंटीना को 26 मार्च को लॉस एंजिल्स में कोस्टा रिका का सामना करने से पहले शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ दोस्ताना मैच खेलना है। पिछले हफ्ते सीओएनसीएसीएएफ चैंपियंस कप में नैशविले पर मियामी की 3-1 की जीत के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद मेसी ठीक नहीं हुए हैं और अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों में नहीं खेल पाएंगे। मेसी, जिन्हें नैशविले पर जीत में आधे समय के बाद स्थानापन्न किया गया था, शनिवार को वाशिंगटन में डी.सी. यूनाइटेड पर मियामी की जीत से चूक गए। अर्जेंटीना महासंघ ने एक्स पर ट्वीट किया, अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी नैशविले एससी के खिलाफ अपनी टीम के मैच में अपने दाहिने पैर की हैमस्ट्रिंग में लगी मामूली चोट के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले मैत्री मैचों के लिए टीम में शामिल नहीं हो पाएंगे।

## हसरंगा की संन्यास के बाद फिर वापसी

**कोलंबो।** पिछले वर्ष टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को श्रीलंका ने बांग्लादेश के साथ होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में वापस बुलाया है। श्रीलंका की टीम में वानिंदु हसरंगा को शुक्रवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए 17 सदस्यीय टीम में नामित किया गया है। इसके साथ ही तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा की भी टीम में वापसी हुई है और अनकैप्ड ऑफस्पिनर निशान पाइरिस को टीम में जगह मिली है।

## अंतिम क्वालीफाइंग दौर में पहुंचे सुमित नागल



**नयी दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण पर शानदार शुरूआत करते हुए कनाडा के गैब्रियल डायलो पर सीधे सेटों में जीत हासिल की। पहले दौर का क्वालीफायर मैच खेल रहे 26 वर्षीय खिलाड़ी ने सोमवार को 6 फीट 8 इंच लंबे कनाडाई डायलो को 7-6(3) 6-2 से हराया। नागल, जो पिछले महीने चेन्नई ओपन जीतकर दुनिया के शीर्ष-100 में शामिल हुए थे, उनका अगला मुकाबला कोलमैन वोंग से होगा। नागल ने सातवें गेम में ब्रेक प्वाइंट बचाने के बाद पहले सेट में टाई-ब्रेकर जीता, जबकि उन्होंने दूसरे सेट में दबदबा बनाया और पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ दी। इस जीत के बाद उनके करियर की नई सर्वोच्च रैंकिंग विश्व नंबर 92 पर पहुंचने की संभावना है। अपने आखिरी टूनार्मेंट में, राफेल नडाल के आखिरी मिनट में हटने के बाद मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने के बाद नागल इंडियन वेल्स में मिलोस राओनिक से हार गए थे। नागल ने जनवरी में काफी हलचल मचा दी थी जब वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। उस प्रयास ने उन्हें एटीपी रैंकिंग के शीर्ष -100 में लाने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

## कार्तिकेय गुलशन कुमार चाइना मास्टर्स बैडमिंटन के दूसरे दौर में पहुंचे

**रुइचांग।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी कार्तिकेय गुलशन कुमार चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूनार्मेंट के पुरुष एकल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के रिकी टैंग को सीधे गेम में हराकर दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। वहीं सनीथ दयानंद शिमोगा ने मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। कार्तिकेय गुलशन कुमार ने मंगलवार को चीन के रुइचांग स्पोर्ट्स पार्क जिम में खेले गये चाइना मास्टर्स 2024 के पुरुष एकल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के रिकी टैंग को 37 मिनट चले मुकाबले में 21-18, 21-8 से हराया।

## पेरिस ओलंपिक के अंतिम क्वालीफिकेशन में चुनी गयी भारतीय टीम, श्रेयसी-मिराज शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक को होने में अब ज्यादा समय नहीं बचा है और सभी देशों के एथलीट इसके लिए तैयारियों में जुट गए हैं। भारत की नजरें भी ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करने पर टिकी हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन का दौर अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इसी की तहत भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआइ) ने मंगलवार को 12 सदस्यीय शॉटगन टीम की घोषणा की है। पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफिकेशन टूनार्मेंट दोहा में 19 से 29 अप्रैल तक होगा। भारतीय टीम में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह और अनुभवी निशानेबाज मिराज अहमद खान तथा विश्व कप विजेता गनेमत शेखों को भी शामिल किया गया है। दोहा में होने वाले अंतिम क्वालीफिकेशन टूनार्मेंट में चार ओलंपिक कोटा दांव पर लगे हैं। इसमें पुरुष और महिला ट्रैप तथा स्कीट के लिए एक-एक कोटा होंगे। पहले ही ओलंपिक कोटा प्राप्त कर चुके निशानेबाजों को इस टूनार्मेंट से बाहर रखा गया है।




पृथ्वीराज टोंडाईमान और विवान कपूर पुरुष ट्रैप टीम में शामिल हैं, जबकि महिला ट्रैप टीम में श्रेयसी और मनीषा केर को जगह मिली है। मिराज और शिराज शेख पुरुष स्कीट टीम में हैं। इनके अलावा गनेमत और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट टीम में शामिल हैं।

### तकनीकी ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया गया

ओलंपिक शॉटगन संभावितों के लिए नई दिल्ली में तकनीकी ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया गया है। दोहा रवाना से पहले इस कैंप में ट्रैप और स्कीट टीम के निशानेबाज भी तैयारियों के लिए शामिल होंगे।

### अबतक 19 कोटा हासिल कर चुका है भारत

भारत ने इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए अबतक 19 कोटा हासिल कर चुके हैं। शॉटगन टीम ने इसमें से सबसे ज्यादा चार ओलंपिक हासिल किए हैं। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में कुल सात पदक जीते थे और इस बार उसकी कोशिश इस प्रदर्शन से आगे निकलने की होगी।

# एनडीए एक चौथाई सीटों पर उतार सकता है नया चेहरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** एनडीए में इस बार एक चौथाई सीटों पर नए चेहरे चुनावी मैदान में उतरेंगे। कुछ सीटों की अदला-बदली तो कई पर उम्मीदवार बदले जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। हालांकि अब तक उम्मीदवारों के नामों का ऐलान नहीं हुआ है लेकिन राजनीतिक हलकों में चल रही खबरों के अनुसार यह तय है कि एनडीए के घटक दलों की ओर से लगभग दर्जन भर सीटों पर नए चेहरे ही चुनावी मैदान में उतरेंगे। पिछले चुनाव में लोजपा से छह सांसद चुनकर लोकसभा पहुंचे थे। इसमें से पांच सांसदों को लेकर पशुपति कुमार पारस ने रालोजपा बना ली। इस बार एक सांसद वाली चिराग की पार्टी लोजपा-आर एनडीए में है लेकिन रालोजपा एनडीए से बाहर हो चुका है। ऐसे में इसके पांचों सांसद इस बार एनडीए के बैनर तले चुनावी मैदान में नहीं होंगे। रालोजपा के हाजीपुर से पशुपति कुमार पारस, वैशाली से वीणा सिंह, नवादा से चंदन सिंह, समस्तीपुर प्रिंस राज और खगड़िया महबूब अली कैसर सांसद हैं। रालोजपा के एनडीए से बाहर होते ही इस बार इन सीटों पर नए चेहरे चुनावी मैदान में होंगे। इसमें से हाजीपुर, खगड़िया, समस्तीपुर और वैशाली चिराग के कोटे में आ गई है तो नवादा पर भाजपा के उम्मीदवार चुनावी मैदान में होंगे। हाजीपुर से चिराग पासवान का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है जबकि बाकी सीटों पर लोजपा-आर उम्मीदवार तय करने में जुटा हुआ है। समस्तीपुर और जमुई के उम्मीदवार चौंकाने वाले हो सकते हैं। जदयू ने अपनी दो सीटिंग सीट गया और काराकाट सहयोगी दलों के लिए छोड़ दी है। गया से विजय कुमार मांझी और काराकाट से महाबली सिंह अभी सांसद हैं। गया हम के कोटे में चला गया है। यहां से हम के संरक्षक पूर्व सीएम जीतन राम मांझी चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। जबकि काराकाट से रालोमो सुप्रीमो उपेन्द्र कुशवाहा चुनावी मैदान में उतरेंगे। शिवहर सीट भाजपा से जदयू के खाते में चला गया है। ऐसे में यहां की मौजूदा सांसद रमा देवी चुनावी मैदान में नहीं दिखेंगी। जबकि जदयू के टिकट पर शिवहर से लवली आनंद के चुनाव लड़ने की चर्चा है। भाजपा खेमे में भी तीन-चार सीटों पर उम्मीदवार बदलने की चर्चा है। नवादा पर पार्टी की ओर से नए प्रत्याशी होंगे। यहां से राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर के चुनावी मैदान में उतरने की चर्चा है। वैसे पूनम शर्मा और अनिल कुमार भी चुनावी रेस में हैं। बक्सर से अश्विनी कुमार चौबे के बदले किसी और को टिकट देने की चर्चा है। मोतिहारी, बेगूसराय, सासाराम, मुजफ्फरपुर जैसे लोकसभा में भी नए चेहरे के चुनावी मैदान में उतरने की चर्चा है। हालांकि नामों का औपचारिक ऐलान के बाद ही एनडीए में सब कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

## स्पीड न्यूज

### 1250 लीटर विदेशी शराब किया बरामद

**अररिया (हि.स.)।** आगामी लोकसभा चुनाव और होली के मद्देनजर सख्ती के साथ अररिया जिला पुलिस प्रशासन वाहनों की जांच सहित शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में चुनाव और होली में शराब को खपाने के उद्देश्य से बिहार में बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी की सूचना एसपी अमित रंजन को मिली।इसी क्रम में जिले के नरपतगंज थाना पुलिस ने तस्करी कर लाई जा रही एक ट्रक शराब को पकड़ा।हालांकि ट्रक का चालक और खलासी मौके से फरार होने में कामयाब रहे। नरपतगंज थानाध्यक्ष कुमार विकास के नेतृत्व में मिली गुप्त सूचना के आधार पर पछगछिया चौक एनएच 57 पर शराब की बरामदगी की गई।अलग अलग ब्रांड के 2186 बोतल करीबन 1250 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है।जानकारी फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने दी।

### दो अपराधी एवं दहेज हत्याकांड का फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के चकिया अनुमंडल के पिपरा व कल्याणपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने घेराबंदी के साथ छापामारी कर हथियार के साथ दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने पिपरा से दहेज हत्या के एक फरार अभियुक्त को भी उसके घर से छापामारी कर गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अपराधी कल्याणपुर थाना के कल्याणपुर सिनेमा हॉल रोड का सचिन कुमार बताया गया है,जिसके पास से एक देशी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। वही दूसरा अपराधी पिपरा थाना क्षेत्र के गौरे गांव का पांडु कुमार पिता रामजनम भगत है, इसके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया है। जबकि दहेज हत्या कांड का फरार अभियुक्त पिपरा थाना क्षेत्र के गौरे गांव का मदन पंडित को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी देते चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर पिपरा पुलिस ने अपराधी पांडु कुमार को बिसुनपुरा गांव से एक देशी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया जबकि दो अन्य अपराधी बाइक से भागने में सफल रहे।

### रास्ते को लेकर विवाद में चली गोली,दो घायल

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र के अगरवा लाला टोला में रास्ते को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली चला दिया। जिसमें एक दंपत्ति घायल हो गए।जिनको इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण दोनों को रहमानिया मेडिकल सेंटर में रेफर कर दिया गया। बताया गया कि महिला की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है। घटना में संबंध में घायल मधु रंजन वर्मा ने बताया कि पड़ोसी विजय शंकर गुप्ता उर्फ मुन्ना से बीते दिन रास्ते को लेकर कहा सुनी हुई थी। जिसे आपसी बातचीत के बाद सुलझा लिया गया।सब कुछ समान्य हो गया था। मंगलवार को मै जब जमीन पर बाउंड्री कराने गया तो वह फिर मना करने लगा। इस दौरान उसने मेरे बाउंड्री को भी गिरा दिया। इसके बाद मुन्ना ने बंदूक निकाला, जिसका हम फोटो खींच रहे थे।तभी उसने फायरिग कर दिया।

# 'नीतीश पेंडेंट' का ट्रायल पूरा लोगों को जल्द मिलेगी सुविधा

## बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण में मौसम सेवा केंद्र के साथ हुई आपात बैठक



**पटना (हि.स.)।** बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण की बैठक में मौसम सेवा केंद्र के प्रभारी निदेशक डॉ सी एन प्रभु ने मंगलवार को कहा कि नीत, तीव्र, शक्तिशाली सुरक्षा कवच यानी 'नीतीश पेंडेंट' अब बड़े पैमाने पर जल्द ही लोगों के बीच होगा। इससे लोग गर्मी, लू, भूकंप, बाढ़, ठनका, और तूफान जैसी आपदाओं की पूर्व सूचना पाकर अपने जीवन को बचाने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि 'नीतीश पेंडेंट' आपदाओं की पूर्व चेतावनी जारी करने के लिए हर प्रकार से तैयार है। इसके लिए आवश्यक तकनीक तैयार कर ली गई है। मौसम सेवा केंद्र के निदेशक का प्रभार संभालने के बाद डॉ प्रभु ने नीतीश पेंडेंट को परीक्षण के उपरान्त सभी प्रायोगिक और तकनीकी जांच सफल पाया हैं और बिहार मौसम सेवा केंद्र हर संभावित आपदाओं के लिए राज्य भर में अब हम पूरी तरह लोगों को अलर्ट मैसेज भेजने के लिए तैयार है। डॉ. प्रभु ने बताया कि बिहार राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण और आईआईटी पटना के संयुक्त प्रयास से 'नीतीश पेंडेंट' तैयार हुआ है। यह डिवाइस बोलकर, रंग बदलकर और वाईब्रेट कर अलर्ट मैसेज पहुंचाता है।उपस्थित सदस्यों ने बताया कि 'नीतीश पेंडेंट' एक अत्याधुनिक उपकरण है जो बिहार में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उपयोग हो रहा है। जिसका हिंदी रूपांतरण नीत, तीव्र और शक्तिशाली जीवन सुरक्षा कवच (नीतीश) है।

### बिहार में बिना प्रश्न-पत्र लीक हुए परीक्षा हो जाए तो खबर होगी: पीके

**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा टियर थर्ड के पेपर लीक मामले में कहा कि बिहार में यह रोजमर्रा की घटना बन गई है। पिछले बार भी जब बीपीएससी का पेपर लीक हुआ था तब बहुत सारे छात्रों ने मुझसे कहा था कि आप इस पर कुछ बोलिए, ट्वीट कीजिए। मैंने उस समय भी कहा था और अब भी कह रहा हूं कि पिछले 10 सालों में 60 से ज्यादा अलग-अलग परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं लेकिन इस पर कोई जवाबदेही तय नहीं कर रहा है। प्रशांत ने कहा कि पिछली बार बीपीएससी पेपर लीक होने के बाद जिस व्यक्ति को मामले में दोषी पाया गया उसकी कुछ दिनों बाद ही बड़े मंत्रियों के साथ बड़े-बड़े फोटो अखबार में छपी।

# नौकरी के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रहे तेजस्वी : उमेश कुशवाहा


**पटना (हि.स.)।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने आरोप लगाया कि पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव नौकरी के मुद्दे पर सूबे की जनता में झूठ और भ्रम फैला रहे हैं जबकि युवाओं को नौकरी देने में उनकी कहीं कोई भूमिका नहीं थी। राजद के तत्कालीन शिक्षा मंत्री अपने जिम्मेदारियों के प्रति कितने सजग और संवेदनशील थे यह बात भी जगजाहिर है। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि लालू-राबड़ी के 15 साल में सिर्फ 33 हजार 499 शिक्षकों की बहाली हुई थी जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विगत 18 वर्षों के शासन में 5 लाख 61 हजार शिक्षकों की नियुक्ति हुई है और यह प्रक्रिया आगे भी निरंतर चल रही है। अपने शासनकाल की चर्चा करने का साहस राजद के पास नहीं है लेकिन जनता सबका हिसाब और सब कुछ याद रखती है। कुशवाहा ने कहा कि बेहतर होता यदि तेजस्वी प्रसाद यादव माता-पिता के कार्यकाल में हुए बहाली का लेखा-जोखा भी बिहार की जनता के समक्ष रखने की हिम्मत जुटा पाते लेकिन झूठ और दुष्प्रचार के सहारे ही राजद अब तक अपनी राजनीतिक गाड़ी को खींच रही है। इसके अलावा राजद के पास दूसरा कोई राजनीतिक हथियार नहीं है। कुशवाहा ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव को इस गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए कि बिहार की जनता उनके भ्रम और दुष्प्रचार का शिकार बनेगी।

### पुनौराधाम का विकास सांस्कृतिक पुर्नजागरण और रोजगार की दृष्टि से महत्वपूर्ण : सुशील मोदी

**पटना (हि.स.)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार की वापसी के मात्र 45 दिन बाद मां सीता की जन्मभूमि सीतामढी के पुनौराधाम को विकसित करने के लिए 50 एकड़ भूमि के अधिग्रहण का निर्णय सांस्कृतिक पुनर्जागरण और पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने की दृष्टि से बड़ा निर्णय है। सुशील मोदी ने बयान जारी कर मंगलवार को कहा कि मंदिरों को गुलामी का प्रतीक बताने और अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करने वाले राजद के सत्ता में रहते सीतामढ़ी का विकास बिल्कुल नहीं हो पाता। कांग्रेस, राजद और पूरे इंडी गठबंधन ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का बहिष्कार किया था। डिप्टी सीएम रहते तेजस्वी यादव ने यह कह कर राम-भक्तों की आस्था पर चोट की थी कि बीमार पड़ने पर कोई मंदिर नहीं जाता। मोदी ने कहा कि राम-विरोधियों के सत्ता से हटते ही पुनौराधाम के विकास के लिए 72 करोड़ 47 लाख रुपये खर्च करने की योजना को मंजूरी मिल गई। अब वहां अयोध्या की तरह भव्य सीता मंदिर बनेगा। सुंदरीकरण और यात्री सुविधाओं को स्तरीय बनाया जाएगा और इस धर्म स्थल को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा जाएगा।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर विभिन्न कोषांगों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया एवं पब्लिसिटी कोषांग, एमसीएमसी कोषांग, डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम समेत अन्य कोषांगो का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को सुचारू रूप से संचालन के लिए आवश्यक दिषा निर्देश दिया। साथ ही विभिन्न कोषांगों का निरीक्षण कर आवश्यक सामग्रियों के पूर्ति के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं कर्मियों को नियमित रूप से निर्वाचन संबंधी कार्यों को संपादित करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीसी ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात कोषांगों में पदाधिकारियों एवं कर्मियों को नियमित उपस्थिति के लिए निर्देशित किया एवं चुनाव आयोग द्वारा निर्गत दिशा निदेर्शों के अनुरूप कार्य करने की बात कही। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, गोपनीय शाखा के प्रभारी पदाधिकारी संजय प्रसाद, जिला जन संपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## हाइवा की चपेट में आने से किशोर घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** थाना क्षेत्र के डंडई मुख्य बाजार के लवाही मोड़ के समीप गिट्टी से लदा हाइवा ने 12 वर्षीय बच्चे को अपने चपेट में ले लिया। घायल बच्चा डंडई गांव निवासी निरंजन प्रसाद का पुत्र शिवम कुमार है। शिवम के दाहिने हाथ पर हाइवा का अगला चक्का चढ़ गया। उसका पैर पूरी तरह से जख्मी हो गया है। घटना होते ही ग्रामीणों की भीड़ ने हाइवा को रोक दिया और स्थानीय थाना को जानकारी दी। घटनास्थल से पुलिस ने हाइवा को जप्त कर थाना ले गई। जबकि शिवम को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शिवम घर से कॉपी लेने के लिए साइकिल से डंडई बाजार आ रहा था। इसी दौरान देवगाना प्लांट से गिट्टी लदा हाइवा जो डंडई के मुख्य बाजार से गुजर रही थी, इसी क्रम में हाईवे ने साइकिल से आ रहे बच्चे को चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने बताया कि झारखंड पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल गढ़वा के अंतर्गत अग्रवाल ग्लोबल इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा मेराल से अम्बाखोरिया सड़क निर्माण में देवगाना प्लांट से डंडई मुख्य बाजार होकर काफी संख्या में ट्रक, हाइवा आदि वाहनों का पूरे दिन इन दोनों आवागमन लगी रहती है। मुख्य बाजार के दोनों तरफ सड़क का अतिक्रमण हो जाने से सड़क काफी संकीर्ण हो गया है। जिससे कई बार लोग दुर्घटना होने से बाल बाल बचे हैं। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि घायल बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। हाइवा को जप्त कर थाना लाया गया है। आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



घटनास्थल पर उपस्थित पुलिस व अन्य

### आरके उच्च विद्यालय को प्लस टू का दर्जा मिलने पर अभाविप ने जताया हर्ष

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत आरके उच्च विद्यालय गरदाहा को प्लस टू उच्च विद्यालय में उत्क्रमण होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने खुशी व्यक्त की है। कांडी इकाई के नगर मंत्री प्रिंस कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं के हित में इसे सकारात्मक व प्रशंसनीय कार्य बताया है। कहा कि अब यहां के छात्र छात्राएं उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। आस-पास के अन्य क्षेत्रों की लगभग पचास हजार की आबादी के लिए गरदाहा में उच्च शिक्षण संस्थान की स्थापना व संचालन निकट भविष्य में वरदान साबित होगा। इसी डिग्री के लिए इस क्षेत्र के लोगों को शहरों में किराये पर रहने खाने की व्यवस्था करनी पड़ती थी। जिनके पास साधन था सिर्फ वही लड़के पढ़ पाते थे। लड़कियों को असुविधा की वजह से नहीं चाहते हुए भी पढ़ाई छोड़नी पड़ती थी। अब इस सुदूरवर्ती इलाके के लड़के लड़कियां दोनों ही घर से आना जाना करके उच्च शिक्षा हासिल कर सकेंगे।

### भयमुक्त वातावरण में करे मतदान: एसडीओ

**केतार।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मंगलवार को चुनाव का पर्व, देश का गर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीओ प्रभाकर मिघरा, डीएसपी सतेंद्र सिंह, बीडीओ सावित्री कुमारी तथा थाना प्रभारी रोषन कुमार वार्नवाल ने प्रखंड के बूथ संख्या 71, 72, 73 और 81 का निरीक्षण कर लोगों को जागरूक किया। मौके पर एसडीओ ने बूथ पर उपस्थित ग्रामीणों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि ये हम सब की जिम्मेवारी है कि सभी महिला पुरुष बढ़-चढ़ कर, बिना लोभ लालच से परे होकर मतदान करे और अपना अनमोल वोट का सदुपयोग करे। डीएसपी ने कहा कि जो दारू, मुर्गा, साड़ी, पैसा दे उसे कभी वोट ना करे। बिल्कुल भयमुक्त वातावरण में मतदान करें। प्रशासन आपके सहयोग में तैयार है।

### नेपाल सरकार के सख्ती के विरोध में भारत नेपाल मुख्य सीमा पर प्रदर्शन,सड़क जाम कर भंसार का विरोध

**अररिया (हि.स.)।** जोगबनी भारत नेपाल मुख्य सीमा पर नेपाल भाग में नेपाली जनता और कैरिंग एजेंट ने नेपाल सरकार के भंसार कानून और सख्ती के पालन के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया।सड़क जाम कर आवागमन को ठप्प कर दिया गया। दरअसल भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र का बाजार एक दूसरे के देश के ग्राहकों पर निर्भर है।प्रतिदिन सैकड़ों हजारों की संख्या में दोनों देश के नागरिक एक दूसरे देश में जाकर दैनिक उपयोग के साथ जरूरत के समानों की खरीददारी करते आए हैं लेकिन नेपाल में जब से सरकार का गठन हुआ।इसको लेकर सख्त रवैया अपनाया जा रहा है।भारतीय बाजारों से खरीददारी की गई समानों को ले जाने पर भंसार शुल्क (टैक्स) देना पड़ता है।पिछले दिनों कड़ाई से पालन के बाद प्रदर्शन और हंगामा होने पर सख्ती पर ढील दी गई थी लेकिन मंगलवार को नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल नेपाल में सख्त रवैया अपनाने लगी।जिसको लेकर जोगबनी भारत नेपाल सीमा के नेपाल भाग में स्थानीय लोगों और कैरिंग एजेंट ने जमकर प्रदर्शन किया और सड़क जाम कर नेपाल सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।इस दौरान भारत नेपाल सीमा क्षेत्र दोनों ओर से आवाजाही काफी समय के लिए बाधित हो गया।

## पेज एक का शेष

### भाजपा की हो गयीं सीता ...

**सीएम और कल्पना ने हेमंत से भेंट की:** झामुमो विधायक सीता सोरेन के इस्तीफे से पहले सीएम चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी। सूत्रों के अनुसार मंगलवार को करीब साढ़े नौ बजे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में जा कर दोने ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से भेंट की। साथ ही वर्तमान हालात पर चर्चा की। करीब आधे घंटे बाद सीएम और कल्पना वहां से निकले।

**झारखंड में भाजपी की ताकत बढ़ेगी:** सीता सोरेन के भाजपा ज्वाइन करने के बाद विनोद तावड़े ने कहा कि झारखंड की एक और नेता बहन सीता सोरेन भाजपा में शामिल हो गयी है। उन्होंने कहा कि इससे निश्चित तौर पर झारखंड में पार्टी की ताकत बढ़ेगी। इसका लोकसभा चुनाव 2024 में इसके असर भी दिखेगा। विनोद तावड़े ने कहा कि हम झारखंड में शक्तिशाली हो रहे हैं। वे आदिवासियों के उत्थान के लिए अपनी पूरी शक्ति लगायेंगे। वहीं झारखंड भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि झामुमो में रहते हुए सीता सोरेन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष किया है। उन्होंने इसकी आवाज दिल्ली तक उठायी है। वे संघर्ष की पर्याय हैं।

### झारखंड में बड़ी मात्रा में तैयार होता हर्बल रंग और गुलाल...

**पलामू के कई इलाकों में बन रहे रंग-अबीर:** झारखंड के पलामू समेत कई इलाकों में पलाश के पौधे बड़ी तायदात में पाये जाते हैं। इसके कारण इन इलाकों में हर्बल रंग और गुलाल बनाने की तैयारी होली के काफी पहले से ही हो जाती है। खास कर पलामू इलाके में महिलाओं की एक टीम हर्बल रंग और अबीर तैयार करने में जुटी हुई हैं। झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशनल सोसाइटी के माध्यम से महिलाओं को सामग्री उपलब्ध करवायी गयी है। इसके बाद महिलाओं की टीम ने हर्बल रंग का उत्पादन शुरू कर दिया है। पलामू के लेस्लीगंज के कुंदरी में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई महिलाएं हर्बल रंग बना रही हैं। अब तक महिलाएं डेढ़ क्विंटल हर्बल रंग और अबीर-गुलाल तैयार कर चुकी हैं। अगले दो से तीन दिनों में तीन क्विंटल तक हर्बल उत्पाद करने का लक्ष्य है। हर्बल रंग-अबीर और गुलाल को रांची, गढ़वा समेत कई इलाकों में भेजा जाना है।

**महिलाएं उत्साहित, बढ़ाना चाहती हैं कारोबार:** पलामू के कुंदरी के इलाके में एशिया का सबसे पलाश बगान है। पलाश के बागान से निकले हुए फूल से हर्बल रंग-अबीर और गुलाल को तैयार किया जा रहा है। पलामू की लेस्लीगंज की रहने वाली बिंदिया देवी और नागवंती देवी ने बताया कि हर्बल रंगों से किसी को कोई नुकसान नहीं होता है। इसके साइड इफेक्ट नहीं हैं। वे बताती हैं कि इस बार बाजार अच्छा रहा तो अगली बार बड़े पैमाने पर इसका उत्पादन किया जायेगा। वहीं, मनोरमा देवी ने बताया कि सभी दीदियां मिलकर इसे तैयार कर रही हैं।

हर्बल रंग अबीर गुलाल को तैयार करने से पहले महिलाओं को ट्रेनिंग दी गयी थी। ट्रेनिंग के बाद महिलाओं को कच्ची सामग्री उपलब्ध करायी गयी। इसके बाद उत्पादन शुरू हुआ। उत्पादन के दौरान कई सावधानी बरती जा रही है। जेएसएलपीएस के सुनील कुमार ने बताया कि हर्बल रंग अबीर गुलाल को पलाश मार्ट के माध्यम से बाजार उपलब्ध करवाया जा रहा है। कई जगहों से एडवांस में ही ऑर्डर मिल चुके हैं।

### झामुमो छोड़नेवालों को संथाल ने हमेशा नकारा है

हालांकि इस बार उनके सामने उनके ही पुराने साथी हेमलाल मुर्मू भाजपा से थे। 2019 के चुनाव में स्वास्थ्य कारणों से उनकी जगह झामुमो की टिकट पर उनके बेटा दिनेश विलियम मरांडी ने चुनाव लड़ा और अभी विधायक हैं।

**हेमलाल मुर्मू भी कभी शिबू सोरेन के करीबी थे:** हेमलाल मुर्मू भी कभी शिबू सोरेन के काफी करीबी हुआ करते थे। हेमन्त सोरेन उन्हें चाचा कहते हैं, लेकिन बरहेट से जब हेमन्त सोरेन ने चुनाव लड़ने का एलान कर दिया तो हेमलाल नाराज हो गये। वे चौदहवीं लोकसभा में पार्टी के राजमहल से सांसद के साथ ही हेमन्त सरकार में मंत्री भी रहे। लेकिन टिकट के खटपट में उन्होंने पार्टी छोड़ भाजपा ज्वाइन कर लिया। उन्हें भाजपा ने राजमहल लोकसभा और बरहेट, लिट्टीपाड़ा से पांच बार आजमाया, लेकिन हर बार उसे झामुमो से हार का सामना करना पड़ा। लगभग एक दशक बाद फिर 2023 में झामुमो में लौटे। वे झामुमो से 4 बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके हैं।

**डिप्टी सीएम रह चुके हैं स्टीफेन मरांडी:** झामुमो के कद्दावर नेता रहै हैं स्टीफेन मरांडी। उपमुख्यमंत्री और मंत्री रह चुके हैं। टिकट को लेकर हेमन्त सोरेन खटपट हुई और वह 2005 निर्दलीय चुनाव लड़े और जीते। फिर वे कांग्रेस और बाबूलाल मरांडी वाली झारखंड विकास मोर्चा में भी रहे, लेकिन 2014 में वे फिर झामुमो में शामिल हुए और महेशपुर से जीत दर्ज कर विधायक बने। इस तरह से अब तक झामुमो के जिस किसी विधायक और सांसद ने भी संथाल में भाजपा का दामन थामा है। उसे जीत नसीब नहीं हुई है। अब खुद गुरूजी की बहू सीता सोरेन ने भाजपा का दामन थामा है और जीत का दावा कर रही हैं। देखना होगा कि उनके दावे में कितना दम है।

## भंडारा का हुआ आयोजन



**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था गढ़वा के तत्वावधान मे शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप साप्ताहिक भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रसाद स्वरूप पूड़ी, सब्जी व बुन्दिया का वितरण किया गया। मौके पर कंचन साहू, सोशल वर्कर संस्था के संचालक आकाश केशरी, शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, उमंग सोनी, संजय केशरी, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

## केतार में शू स्टोर में लगी आग

**केतार।** प्रखंड के केतार बाजार स्थित ओम शू स्टोर में सोमवार की रात दुकान में आग लग गई। जैसे ही आग लगने की सूचना लोगों को मिली भीड़ उमड़ पड़ी और जैसे तैसे आग पर काबू पाया गया है। राहगीरों ने दुकान से धुआं निकलते देख दुकान के मालिक ओमकार कमलापुरी को इसकी सूचना दी। दुकानदार ने दुकान खोला तो आग की लपटे तेज हो गई थी। तभी आसपास के लोगों के द्वारा पानी लाकर आग पर काबू पाया। दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

# मतदान केंद्रों पर एएमएफ सुनिश्चित कराने को लेकर डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में मतदान केंद्रों पर एएमएफ यानी जरूरी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने को लेकर सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित पदाधिकारी के साथ बैठक की। डीसी ने मतदान केंद्रों पर संबंधित पदाधिकारी को अपने स्तर से दोबारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण समेत अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने की बात कही। इस दौरान झारखंड शिक्षा परियोजना के कनीय अभियंता ने बताया कि अधिकांश मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण रैंप समेत अन्य व्यवस्था कर ली गई है। कार्यपालक अभियंता विद्युत ने बताया कि कुछ मतदान केंद्रों पर सर्विस वायर लगाना शेष है, जिसपर डीसी ने अगले एक सप्ताह के अंदर शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर सर्विस वायर लगाना सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में डीसी ने मतदान केंद्रों पर पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था की जानकारी कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से ली। डीसी ने एक सप्ताह के अंदर शौचालय मरम्मती कार्य पूर्ण कराने एवं शत प्रतिशत मतदान केंद्रों पर शौचालय एवं पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार दास समेत कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, झारखंड शिक्षा परियोजना के कनीय अभियंता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



बैठक करते डीसी व अन्य

स्पीड न्यूज

## हॉलमार्क के प्रबंध निदेशक और उनकी पत्नी को उम्रकैद

**ढाका।** बांग्लादेश में मंगलवार को भ्रष्टाचार पर अहम कानूनी फैसला आया है। ढाका की एक अदालत ने सोनाली बैंक के लगभग 4,000 करोड़ रुपये के ऋण भ्रष्टाचार से संबंधित 11 मामलों में से एक में हॉलमार्क के प्रबंध निदेशक तनवीर महमूद और उनकी पत्नी जैस्मीन इस्लाम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। ढाका के विशेष न्यायाधीश कोर्ट-1 के जज मोहम्मद अबुल काशेम ने फैसले की घोषणा की। इन मामलों में जेल में बंद आरोपितों में तनवीर और उनकी पत्नी के अलावा हॉलमार्क के महाप्रबंधक तुषार अहमद, सोनाली बैंक के प्रधान कार्यालय के पूर्व जीएम मीर मोहिदुर रहमान, उप महाप्रबंधक मोहम्मद सफीउद्दीन अहमद, उप प्रबंध निदेशक मैनुल हक, एजीएम मोहम्मद कमरुल हुसैन खान और नक्शी निट के मोहम्मद अब्दुल मालेक शामिल हैं।

## गढ़चिरौली में मुठभेड़ चार नक्सली मारे गये

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर कोलामरका जंगल में मंगलवार तड़के तेलंगाना से गढ़चिरौली में घुसे नक्सलियों और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। इनमें नक्सलवादी क्षेत्रीय समिति के सदस्य वर्गेश, मंगी इंद्रवेली क्षेत्र समिति के सचिव कुंमराम भीम, सिरपुर चेन्नूर क्षेत्र समिति के सदस्य राजू कुरसांग और कुट्टीमेट्टा व्यंकटेश शामिल हैं।

## बिहार के दो शूटर नेपाल में गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने बिहार के दो कुख्यात शूटरों को मंगलवार सुबह गिरफ्तार किया है। यह दोनों कुछ समय से सीमवर्ती सलाहीं के बरहथवा में किराये के मकान पर रह रहे थे। बिहार पुलिस को इनकी लंबे समय से तलाश थी। सलाहीं के डीएसपी दीपेन्द्र पंजियार ने बताया कि सीतामढ़ी के सन्नी कुमार सिंह (28) और मोतिहारी के जीतेन्द्र राउत (24) को गिरफ्तार कर लिया।

## पाक में शक्तिशाली से हिली धरती, तीव्रता 5.6

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मंगलवार को शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने कहा कि रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.6 रही। जीएफजेड के अनुसार, मंगलवार को 0035 ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.6 मापी गई। भूकंप का केंद्र 29.84 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 65.37 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10.0 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था।

## अमेरिका के बोस्टन में भारतीय छात्र की मौत

**न्यूयार्क।** अमेरिका के बोस्टन में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई। इस वर्ष अब तक अमेरिका में कम से कम छह भारतीय छात्रों की मौत हो चुकी है। अमेरिका में हमलों की संख्या में बढ़ोतरी से वहां पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के माता-पिता चिंतित हैं। न्यूयार्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि बोस्टन में भारतीय छात्र अभिजीत पारूचुरू के निधन की खबर जानकर गहरा दुख हुआ। दूतावास ने बताया कि पारूचुरू के परिजन अमेरिका के कनेक्टिकट प्रांत में रहते हैं और जांच अधिकारियों से सीधे संपर्क में हैं। शुरूआती जांच में साजिश से इनकार किया गया है।

## दीपक कुमार बने यूपी के प्रमुख सचिव गृह

**लखनऊ।** सरकार ने मंगलवार को आईएएस दीपक कुमार को प्रमुख सचिव (गृह) की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रमुख सचिव (गृह) रहे संजय प्रसाद प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, सूचना और प्रोटोकाल के पदों पर बने रहेंगे। आयोग ने सोमवार को यूपी, उत्तराखंड, बिहार, गुजरात, झारखंड और हिमांचल प्रदेश के गृह सचिवों को हटाने के निर्देश दिए थे।

# तमिलनाडु में 10 सीटों पर लड़ेगी पीएमके

एजेंसी

लोकसभा चुनाव

**भाजपा और पट्टाली मक्कल काची के बीच हुआ समझौता**

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी और तमिलनाडु की पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के बीच मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए राज्य स्तर पर सीटों के बंटवारे पर समझौता हो गया। डॉ. एस रामदॉस के नेतृत्व वाली पीएमके राज्य की 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई और पीएमके संस्थापक रामदॉस ने यहां थाइलापुरम स्थित आवास पर समझौते पर हस्ताक्षर किए। पीएमके वन्नियार समुदाय को अपील करने वाली पार्टी है। इसका उत्तर तमिलनाडु के जिलों में खासा प्रभाव है। सीट बंटवारे के समझौते के बाद पत्रकारों से बातचीत में के अन्नामलाई ने कहा कि पीएमके के भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होने से राज्य का राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है। अब दोनों नेता डॉ. एस रामदॉस और अंबुमणि रामदॉस सेलम में प्रधानमंत्री की सार्वजनिक सभा में हिस्सा लिया। वहीं, पीएमके अध्यक्ष अंबुमणि रामदॉस ने कहा कि आज पार्टी ने तमिलनाडु में एनडीए में शामिल होने का फैसला



किया है। पिछले 57-58 वर्षों में राज्य पर शासन करने वाली पार्टियों ने तमिलनाडु को बर्बाद कर दिया है। लोग बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निश्चित रूप से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। पीएमके को तमिलनाडु में 10 सीटें मिली हैं और उन्हें विश्वास है कि तमिलनाडु के साथ-साथ पूरे देश में एनडीए को बड़ी जीत मिलेगी।




## पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली।** अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू मंगलवार को भाजपा में शामिल हुए। पार्टी मुख्यालय में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी महासचिव तरुण चुघ और विनोद तावड़े मौजूद रहे। भाजपा में शामिल होने के बाद तरनजीत सिंह ने पत्रकारों से कहा कि पिछले 10 सालों में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काम किया। खासकर अमेरिका और श्रीलंका के साथ राजनयिक संबंधों के मामले में करीब से काम किया। प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व विकास पर केंद्रित हैं। यह विकास अमृतसर तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने पार्टी में शामिल कराने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें देश की सेवा के नए रास्ते पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# घोषणा पत्र जारी करने के लिए खड़गे अधिकृत

## कांग्रेस के सीडब्ल्यूसी बैठक में 5 गारंटियों पर जोर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्य समिति इस मामले को लेकर गठित पार्टी की समिति द्वारा तैयार घोषणा पत्र को मंजूरी दे दी है और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इसे जल्द जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को बैठक के बाद पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कार्य समिति ने करीब साढे तीन घंटे तक इस विषय पर गहन विचार विमर्श किया और सबकी राय सुमारी के बाद श्री खडगे को इसे जल्द से जल्द जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है।

उन्होंने बताया कि श्री खड़गे की अध्यक्षता में हुई कार्य समिति की बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा अन्य नेता



मौजूद थे। उन्होंने बताया कि कार्य समिति ने घोषणापत्र को अंतिम मंजूरी देने के लिए श्री खड़गे को अधिकृत किया है। इसकी रिलीज की तारीख पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लिए गए निर्णय को आगे बढ़ाते हुए हमने पांच गारंटियों की जो घोषणा की है सीडब्ल्यूसी ने इन सभी गारंटियों के संदेश को जमीनी स्तर तक प्रसारित करने की योजना तैयार की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कार्य समिति की जो बैठक हुई वह सिर्फ घोषणा पत्र के लिए नहीं बल्कि हमारे न्याय पत्र के लिए है। भाजपा के पिछले 10 साल के अन्याय काल से देश को मुक्ति दिलाने के लिए कांग्रेस तैयार है। उन्होंने कहा कि खड़गे व राहुल ने बीते दिनों में पांच न्याय को लेकर 25 गारंटियों की घोषणा की है।

### घोषणा पत्र हर वर्ग के जीवन को बदलाव की गारंटी : राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने म्कहा कि पार्टी का घोषणा पत्र महज दस्तावेज या गारंटी नहीं बल्कि इसमें जिन मुद्दों को शामिल किया गया है वे समाज के हर वर्ग के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने की गारंटी हैं। श्री गांधी ने घोषणा पत्र में सभी वर्गों के हितों को सधा गया है और इसके क्रियान्वयन से हर वर्ग के जीवन में बदलाव सुनिश्चित हो सकेगा।

## संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा की हो रही कोशिश : टीएमसी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से इस्तेमाल हो रहे 'मोदी की गारंटी' वाक्य को लेकर निशाना साधा। भाजपा पर हमला बोलते हुए टीएमसी ने मंगलवार को सवाल उठाया कि क्या मोदी की गारंटी वाले नारे का मतलब भाजपा का संवैधानिक संस्थानों पर कब्जा जमाना है। देश की राजधानी दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में तृणमूल की सागरिका घोष और बाबुल सुप्रियो ने अधिकारियों को हटाने के निर्वाचन आयोग के आदेश पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी दलों को समान अवसर मिले।

बाबुल सुप्रियो ने कहा कि जिस तरह से चुनाव हो रहे हैं, पुलिस महानिदेशक का तबादला किया गया, ये क्या दर्शाता है ? देखा गया है कि जब मतदान लंबे समय तक चलता है तो लोगों की दिलचस्पी कम हो जाती है और बाद के चरणों में कम मतदान होता है। अगर आप चुनाव कार्यक्रम पर गौर करेंगे तो पाएंगे यह कार्यक्रम भी इसी आधार पर तय किया गया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को सभी दलों को समान अवसर देना चाहिए। सागरिका घोष ने कहा कि मोदी की गारंटी पूरी तरह खोखली है और इसमें कुछ भी वास्तविक नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी प्रधानमंत्री नहीं, चुनाव मंत्री हैं। वह चुनाव के समय वादे तो करते हैं,लेकिन उन्हें पूरा कभी नहीं करते। मोदी की गारंटी क्या है ? बंगाल में जिस तरह से अधिकारी बदले जा रहे हैं, संस्थाओं पर कब्जा जमाया जा रहा है, क्या यह मोदी की गारंटी है ?

# अमित शाह से मिले राज ठाकरे एनडीए में शामिल होगी मनसे

एजेंसी


**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस मुलाकात के साथ अटकलें लगाई जाने लगी कि भाजपा के अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में राज ठाकरे की पार्टी भी शामिल होगी।यह मुलाकात इस बात का संकेत है कि भाजपा महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन को मजबूत करने के लिए राज ठाकरे के साथ गठबंधन की इच्छुक है। राज ठाकरे की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राकांपा (शरदचंद्र पवार) के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने दावा किया कि मनसे नेता ठाकरे केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं और वह अपनी पार्टी को बचाने की कोशिश करते रहे हैं। ठाकरे की मनसे लड़खड़ा रही है और बैठक उन्हें बचा सकती है तथा उनकी पार्टी की रक्षा कर सकती है। क्रैस्टो ने कहा कि यह आश्चर्यजनक नहीं है कि उन्होंने (ठाकरे) केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की क्योंकि भाजपा के साथ उनकी निकटता के पर्याप्त संकेत थे। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि अगर राज ठाकरे की अगुवाई वाली मनसे महायुति में शामिल हो जाती है तो इससे सत्तारूढ़ गठबंधन और मजबूत होगा और राज्य विधानसभा एवं स्थानीय निकाय चुनावों में उसकी संभावनाएं बढ़ जाएंगी। भुजबल ने कहा कि जिस तरह से



विपक्षी इंडिया गठबंधन में नये दल शामिल हो रहे हैं, उसी तरह महायुति में नये दलों के शामिल होने का सिलसिला जारी रहेगा। राकांपा नेता ने तेलुगु देशम पार्टी के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने का उदाहरण भी दिया। ठाकरे सोमवार को दिल्ली पहुंचे थे और आज उनकी अमित शाह से मुलाकात हुई। जब वह शाह से मिले तब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे भी मौजूद थे। अगर गठबंधन हो जाता है तो मनसे को मुंबई में एक सीट दी जा सकती है जहां उनके चचेरे भाई उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले शिवसेना के गुट का कुछ प्रभाव है। जब शिवसेना एकजुट थी तब राज ठाकरे ने इससे नाता तोड़ लिया था। बाद में शिवसेना की अगुवाई उद्धव ठाकरे ने की। राज ठाकरे के अच्छा वक्ता होने के बावजूद उनकी मनसे खासा प्रभाव नहीं डाल सकी।

# 29 को रिलीज होगी रवि किशन की फिल्म महादेव का गोरखपुर

**मुंबई।** भोजपुरी, हिंदी , तमिल , तेलुगु और कन्नड़ भाषा में बनी भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार रवि किशन की मल्टीलैंग्वेज फिल्म महादेव का गोरखपुर हिंदुस्तान के साथ-साथ अमेरिका में भी 29 मार्च को रिलीज होगी। रवि किशन अभिनीत फिल्म महादेव का गोरखपुर 29 मार्च से एक-साथ देश-विदेश में प्रदर्शन के लिये तैयार है। फिलहाल इस फिल्म को बिहार में 72 , उत्तरप्रदेश में 52, पश्चिम बंगाल और आसाम के 23 थियेटर में सिनेपोलिस द्वारा रिलीज किया जा रहा है।आगामी लोकसभा चुनावों में महादेव भक्त रवि किशन इसबार पुनः गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। रवि किशन ने बताया कि गोरखपुर वास्तव में शिव जी की ही नगरी है और फिल्म महादेव का गोरखपुर में महादेव प्रभु की जिस तरह से भक्ति स्तुति की गई है ,वहअवर्णनीय है । फिल्म की पूरी शूटिंग गोरखपुर और



आसपास के लोकेशन पर ही की गई है, जिसमें महादेव की गोरखपुर के प्रति आस्था भी बखूबी दिखाई गई है । महादेव का गोरखपुर एक बेहद ही शानदार फिल्म बनी है और इसमें दर्शकों को भरपूर आनंद भी मिलेगा। रवि किशन के होम प्रोडक्शन रवि किशन प्रोडक्शन्स और वाया फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म महादेव का गोरखपुर के लेखक साई नारायण हैं,फिल्म का निर्देशन दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर निर्देशक राजेश मोहनन ने किया है।

## राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान को चुनावी मुद्दा बनाएगी भाजपा

**नयी दिल्ली ।** भाजपा ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि वह इसे चुनाव में एक जबरदस्त मुद्दा बनाएगी और कांग्रेस को जवाब देना होगा कि वह बार बार हिन्दू आस्था, चिंतन एवं संस्कृति का अपमान क्यों करती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में श्री गांधी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हिन्दू आस्था, चिंतन, संस्कार, संस्कृति का अपमान करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब महात्मा गांधी की प्रेरणा से चलने वाली पार्टी नहीं रही है। श्री राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस अब माओवादी, विभाजनकारी, और अलगाववादी विचार लेकर चलती है। श्री प्रसाद ने कहा कि राहुल ऐसे तत्वों के प्रभाव में हैं। उन्होंने कहा है -हिन्दू धर्म में शक्ति का शब्द है।

# फर्जी मुठभेड़ मामले में पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को उम्रकैद

**▶▶ 11 नवंबर 2006 को अंधेरी के वर्सोवा में शर्मा ने लखन भैया का किया था एनकाउंटर**

एजेंसी

**मुंबई।** बाम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को मुंबई में बहुचर्चित लखन भैया एनकाउंटर मामले में निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को उम्रकैद की सजा सुनाई है। हाई कोर्ट ने प्रदीप शर्मा को तीन सप्ताह के अंदर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने का भी आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार 11 नवंबर 2006 को अंधेरी के वर्सोवा में हुए रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया एनकाउंटर की एसआईटी जांच में खुलासा हुआ था कि एनकाउंटर फर्जी था। इस मामले में मुंबई पुलिस और पुलिस के 13 अधिकारियों को गिरफ्तार किया



गया था। इसमें प्रदीप शर्मा भी शामिल थे। 2008 में उन्हें निलंबित भी कर दिया गया था लेकिन कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया था। रामनारायण के वकील भाई एडवोकेट राम प्रसाद गुप्ता की लगातार पैरवी के बाद बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश पर एसआईटी ने मामला दर्ज किया था। इस मामले की सुनवाई के बाद 2013 में सेशन कोर्ट ने 11 पुलिसकर्मियों समेत 21 लोगों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी लेकिन प्रदीप शर्मा को बरी कर दिया गया। इसके बाद रामप्रसाद गुप्ता और राज्य सरकार ने निचले कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले की सुनवाई जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस गौरी गोडसे की पीठ के समक्ष 8 नवंबर, 2023 को पूरी हो गई और पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट की पीठ ने आज इस मामले में फैसला सुनाया है।

## बंगाल के 6 लोस क्षेत्र संवेदनशील

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने राज्य के छह लोकसभा क्षेत्रों को आर्थिक रूप से संवेदनशील घोषित किया है। आयोग ने केंद्र और राज्यों की 22 जांच एजेंसियों को उन इलाकों पर निगरानी रखने को कहा है। आयोग की वित्तीय रूप से संवेदनशील केंद्रों की सूची में दार्जिलिंग, मालदा उत्तर और दक्षिण, आसनसोल, बनगांव और कोलकाता उत्तर शामिल हैं। आयोग सूत्रों के मुताबिक पिछले चुनाव में उन केंद्रों से भारी मात्रा में रुपये और शराब की बरामदगी हुई थी। इसी वजह से उन इलाकों को आर्थिक दृष्टि से संवेदनशील घोषित किया गया है। ऐसे केंद्रों पर अतिरिक्त ध्यान देने की बात कही गयी है। 22 जांच एजेंसियों के लिए 22 पर्यवेक्षक नियुक्त हैं। यह एजेंसी पर्यवेक्षकों को रिपोर्ट करती है जहां से आयोग पर्यवेक्षकों से प्रतिदिन रिपोर्ट लेता है। आयोग ने बताया कि इन सभी लोकसभा क्षेत्रों में विशेष तौर पर सतर्कता बरती जा रही है ताकि चुनाव में धन बल के इस्तेमाल को रोका जा सके।

# गौना कराने ससुराल पहुंचे काशीपुराधिपति का रंगभरी टंडई से स्वागत

एजेंसी

**▶▶ मथुरा के जेल में कैदियों द्वारा तैयार की गई खास हर्बल अबीर भी काशी पहुंची**

**▶▶ आज शिव परिवार की निकलेगी रजत डोली,भक्त खेलेंगे अबीर की होली**

**वाराणसी।**वाराणसी। रंगभरी एकादशी की पूर्व संध्या पर मंगलवार को गौरा की बारात लेकर टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास (गौरा सदनिका) प्रतीक रूप से पहुंचे काशीपुराधिपति और बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। महंत आवास पर बारातियों का स्वागत रंगभरी ठंडई पिला कर किया गया। दूल्हा बने बाबा विश्वनाथ पर ठंडई और गुलाबजल की फुहार उड़ाई गई। इसके बाद फल, मेवा और बाबा के लिए खासतौर पर तैयार की गई रंगभरी ठंडई का भोग लगाया गया। बारात के साथ ही अयोध्या के पारंपरिक रामायणी परिवार के प्रतिनिधि पं. अनिल तिवारी ने रंगभरी एकादशी की तिथि पर शिव और गौरा की पालकी पर उड़ाने के लिए अबीर भेंट की। साथ ही मथुरा के जेल में कैदियों द्वारा तैयार की गई खास हर्बल अबीर भी काशी पहुंची। आवास पर बाबा विश्वनाथ के आगमन पर अनुष्ठान का विधान पं.सुनील त्रिपाठी के अचार्यत्व में किया गया। बाबा की ससुराल (गौरा सदनिका) में स्वागत श्री संकठा मंदिर के मंहत पं.अतुल शर्मा व रजनी शर्मा ने किया। वैदिक बटुकों ने मंत्रोचार के साथ बाबा का अभिषेक करने के बाद वैदिक सूक्तों का घनपाठ किया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ कुलपति तिवारी के सानिध्य में संजीवरत्न मिश्र ने अनुष्ठान किया।

बाबा विश्वनाथ एवं माता पार्वती



की गोद में प्रथम पूज्य गणेश की प्रतिमा को एक साथ सिंहासन पर विराजमान कराया गया। पूजन-आरती कर भोग लगाया गया। पहले डमरुओं की गर्जना हुई फिर महिलाओं और नगर के कलाकारों ने मंगल कामनाओं से परिपूर्ण पारंपरिक गीत, लोकनृत्य, संगीत से ससुराल पहुचे काशी पुराधिपति का स्वागत हुआ। रंगभरी एकादशी पर 20 मार्च को बाबा के पूजन का क्रम ब्रह्म मुहूर्त में मंहत आवास पर आरंभ होगा। बाबा के साथ माता गौरा की चल प्रतिमा का पंचगव्य तथा पंचामृत स्नान के बाद दुग्धाभिषेक किया जाएगा। दुग्धाभिषेक पं. वाचस्पति तिवारी और संजीवरत्न मिश्र करेंगे। सुबह पांच से साढ़े आठ बजे तक 11 वैदिक ब्रह्मणों द्वारा षोडशोपचार पूजन , फलाहार का भोग लगाकर महाआरती की जाएगी। दस बजे चल प्रतिमाओं का राजसी श्रृंगार एवं पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे भोग आरती के बाद के बाबा का दर्शन आम श्रद्धालुओं के खोला जाएगा। जन सामान्य के लिए दर्शन सायं साढ़े चार बजे तक खुला रहेगा। डमरूदल के सदस्यों के लिए दोपहर दो से तीन बजे तक समय निर्धारित किया गया है। बाबा की पालकी शोभायात्रा टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास से विश्वनाथ मंदिर तक निकाली जाएगी। इससे पूर्व प्रातः साढ़े दस बजे से शिवांजलि के अन्तर्गत संक्षिप्त संगीत समारोह का परंपरागत आयोजन होगा। एएम. हर्ष के संयोजन में होने वाले शिवांजलि संगीत समारोह की शुरूआत महेंद्र प्रसन्ना शहनाई की मंगलध्वनि से करेंगे।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !